माघ कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

हल्द्वानी
गुरुवार, 8 फरवरी 2024
वर्ष 3, अंक 356, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

www.amritvichar.com

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

कुछ सालों में वैश्विक तापमान में 2° बढ़ोतरी के आसार 16

सुजय बोले- श्रीमद रामायण में काम करना अद्भुत 15

जजों की सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाना अव्यावहारिक

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने संसद की स्थायी समिति से कहा

सरकार ने संसद की एक समिति से कहा है कि सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के जजों की सेवानिवृत्ति की आयु उनके कामकाज के आधार पर बढ़ाना व्यावहारिक नहीं हो सकता तथा इससे संसद के अधिकारों में और कटौती होगी।

विधि एवं कार्मिक मामलों से संबंधित संसद की स्थायी समिति ने पिछले साल अगस्त में न्यायिक प्रक्रियाएं और उनके सुधार विषय पर अपनी रिपोर्ट में सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के जजों का कार्यकाल मौजूदा सेवानिवृत्ति आयु से बढ़ाने के लिए कामकाज के आधार पर मूल्यांकन की सिफारिश की थी। प्रावधानों के अनुसार, इस समय सुप्रीम कोर्ट के जज 65 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त होते हैं, वहीं हाईकोर्ट के जज 62 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त होते हैं। भाजपा के राज्यसभा सदस्य सुशील मोदी की अध्यक्षता वाली समिति ने कहा कि जजों की सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाते समय उनकी स्वास्थ्य स्थिति, फैसलों की गुणवत्ता, दिए गए फैसलों की संख्या के आधार पर उनके कामकाज का पुनः आकलन किया जा सकता है।

पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत के 14 ठिकानों पर छापेमारी

ब्यूरो, देहरादून

पाखरो रेंज घोटाले से जुड़े मामले में ईडी की कार्रवाई

अमृत विचार: उत्तराखंड में बुधवार का दिन सियासी हलचल से भरा रहा। जहां एक ओर विधानसभा में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर बहस चल रही थी, वहीं प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम कांग्रेस नेता व पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत के अलावा दो आईएफएस अधिकारियों व एक भाजपा नेता के घर छापे मार रही थी। ईडी की टीम ने पूर्व मंत्री के उत्तराखंड से लेकर दिल्ली व पंचकूला तक 14 ठिकानों पर छापा मारा है।

बताया जा रहा है कि ईडी टीम ने रावत के ठिकानों पर यह छापेमारी

पाखरो रेंज घोटाले से संबंधित मामले में की है। देहरादून में ईडी कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत के डिफेंस कॉलोनी स्थित घर पहुंची। वहां ईडी की टीम ने उनके घरवालों से पूछताछ कर उनसे आलमारी का ताला खोलने को कहा। घरवालों ने आलमारी की चाबी खो जाने की बात कही तो चाभी बनाने वाला बुलाया गया। अलमारी की चाभी बनाकर लॉक खोला गया तो पूरी अलमारी दस्तावेजों से भरी हुई थी।

ईडी ने कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत के श्रीनगर स्थित आवासीय भवन पर भी छापा मारा। ईडी की टीम घर में मौजूद हरक की मां व अन्य लोगों से पूछताछ की और वहां रखे दस्तावेजों की जांच-पड़ताल की।

हरक सिंह रावत के बिधौली स्थित हॉस्टल, श्रीनगर स्थित होटल, गुहाड़ गांव स्थित पैतृक घर, सहसपुर में आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में भी ईडी की टीम गई है। इसके अलावा रावत के दिल्ली व पंचकूला स्थित आवासों पर भी छापेमारी कर दस्तावेजों को कब्जे में लिया गया है।

वहीं कांग्रेस नेता प्रीतम सिंह और नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्या हरक सिंह रावत के घर के बाहर पहुंचे। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास धुलाई मशीन है। जो भाजपा में रहता है, उसके सात खून माफ हैं।

आईएफएस अधिकारियों के घरों पर भी छापे

देहरादून। आईएफएस अधिकारी सुशांत पटनायक व पूर्व आईएफएस किशन चंद के घर भी ईडी ने छापा मारा। इस दौरान यहां कैनाल रोड स्थित सुशांत पटनायक के घर से भारी मात्रा में कैश मिला। कैश गिनने के लिए ईडी ने दो काउंटिंग मशीन मंगवाई हैं। सुशांत पटनायक के अलावा हरिद्वार में पूर्व आईएफएस अधिकारी किशन चंद के आवास पर ईडी की टीम ने छापा मारा। हरक सिंह रावत के वन मंत्री रहते किशन चंद डीएफओ के पद पर कार्यरत थे। ईडी ने काशीपुर में भाजपा के जिला मंत्री अमित सिंह के घर पर भी छापा मारा। अमित सिंह हरक सिंह रावत के काफी करीबी रहे हैं।

विपक्ष को दबाने की कार्रवाई: माहरा

देहरादून। ईडी की छापेमारी का कांग्रेस ने तीखा विरोध किया। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा ने कहा कि विपक्ष के मजबूत नेता के घर चुनाव से पूर्व सीबीआई, ईडी की रेड का नियम बन गया है। विपक्ष को दबाने के लिए यह किया जा रहा है।

एक नजर

प्रधानमंत्री मोदी से मिले नीतीश, बोले अब इधर-उधर नहीं होंगे

नई दिल्ली। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इसके बाद वह भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मिले। मुलाकात के बाद उन्होंने कहा कि वह अब कभी भी किसी और गठबंधन में नहीं जाएंगे। नीतीश कुमार ने मीडिया से कहा, "हम (बीजेपी-जेडीयू) 1995 से साथ में थे। बीच में दो बार जरूर इधर-उधर हो गए थे, लेकिन अब कभी नहीं। फिर वहीं रहेंगे। अब इधर-उधर नहीं होंगे।"

सीए फाउंडेशन परीक्षा का परिणाम घोषित

नई दिल्ली। इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने बुधवार को चार्टर्ड अकॉउंटेंसी (फाउंडेशन कोर्स) परीक्षा-2023 का परिणाम घोषित कर दिया है। दिसंबर-जनवरी में यह परीक्षा 562 केंद्रों पर संपन्न हुई थी। इस परीक्षा में 29 .99 प्रतिशत परीक्षार्थी ही पास हुए हैं। पुरुष वर्ग में जहां 30 .19 प्रतिशत (21728) अभ्यर्थियों ने पास किया वहीं महिला वर्ग में 29 .77 प्रतिशत (19404) अभ्यर्थी ही यह परीक्षा पास कर पाई हैं।

माओवादी नेताओं के खिलाफ एनआईए की चार्जशीट

नई दिल्ली। एनआईए ने बिहार के मगध क्षेत्र में भाकपा (माओवादी) को फिर से मजबूत करने की एक साजिश से संबंधित मामले में प्रतिबंधित संगठन के पोलित ब्यूरो सदस्य समेत दो शीर्ष नेताओं के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। एजेंसी के एक प्रवक्ता ने बताया कि भाकपा (माओवादी) के उत्तर क्षेत्रीय ब्यूरो प्रमुख और पोलित ब्यूरो सदस्य प्रमोद मिश्रा उर्फ 'सोहन दा' उर्फ 'बनवारी जी' और सब-जोनल कमेटी सदस्य अनिल यादव उर्फ 'अंकुश' उर्फ 'लवकुश' के खिलाफ एक विशेष अदालत में आरोपपत्र दायर किया गया।

यूसीसी विधेयक विधानसभा में पास

समान नागरिक संहिता को लागू करने वाला देश का पहला राज्य बना उत्तराखंड

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : विधानसभा में बुधवार को कई घंटे चली चर्चा के बाद बहुप्रतीक्षित समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। विधेयक पारित होते ही सदन जय श्रीराम, वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को विधानसभा के पटल पर समान नागरिक संहिता बिल पेश किया था, जिसे दो दिन तक चली चर्चा के बाद पारित कर दिया गया। इस प्रकार उत्तराखंड समान नागरिक संहिता को लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया।

बुधवार को विधेयक पर दिन भर चली चर्चा के बाद सायं 5 बजे मुख्यमंत्री धामी ने अपनी बात रखी। मुख्यमंत्री ने चर्चा पर जवाब देते हुए कहा कि यह विधेयक पूरे देश को राह दिखाएगा। यह ऐतिहासिक पल देवभूमि को मिला और एक इतिहास रचा। इसके लिए जनता बधाई की हकदार है। सभी के सहयोग से समरस व आदर्श समाज का निर्माण किया जाएगा। कई लोगों की जिंदगी में बदलाव आएगा। मुख्यमंत्री धामी ने अपने वक्तव्य में विधेयक के मुख्य बिंदु विस्तार से सदन के सम्मुख रखे। उन्होंने कहा कि संहिता में जरूरी संशोधन भी किए जाएंगे।

विधानसभा के विशेष सत्र को संबोधित करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद संविधान के नीति निर्देशक तत्वों में समान नागरिक संहिता का निर्देश किया गया, लेकिन अंबेडकर के सिद्धांतों पर काम न होकर तुष्टिकरण की नीति अपनाई गई। हमने 2022 में कहा था कि नई सरकार का गठन होते ही समान नागरिक संहिता बनाएंगे। आज हमने उस वादे को पूरा कर दिया है। मुख्यमंत्री के सदन में वक्तव्य के बाद विधेयक को ध्वनि मत से पारित कर दिया गया।

इससे पहले बुधवार की चर्चा में सदन में पक्ष-विपक्ष के कई विधायकों ने इसमें हिस्सा लिया। बुधवार को विस कार्यवाही शुरू होते ही कांग्रेस विधायकों ने समान नागरिक संहिता विधेयक की कमियां गिनाई।

प्रीतम सिंह, तिलकराज बेहड़, भुवन कापड़ी समेत कई विधायकों ने यूसीसी विधेयक को संविधान की कई धाराओं के उल्लंघन बताया और कहा कि विधेयक में कुछ भी नया नहीं है। कांग्रेस ने विधेयक की कमियां गिनाते हुए इसे प्रवर समिति को सौंपने की मांग की।

यूसीसी लाना देवभूमि का सौभाग्य: मुख्यमंत्री धामी

यूसीसी पर चर्चा का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसे ऐतिहासिक करार दिया और कहा कि इस विधेयक पर सार्थक चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि भारत में कई बड़े प्रदेश हैं, लेकिन यह अवसर उत्तराखंड को मिला है, यह देवभूमि का सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि यह कोई साधारण विधेयक नहीं है, बल्कि भारत की एकात्मा का सूत्र है। हमारे संविधान शिल्पियों ने जिस अवधारणा के साथ हमारा संविधान बनाया था, देवभूमि उत्तराखंड से वही अवधारणा धरातल पर उतरने जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकसित भारत का सपना देख रहे हैं। उनके नेतृत्व में देश तीन तलाक और धारा-370 जैसी ऐतिहासिक गलतियों को सुधार रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि अब समस्त सरकारी सुविधाओं का लाभ केवल वही दंपत्ति ले पाएंगे, जिन्होंने विवाह का पंजीकरण करा लिया हो।

ऐसे बनी संहिता

- संहिता तैयार करने के लिए सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया।
- समिति ने लोगों के सुझाव लेने के लिए देश के प्रथम गांव माणा से शुरू कर 43 जनसंवाद कार्यक्रम किए।
- इन जनसंवाद कार्यक्रमों व अन्य माध्यमों से समिति 32 लाख 32 हजार 961 सुझाव मिले।
- समिति ने 2 फरवरी 2024 को सरकार को संहिता का प्रारूप बनाकर मुख्यमंत्री को सौंपा।
- 4 फरवरी को मंत्रिमंडल ने इसे मंजूरी दे दी।
- 6 फरवरी को इसे विधानसभा में विधेयक के रूप में रखा गया और दो दिन की चर्चा के बाद बुधवार को पारित कर दिया गया।
- 202 पृष्ठों की इस संहिता में कुल 392 धाराएं हैं।

कश्मीर में पंजाब के दो श्रमिकों को गोली मारी

श्रीनगर, एजेंसी

घाटी में टारगेट किलिंग

- **एक की मौत, हमलावरों की तलाश में पुलिस ने की इलाके की घेरेबंदी**

आतंकवादियों ने बुधवार को शहर के हब्बा कदल इलाके में पंजाब के एक श्रमिक की गोली मारकर हत्या कर दी, जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि अमृतसर के रहने वाले अमृतपाल सिंह को शाम करीब 7 बजे हब्बा कदल के शल्ला कदल इलाके में आतंकवादियों ने एके राइफल से नजदीक से गोली मार दी। उन्होंने कहा कि सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 25 वर्षीय रोहित नामक एक अन्य गैर-स्थानीय श्रमिक इस घटना में घायल हो गया।

अधिकारियों ने बताया कि रोहित भी अमृतसर निवासी है। उसके पेट में गोलियां लगी थीं और उसका यहां एसएमएचएस अस्पताल में इलाज हो रहा है। कश्मीर जोन पुलिस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'आतंकवादियों ने शहीद गंज, श्रीनगर में अमृतसर निवासी अमृतपाल सिंह नामक एक गैर-स्थानीय व्यक्ति पर गोलीबारी की, जिनकी मौत हो गई। एक और व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है और उसे उपचार के लिए ले जाया गया है। इलाके की घेराबंदी कर दी गई है।'

नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला और उमर अब्दुल्ला ने

गैर-स्थानीय लोगों पर हमले की निंदा की। पार्टी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, 'जेकेएनसी अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला और उमर अब्दुल्ला शल्ला कदल में अमृतपाल सिंह की जान लेने वाली बर्बर घटना से स्तब्ध और निराश हैं। मृतक के परिवार के प्रति उनकी गहरी संवेदना है।' पीडीपी ने कायरतापूर्ण हमले की निंदा की और घायल व्यक्ति के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की।

इस साल कश्मीर में किसी गैर स्थानीय पर आतंकियों द्वारा किया गया यह पहला हमला है। पिछले साल आतंकियों ने अनंतनाग और शोपियां जिलों सहित घाटी में गैर-स्थानीय श्रमिकों पर कई हमले किए थे।

राकांपा के शरद पवार गुट को नाम आवंटित किया

नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने शरद पवार के नेतृत्व वाले समूह के लिए पार्टी का नाम 'राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार' आवंटित किया है। आयोग का यह आदेश अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का नाम और 'घड़ी' चुनाव चिह्न देने के एक दिन बाद आया है।

अजित पवार पिछले साल जुलाई में राकांपा के अधिकतर विधायकों के साथ अलग हो गए थे और उन्होंने महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली भाजपा-शिवसेना सरकार का समर्थन किया था। आयोग ने शरद पवार समूह से तीन नाम सुझाने को कहा था, जिनमें से एक को महाराष्ट्र में आगामी राज्यसभा चुनाव के मद्देनजर आवंटित किया जा सके। तदनुसार, शरद पवार समूह ने आयोग को तीन नाम राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदराव पवार और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरद पवार का सुझाव दिया।

संसद भवन में वास्तुदोष बताने वाले खुशदीप बंसल गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

खुशदीप पर भाई हरिश बंसल के साथ मिलकर 65 करोड़ की ठगी का आरोप

असम पुलिस ने जाने-माने वास्तु शास्त्री खुशदीप बंसल को गिरफ्तार किया है। खुशदीप पर अपने भाई हरिश बंसल के साथ मिलकर 65 करोड़ की ठगी का आरोप है। असम पुलिस के साथ दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की काउंटर इंटेलीजेंस यूनिट (सीआई) ने दोनों को बाराखंभा इलाके के मॉर्डन स्कूल के पास से गिरफ्तार किया।

खुशदीप बंसल ने पुरानी संसद भवन की लाइब्रेरी से वास्तु ठीक करने का दावा किया था। 5 जनवरी को गिरफ्तारी के बाद असम पुलिस आरोपियों को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर असम ले गई। सूत्रों के

अनुसार असम पुलिस ने गिरफ्तारी से पहले दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा से संपर्क किया था और बताया था कि खुशदीप बंसल पर गैर जमानती वारंट है और वह सैनिक फॉर्म में रहता है।

65 करोड़ रुपये के ऑटोनॉमस काउंसिल घोटाले का यह मामला 2022 का है। इसमें खुशदीप बंसल और उनके भाई समेत कुल पांच आरोपी हैं, जिसमें मध्यप्रदेश के एक कांग्रेस नेता का बेटा भी शामिल है। मामले में गुवाहाटी हाईकोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ सर्च वारंट भी जारी किया था। दिल्ली के सबरवाल ट्रेडिंग कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के मालिक कमल सबरवाल ने खुशदीप बंसल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। खुशदीप बंसल ने पुलिस को बताया कि उसने किसी को कमल सबरवाल से मिलवाया था और उसने ठगी की थी। जबकि असम पुलिस का कहना है कि सभी आरोपियों ने मिलकर जालसाजी की है।

कई उद्योगपतियों के रहे हैं सलाहकार

खुशदीप बंसल कई राज्य सरकार की परियोजनाओं में सलाहकार और प्रमुख व्यवसायियों और उद्योगपतियों के रणनीतिक सलाहकार रहे हैं। बंसल ने 1997 में कहा था की संसद भवन में जो लाइब्रेरी है, उसमें वास्तु दोष है, इसलिए सरकारें गिर जाती हैं। इसके बाद उसने संसद की लाइब्रेरी का वास्तु दोष दूर करने का दावा किया था।

कोर्ट ने हेमंत सोरेन की ईडी हिरासत पांच दिन बढ़ाई

रांची। कथित भूमि घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में रांची की एक विशेष पीएमएलए अदालत ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) हिरासत बुधवार को पांच दिन के लिए बढ़ा दी। पूर्व मुख्यमंत्री सोरेन को दो फरवरी को विशेष पीएमएलए (धन शोधन रोकथाम अधिनियम) अदालत ने पांच दिन की ईडी हिरासत में भेजा था। सोरेन की ईडी हिरासत बुधवार को समाप्त हो गई। महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय ने सात दिन हिरासत का अनुरोध किया था, जिसका हमने पुरजोर विरोध किया।

नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में दो सुरक्षाकर्मी शहीद

चतरा। झारखंड के चतरा जिले में बुधवार को नक्सलियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ में दो सुरक्षाकर्मी शहीद हो गए, जबकि एक अन्य घायल हो गया। एक अधिकारी ने बताया कि यह मुठभेड़ झारखंड की राजधानी रांची से लगभग 200 किलोमीटर दूर सदर और बशिष्ठनगर जोरी थाना क्षेत्रों के बीच बैरियो के जंगल में हुई।

पुलिस महानिरीक्षक अमोल वी होमाकर ने बताया कि इस घटना में दो सुरक्षाकर्मियों को अपनी जान गंवानी पड़ी। मृतक जवानों की पहचान सिकंदर सिंह और सुकन राम के तौर पर की गई है और दोनों क्रमशः बिहार के गया और झारखंड के पलामू जिले के रहने वाले थे। चतरा के अनुमंडल पदाधिकारी संदीप सुमन ने बताया, 'मुठभेड़ में घायल जवान आकाश सिंह को उपचार के लिए रांची भेजा गया है। सिंह को गोली लगी है।' सुमन ने बताया कि सुरक्षाकर्मी एक अभियान के बाद वापस लौट रहे थे, तभी उन पर तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) के उग्रवादियों ने उन पर हमला किया।

आतंकी लांडा और रिंदा के तीन सहयोगी गिरफ्तार

चंडीगढ़, एजेंसी

दो पिस्तौल और 10 कारतूस भी बरामद किए

पंजाब में आतंकवादियों लखबीर सिंह लांडा और हरविंदर सिंह रिंदा के तीन गुर्गों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने कहा कि पंजाब पुलिस की एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने उनके कब्जे से दो पिस्तौल एवं 10 कारतूस भी बरामद किए।

लांडा फिलहाल कनाडा में रह रहा है, जबकि रिंदा पाकिस्तान में है। यादव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान जोबनजीत सिंह उर्फ जोबन, बिक्रमजीत सिंह उर्फ बिक्का और कुलविंदर सिंह उर्फ काला के रूप में हुई है। यादव ने बताया कि खुफिया सूचनाओं पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने उनके स्थान का पता लगाया और अमृतसर के सफीपुर गांव के पास से तीनों को पकड़ लिया। ये लंबे समय से फरार थे।

अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आरोपी सीमावर्ती राज्य की शांति और सद्भाव को बिगाड़ने के लिए अपने विदेशी आकाओं के निर्देश पर आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे रहे थे।

ईडी की याचिका पर केजरीवाल 17 को कोर्ट में तलब

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने समन का पालन न करने को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की शिकायत पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 17 फरवरी को तलब किया है।

ईडी ने आबकारी नीति से संबंधित एक धन-शोधन मामले में पूछताछ के लिए केजरीवाल को समन भेजे थे। राष्ट्रीय राजधानी में आबकारी नीति को समाप्त कर दिया गया था। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा ने कहा कि शिकायत पर संज्ञान ले लिया गया है और उन्हें 17 फरवरी को तलब होने के लिए आदेश जारी किया जा रहा है।

अपनी बात विधानसभा में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तीन धर्म स्थलों का मुद्दा उठाकर दिया महाभारत का उदाहरण

महाभारत न हो इसलिए हमने केवल अयोध्या, मथुरा, काशी ही चाहा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में अयोध्या, काशी, मथुरा विवाद पर अपनी बात रखते हुए विपक्ष को महाभारत का कारण समझाया। योगी ने यह कहते हुए अपना मंतव्य स्पष्ट किया कि, पांच हजार साल पहले पांडवों के साथ जो अन्याय हुआ था, वही आज बहुसंख्यकों के साथ हो रहा है। योगी ने कहा, उस वक्त युद्ध टालने के लिए कृष्ण ने दुर्योधन से पांच गांव मांगे थे, हमने भी केवल तीन धार्मिक स्थल ही चाहा है। कृष्ण

की मांग न पूरी होने पर महाभारत हुआ और कौरव स्वाहा हो गए।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को सदन में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को अद्भुत, अलौकिक और अविस्मरणीय क्षण बताया। योगी ने अयोध्या के साथ-साथ काशी और मथुरा विवाद को लेकर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि जिस तरह श्रीकृष्ण ने दुर्योधन से पांच गांव मांगे थे, उसी तरह सिर्फ तीन स्थलों की बात की गई है। ये तीनों ईश्वर के अवतरण की धरती हैं, लेकिन एक जिद और उसमें राजनीतिक तड़के व वोट बैंक की प्रवृत्ति ने विवाद खड़ा कर दिया। योगी ने कहा कि तब भी दुर्योधन ने कहा था कि सुई की नोक के बराबर जगह नहीं दूंगा तो महाभारत हुआ। योगी ने कहा कि पिछली सरकारों ने अयोध्या को प्रतिबंधों और कर्फ्यू के दायरे में रखा। अयोध्या सुनियोजित तिरस्कार भी झेलती रही। लोक आस्था के साथ ऐसा खिलवाड़ कभी देखने को नहीं मिला। मुख्यमंत्री ने पूर्व की सरकारों को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि जो काम सन् 1947 से ही होना चाहिए, उसके लिए आज भी बहुसंख्यक समाज गिड़गिड़ा रहा है। हम मानते हैं कि राम मंदिर का विवाद न्यायालय में था, लेकिन अयोध्या की सड़कों को चौड़ा किया जा सकता था, घाटों का पुनरोद्धार हो सकता था। बिजली, स्वच्छता और स्वास्थ्य की व्यवस्था की जा सकती थी।

योगी के निशाने पर रहे सपा प्रमुख अखिलेश यादव

अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए योगी ने नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव को सीधे निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण की शुरुआत में ही रामलला का जिक्र था। मुझे आश्चर्य हुआ कि नेता प्रतिपक्ष इस सदी की सबसे बड़ी घटना की ओर ध्यान आकर्षित करने के बजाय ध्यान भटकाते रहे। अब तक की उनकी परिपाटी रही है कि तथ्यों और तर्कों से नहीं अपनी बातों को जबरन थोपने का प्रयास करते हैं।

स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर बीडीसी बैठक में आक्रोश

भीमताल ब्लॉक सभागार में आयोजित बैठक में उठीं मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याएं, कार्रवाई के निर्देश

संवाददाता भीमताल

अमृत विचार : विकासखंड सभागार में ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश बिष्ट की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी अशोक पांडे की उपस्थिति में क्षेत्र पंचायत की बैठक हुई। अधिकारियों को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख ने सभी अधिकारियों से पूरी जानकारी के साथ उपस्थित रहने को कहा। ज्योलीकोट प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक भी एलोपैथिक चिकित्सक नहीं होने पर ग्राम प्रधान हरगोविंद रावत ने बताया कि विभागीय कार्यशैली के चलते कार्यरत महिला चिकित्सक ने अवकाश ले लिया है जबकि वह काफी अच्छा कार्य कर रही थी।

इस बात को लेकर ग्राम प्रधान ने सदन में ही धरने में बैठने का एलान किया। बाद में मुख्य विकास अधिकारी और ब्लॉक प्रमुख ने वहां पर 15 दिन के भीतर व्यवस्था करने का आश्वासन दिया। ब्लॉक प्रमुख ने छोटा कैलास में आयोजित होने वाले शिवरात्रि मेले से पूर्व मार्ग की दशा को सुधारने के निर्देश प्रान्तीय खंड लोक निर्माण विभाग नैनीताल को जारी किए।

इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने चोपड़ा में पुल का एक हिस्सा बैठने, मंगोली से रोखड़ मोटर मार्ग, हैडिया गांव मोटर मार्ग का सर्वे, मलवाताल बूड़ाधूरा मोटर मार्ग का सर्वे, पांडे गांव में जल स्रोत को मलबे से ढ़कने, विनायक के स्कूलों में पानी नहीं होने, रानीबाग में जल जीवन मिशन में कार्य नहीं होने, एनएच द्वारा कई बार आमपड़ाव में एक गड्ढे को नहीं भरने के मामले को जनप्रतिनिधियों ने प्रमुखता से उठाया। इस दौरान उपजिलाधिकारी नैनीताल प्रमोद कुमार, जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी आदि मौजूद थे।

भीमताल की बीडीसी बैठक को संबोधित करते ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश बिष्ट। ● अमृत विचार

जियो कंपनी के संबंध में सीडीओ ने निर्देश दिए

भीमताल : बैठक में जंतवाल गांव के जनप्रतिनिधियों ने अवगत कराया कि गांव में जियो कंपनी द्वारा केबल बिछाने का कार्य किया गया था। इसके एवज में कंपनी ने एक नियत धनराशि लोक निर्माण विभाग को जमा की थी। पर विभाग द्वारा इस पर कोई कार्य नहीं किया जा रहा है। कंपनी द्वारा अवगत कराया गया है कि यह राशि लगभग 70 लाख की थी। इस पर विभाग के अधिकारियों ने अनभिज्ञता जाहिर की। मामले को संज्ञान में लेते हुए सीडीओ ने उपजिलाधिकारी, और अधिशासी अधिकारी को बैठक कर मामले को सुलझाने के निर्देश दिए।

बैठक में समस्याएं उठाते लोग। ● अमृत विचार

अब हर माह की पांच तारीख को ग्राम प्रधान की उपस्थिति में बांटा जाएगा पोषाहार

भीमताल : भीमताल क्षेत्र पंचायत की बैठक में अधिकांश जनप्रतिनिधियों ने ठेकेदार पर घटिया गुणवत्ता का पोषाहार वितरण करने का आरोप लगाया। जनप्रतिनिधियों ने अवगत कराया कि वितरण करते समय न तो उनको बताया जाता है और न ही उसकी जानकारी होती है। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी अशोक पांडे और ब्लॉक प्रमुख ने सभी जनप्रतिनिधियों से हर माह की पांच तारीख को अपने सामने ही पोषाहार वितरित कराने के निर्देश दिए। जिला बाल विकास अधिकारी ने आंगनबाड़ी विहीन ग्राम सभा के ग्राम प्रधानों से आंगनबाड़ी निर्मित करने के प्रस्ताव देने को भी कहा गया।

जनप्रतिनिधियों ने सुनवाई नहीं होने का आरोप लगाया

जंतवाल गांव की ग्राम प्रधान राधा कुल्याल और बीडीसी मेंबर मदन कुलियाल ने जंगलियागांव बूढ़ाधूरा मार्ग का मुद्दा उठाते हुए बताया कि इस मार्ग पर पांच लोगों की मौत हो गई है। ग्रामीणों द्वारा इस मार्ग को पक्का करने और सुरक्षात्मक कार्य करने का मामला पिछले नौ साल से लगातार उठाया जा रहा है। पर विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। सीडीओ ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए शासन में मामले को उचित ढंग से रखने को कहा है।

ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख ने जल निगम की कार्यशैली पर सवाल उठाए

भीमताल : ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख हिमांशु पांडे ने सदन में जल निगम की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि बेलवाखान में वर्ष 2015 में पेयजल से संबंधित एक योजना का शिलान्यास वर्ष 2015 में हुआ था। एक करोड़ 68 लाख की योजना में अब तक कार्य पूरा नहीं हो पाया है। इस पर विभाग के अधिकारी अपनी सफाई देते नजर आए। इस दौरान सदन में खासा हंगामा हुआ। सीडीओ ने भी जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनप्रतिनिधियों से जानकारी मांगी।

दिन-रात के तापमान में 19 डिग्री का अंतर

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बदल रहे मौसम में दिन के समय तापमान में बढ़ोत्तरी हो रही है तो वहीं रात को तापमान में भारी गिरावट आ रही है। इस वजह से दिन और रात के तापमान में भारी अंतर है।

हल्द्वानी में बुधवार को सुबह से ही धूप खिली रही। दिन के समय लोगों ने चटक धूप का आनंद लिया। साथ ही ठंडी हवाएं भी चलती रहीं। शहर का अधिकतम तापमान 22.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 3.2 डिग्री दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान सामान्य से चार डिग्री कम है। दिन ओर रात के तापमान में करीब 19 डिग्री का अंतर है। मौसम विभाग के अनुसार अभी मौसम साफ रहेगा। दिन में लोगों को चटक धूप का आनंद मिलेगा।

पश्चिमी विक्षोभ लौटा, दो-तीन दिन तक रहेगा प्रभाव

रुद्रपुर : तराई में पश्चिमी विक्षोभ के लौटने के साथ ही एक बार फिर रात के समय ठंड बढ़ गयी है। वहीं अधिकतम तापमान भी छह डिग्री बढ़ गया है, जबकि न्यूनतम तापमान में पांच डिग्री तक गिरावट आयी है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार अगले दो-तीन दिन दिन में धूप और रात में शीतलहर के साथ ठंड रहेगी। बुधवार को सुबह के समय हल्का कोहरा छाया रहा, जबकि दिन में धूप निकली। वहीं सायं होते-होते शीतलहर के साथ ठंड भी बढ़ गयी। वहीं जीबी पंत विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि तराई का अधिकतम तापमान अधिकतम तापमान 21.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 4.4 डिग्री सेल्सियस रहा। वातावरण में नमी की मात्रा 40 फीसदी और 8 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से पश्चिम दिशा से हवा चली। उन्होंने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ जब वापस लौटता है तो दो-तीन दिन तक इसका प्रभाव रहता है। दिन में मौसम साफ रहेगा और रात में शीतलहर के चलते ठंड अधिक होगी और बर्फीली हवाएं चलेंगी। इसके बाद मौसम सामान्य हो जाएगा।

अशोक पार्किंग का ठेका निरस्त

▸▸ अब टेंडर के जरिए होगा ठेका, पालिका को हर माह एक लाख 55 हजार का हो रहा था नुकसान

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : निवर्तमान पालिका बोर्ड द्वारा ठेके पर दिए गए अशोक पार्किंग का ठेका अब निरस्त कर दिया गया है। इसके लिए नगर पालिका ने संबंधित ठेकेदार को नोटिस भी जारी कर तत्काल पार्किंग स्थल को खाली करने के निर्देश दिए हैं। पालिका के अनुसार उत्तराखंड अधिप्राप्ति नियमावली 2017 समेत तमाम न्यायालयों के निर्णयों को आधार व पालिका को हर माह 1.55 लाख के नुकसान को देखते हुए ठेका निरस्त करने के निर्देश दिए गए हैं।

ईओ राहुल आनंद ने बताया कि अशोक पार्किंग ठेके पर देने से पालिका को आर्थिक नुकसान के साथ ही तमाम नियमावलियों का उल्लंघन भी हो रहा था। बताया कि उत्तराखंड शासन के 2010 के शासनादेश के अनुसार निकायों की भूमि बिना शासन के अनुमोदन के लीज व पट्टे पर नहीं दिए जाने का प्रावधान है। इसके अलावा बिना ओपन टेंडर के ठेका दिए जाने से उत्तराखंड अधिप्राप्ति नियमावली 2017 का भी उल्लंघन है। इसके अलावा ठेके को निरस्त करने के पीछे पूर्व में उत्तराखंड हाईकोर्ट के राधे श्याम बनाम स्टेट ऑफ उत्तराखंड एंड अदर, सुप्रीम कोर्ट के इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ एंड अदर बनाम नीरा शर्मा एंड अदर मामले में दिए गए निर्णयों के साथ ही उत्तराखंड राज्य पार्किंग नियमावली 2022 को आधार बनाया गया है। कहा कि नगर पालिका ने 27 माह तक पार्किंग का संचालन कर 51.25 लाख की आमदनी जुटाई थी। मगर बीते वर्ष महज 35 हजार मासिक शुल्क पर इसे बिना टेंडर ठेके पर दे दिया गया। इससे पालिका को हर माह करीब 1.55 लाख का नुकसान हो रहा था।

ईओ राहुल आनंद।

सार-संक्षेप

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

भीमताल : राजकीय इंटर कॉलेज चौरलेख में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान मेहंदी प्रतियोगिता और बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा निर्मित वोटिंग सेल्फी फ्रेम में सेल्फी खींच कर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर स्वीप कोऑर्डिनेटर धारी दीपक ने ग्रामीणों को मतदान का महत्व समझाया।

चौरलेख में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम।

आशा, हरिप्रिया और विदुषी ने उत्तीर्ण की यूसेट

रामनगर/हल्द्वानी : विकासखंड की ग्राम सभा चिल्किया निवासी अंगन लाल व हीरा देवी की पुत्री आशा सैनी ने हिंदी विषय में उत्तराखंड यूसेट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। निर्धन परिवार से संबंध रखने वाली आशा सैनी ने इससे पूर्व मार्च 2023 में हिंदी विषय में जेआरएफ की परीक्षा भी उत्तीर्ण की थी। वर्तमान में आशा सैनी सोबन सिंह जीना विश्विद्यालय परिसर अल्मोड़ा में डॉ. प्रीति आर्या के निर्देशन में हिन्दी विषय से पीएचडी कर रही हैं। **हल्द्वानी में** महिला महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग की मेधावी छात्राओं कुमारी हरिप्रिया भाकुनी और विदुषी प्रसाद ने अंग्रेजी विषय में यूसेट परीक्षा क्वालीफाई की है। प्राचार्य प्रो. शशि पुरोहित, विभाग प्रभारी डॉ. ललिता जोशी, डॉ. विभा पांडे और डॉ. कुलदीप रस्तोगी ने छात्राओं की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

आशा सैनी।

हरिप्रिया।

विदुषी।

छात्र-छात्राओं को पढ़ाया यातायात का पाठ

नैनीताल : सड़क सुरक्षा माह के तहत कोतवाली पुलिस ने स्कूली बच्चों को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया। पुलिस की ओर से स्कूली बच्चों से सही उम्र के बाद ही लाइसेंस बनने पर वाहन चलाने की अपील की। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा के निर्देश पर बुधवार को कोतवाली पुलिस की ओर से भारतीय शहीद सैनिक स्कूल में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी। एसआई प्रियंका मौर्य ने कहा कि 18 वर्ष के बाद ड्राइविंग लाइसेंस बनने पर ही कोई वाहन चलाए।

अस्पताल में सवा नौ बजे तक चिकित्सक नहीं मिलने पर रोष

भीमताल : भीमताल के सामुदायिक चिकित्सालय में सुबह सवा नौ बजे तक चिकित्सक उपलब्ध नहीं होने पर लोगों ने नाराजगी व्यक्त की है। लोगों ने पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा मनोज भट्ट को व्यक्त करते हुए बताया कि चिकित्सालय खुलने का समय नवंबर से मार्च तक सवेरे नौ बजे से है। पर भीमताल में चिकित्सक सवा नौ बजे के बाद उपलब्ध हो पाते हैं। इससे दूरदराज से आने वाले ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में मनोज भट्ट ने बताया कि मामले की जानकारी जुटाई गई है, जो सही मिली। इस संबध में वह मुख्य चिकित्साधिकारी और जिलाधिकारी से वार्ता करेंगे।

पहाड़पानी में 60 से अधिक लोगों की आंखों की जांच

शिविर में रोगियों की जांच करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

भीमताल : क्षेत्र के मजयूली पंचायत घर में वेदांता नेत्रालय हल्द्वानी की ओर से नि:शुल्क आंखों की जांच का शिविर लगाया गया। जोशी जनसेवा केन्द्र पहाड़पानी के सहयोग से लगे शिविर में 60 से अधिक लोगों की आंखों की जांच की गई। 40 से अधिक लोगों को दवाई भी वितरित की गई। इस दौरान वेदांता के वरिष्ठ प्रबंधक राजेश पाठक, नेत्र वरिष्ठ परीक्षक आशुतोष अस्थाना, अभिषेक थापा, कृष्ण चन्द्र, राकेश कुमार आदि मौजूद रहे। शिविर में मनोज कुमार जोशी, ग्राम प्रधान सुमन देवी, पूरन नेगी, मनोज तिवारी, नवीन चन्द्र आदि ने सहयोग किया।

रामसेवक सभा महासचिव जगदीश बवाड़ी के पिता का निधन

नैनीताल। रामसेवक सभा के महासचिव जगदीश बवाड़ी के पिता सुरेश चंद्र बवाड़ी का 82 वर्ष की आयु में बुधवार को निधन हो गया। उनके तीन पुत्र जगदीश, गिरीश व पप्पू नगर के व्यवसायी हैं। एक पुत्री मुंबई में रहती है। पाइंस घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन पर रामसेवक सभा सहित विधायक सरिता आर्य, कांग्रेस नगर अध्यक्ष अनुपम कबड़वाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष आनंद बिष्ट, अरविंद पडियार व अन्य लोगों ने शोक व्यक्त किया।

पर्वतीय वाद्य यंत्रों से चार दिन तक गुंजायमान रहेगा रामनगर

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : प्रगतिशील सांस्कृतिक पर्वतीय समिति में न केवल चार दिन तक पर्वतीय वाद्य यंत्रों की गूंज सुनाई देगी बल्कि उत्तराखंड की सांस्कृतिक सभ्यता की बानगी देखने को मिलेगी।

वसंतोत्सव के दौरान समिति के रंगमंच पर सांस्कृतिक प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इसमें उत्तराखंड की लोक शैली में कुमाउनी, गढ़वाली, जौनसारी की प्राचीन लोक गाथाओं पर आधारित नृत्य नाटिकाओं का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा कुमाउनी गढ़वाली लोक नृत्य, झोड़ा, छपेली, जौनसारी, नीति माणा, ब्यास और चौदास के आधार पर प्रस्तुति दी जाएगी। समिति के अध्यक्ष गिरीश मठपाल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में उत्तरकाशी, उरगम घाटी, कोटद्वार, देहरादून, नैनीताल, बागेश्वर, रामनगर, हल्द्वानी की टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। 12 फरवरी को महिलाओं के लिए ऐपण, महाविद्यालय व अन्य विद्यालयों की लोकनृत्य प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। 13 फरवरी को बाहर से आए रंग कर्मियों एवं स्थानीय कलाकारों का सांस्कृतिक जुलूस निकाला जाएगा। 14 फरवरी व 15 फरवरी को लोकगाथाओं पर आधारित नाटक प्रतियोगिता एवं लोक नृत्यों की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

सब रजिस्ट्रार के खिलाफ अधिवक्ताओं ने की नारेबाजी

▸▸ रिश्तेदारों को फायदा पहुंचाने का लगाया आरोप

▸▸ अधिवक्ताओं की शिकायत पर अपर जिलाधिकारी ने मांगा स्पष्टीकरण

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : जिला न्यायालय में कार्यरत अधिवक्ताओं ने सब रजिस्ट्रार द्वारा की जा रही अनिमितताओं के खिलाफ नारेबाजी की। अधिवक्ताओं ने अपर जिलाधिकारी फिंचा राम को सब रजिस्ट्रार के खिलाफ ज्ञापन सौंपा।

अधिवक्ताओं ने बुधवार को रजिस्ट्री कार्यालय में कार्यरत सब रजिस्ट्रार के खिलाफ आरोप लगाते हुए कहा कि सब रजिस्ट्रार अपने रिश्तेदारों से ही रजिस्ट्री करवा कर उन्हें अनुचित लाभ पहुंचा रही हैं।

अपर जिलाधिकारी फिंचा राम ने अधिवक्ताओं की शिकायत का तत्काल संज्ञान लेते हुए सब रजिस्ट्रार से स्पष्टीकरण मांगते हुए अपना पक्ष बताने को कहा है। इस दौरान बार के अध्यक्ष मनीष मोहन जोशी, दया किशन पोखरिया, संजय सुयाल, दीपक रुबाली, राकेश सुयाल, विपिन पंत, राजेन्द्र चिलवाल आदि मौजूद रहे।

अपर जिलाधिकारी से वार्ता करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

जेडी क्रिकेट दिल्ली व कुमाऊं वारियर्स ने मैच जीते

भीमताल : भीमताल के मिनी स्टेडियम में सिक्स ए एम क्रिकेटर्स की ओर से आयोजित हो रहे आल इंडिया क्रिकेट टूर्नामेंट के बुधवार के मैच का शुभारंभ नगर कांग्रेस अध्यक्ष डीके डालाकोटी व शिव साईं इंडस्ट्री के दीपक शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। पहला मैच चारखेत स्मैशर्स व जेडी क्रिकेट स्टार दिल्ली के बीच व दूसरा मैच ड्रीम 11 व कुमाऊं वारियर्स के बीच खेला गया। इसमें पहला मैच जेडी क्रिकेट टीम ने छह विकेट से मैच जीत लिया। दूसरे मैच में कुमाऊं वारियर्स ने ड्रीम 11 को हराकर मैच अपने नाम किया। आयोजक देवेंद्र चनौतिया ने बताया कि प्रतियोगिता में 27 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं।

हमलावर बाघ नहीं पकड़ने से नाराज लोग एसडीएम से मिले

▸▸ 11 को रामनगर में राज्य स्तरीय सम्मेलन का एलान

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : ढेला रेंज में हमलावर बाघ के अभी तक न पकड़े जाने के साथ साथ बाघ के हमले में घायल अंकित के इलाज के खर्च का तत्काल भुगतान किए जाने की मांगों को लेकर संयुक्त संघर्ष समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने उपजिलाधिकारी रामनगर से मुलाकात की।

संघर्ष समिति ने ज्ञापन सौंपकर यह एलान किया कि 11 फरवरी को जंगली जानवरों से निजात दिलाने की मांग को लेकर राज्य स्तरीय सम्मेलन किया जाएगा। समिति के संयोजक ललित उप्रेती ने कहा कि सरकार एवं वन/कार्बेट प्रशासन जनता को आंदोलन के लिए मजबूर कर रहा है। 11 फरवरी को जंगली जानवरों व बंदरों से सुरक्षा के सवाल को लेकर ग्राम कानिया में उत्तराखंड स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आंदोलन की आगामी रणनीति बनाई जाएगी। प्रतिनिधि मंडल में प्रगतिशील महिला एकता केंद्र की तुलसी छिम्वाल, महिला एकता मंच की ललिता रावत, कौशल्या चुनियाल, उपपा नेता प्रभात ध्यानी, समाजवादी लोक मंच के मुनीष कुमार, राजेंद्र, इंकलाबी मजदूर केंद्र के कमल वर्मा, रमेश आदि मौजूद रहे।

वेंडर जोन में नहीं जा रहे कारोबारी

▸▸ हाईकोर्ट ने दिए थे कारोबारियों को पंत पार्क से हटाने के आदेश

▸▸ प्रशासन की कवायद वेंडर जोन भेजने में आज तक रही बेकार

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद शहर के पंत पार्क, गुरुद्वारा पाथवे व अन्य स्थानों पर अवैध रूप से लग रहे फड़ खोखों को पालिका नहीं हटा पाया है। पालिका की ओर से चिन्हित सूखाताल, बारापत्थर, किलबरी चौराहा व तल्लीताल में चिन्हित वेंडर जोन में फड़ कारोबारी जाने को तैयार नहीं हैं। नतीजतन फड़ कारोबारी पंत पार्क व गुरुद्वारा पाथवे में जमे हुए हैं।

हालत यह है कि पंत पार्क व गुरुद्वारा पाथवे में पालिका की ओर से 121 लोगों को फड़ लगाने की अनुमति है लेकिन यहां तीन गुना से अधिक फड़ लग जाते हैं। इधर पालिका भंग होने के बाद प्रशासन के पास अधिकार आ गया है। अब पुनः फड़ खोखे कारोबारियों को वेंडर जोन भेजने की कवायद तेज हो गई है।

बीते दिन हुई बैठक में कुछ फड़ खोखे कारोबारियों ने वेंडर जोन में जाने से यह कह कर इंकार कर दिया कि घोषित वेंडर जोन शहर के बाहर है। ऐसे स्थानों पर पर्यटक बहुत कम आते हैं, ऐसे में उनकी रोजी-रोटी नहीं चल पाएगी। फड़ खोखे कारोबारियों ने शहर में ही कारोबार करने के लिए स्थान देने की बात कही है।

वेंडर जोन सभी सुविधाओं से लैस होंगे : राहुल आनंद

नैनीताल। पालिका के ईओ राहुल आनंद ने कहा है कि हाईकोर्ट के आदेशों के बाद अब शहर में सात वेंडर जोन चिन्हित किए गए हैं। इन स्थानों में सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। चूंकि पंत पार्क व गुरुद्वारा पाथवे नो पार्किंग जोन घोषित है, यहां केवल दो घंटा शाम को कारोबारियों को फड़ लगाने की अनुमति है। इस बार हर हाल में कारोबारियों को पंत पार्क व गुरुद्वारा पाथवे छोड़ना पड़ेगा। मार्च से किसी भी कारोबारी को फड़ लगाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

न्यू बस स्टैंड में आवंटित दुकानों को फड़ वालों ने किराये में लगा दिया

नैनीताल। पंत पार्क व गुरुद्वारा पाथवे में फड़ लगाने वाले कारोबारियों को पालिका ने कुछ वर्ष पहले तल्लीताल न्यू बस स्टैंड के प्रथम तल में पक्की दुकानों का निर्माण कर आवंटित किए थे। कुछ दिन दुकान लगाने के बाद अधिकांश कारोबारियों ने अपनी दुकानों को दूसरे लोगों को किराये में देकर पुन: पंत पार्क व गुरुद्वारा पाथवे का रुख कर लिया है। कई फड़ कारोबारी पंत पार्क में दुकान भी चला रहे हैं और आवंटित दुकानों का किराया भी डकार रहे हैं।

रुहेलखण्ड मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
अब पहले से और उच्चस्तरीय सुविधायें
(आई.सी.यू. व इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देखरेख में)
मुफ्त स्वास्थ्य सेवायें * | मुफ्त भर्ती एवं पलंग * | मुफ्त फेफड़ों के टी.बी. की दवा * | मुफ्त टीकाकरण *
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन * | मुफ्त डिलीवरी व सिजेरियन की सुविधा *
विशेष कैम्प 1 से 15 फरवरी 2024 तक
हड्डी रोग विभाग | बाल रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | छाती एवं क्षय रोग विभाग | शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधायें
ओ.पी.डी. पर्चा 20/- रु. मात्र
भर्ती मरीजों की मुफ्त सामान्य जांचे *
जल्दी करें उपरोक्त सभी सुविधायें सीमित समय तक
हड्डी रोग विभाग: एक्सीडेन्ट के गम्भीर मरीजों का सबसे अच्छा एवं सस्ता इलाज अत्याधुनिक ट्रामा सेन्टर में गर्दन के समस्त ऑपरेशन। गर्दन के पीछे, कमर के समस्त दर्द एवं रोगों का इलाज।
स्त्री रोग विभाग: स्त्री रोग विभाग, जच्चा बच्चा का पूर्ण इलाज, बच्चेदानी की रसौली एवं कैंसर का इलाज, बांझपन का इलाज सभी प्रकार के स्त्री रोगों का सम्पूर्ण इलाज।
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग: अनुभवी शल्य चिकित्सकों द्वारा दूरबीन से पित्त की थैली के ऑपरेशन हार्निया गुर्दे की पथरी पित्त की पथरी तथा आंतों व गुर्दे की पथरी तथा आंतों व गुर्दे के सफल ऑपरेशन बेहद घटे दरों पर किया जाता है।
बाल रोग विभाग: बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं (PICU) की सुविधा ट्रान्सफ्यूजन सरफेक्टेंट थेरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध है। बच्चों में खून व खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा।
छाती एवं क्षय रोग विभाग: छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, फेफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. की सुविधा एवं इलाज मुफ्त।
मेडिसिन विभाग: अनुभवी चिकित्सकों द्वारा पेट, जिगर रोग एवं पीलिया, तेजाब, अलसर, ब्लड प्रेशर, फेफड़ा रोग, लीवर, शुगर एवं गुर्दे की बीमारियों के इलाज व ऑपरेशन मुफ्त।
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना 2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP) 3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन) 4. केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS) 5. सी.ए.आर.आई. (CARI) 6. एक्स-सर्विसमैन कंट्र्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS) 7. आई.वी.आर.आई. (IVRI) 8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो 2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड 3. सेफ्वे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड 4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस 5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड 6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
केवल सामान व दवाई का खर्च अतिरिक्त*
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल

ट्रांसपोर्ट नगर में शिफ्ट होगा हल्द्वानी रोडवेज बस अड्डा

प्रशासन, एडीबी और रोडवेज के अधिकारियों ने तीन स्थानों के स्थलीय निरीक्षण के बाद किया चयन, तीन साल तक होगा संचालन

पहल

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : आखिरकार चार महीने के बाद अस्थायी बस अड्डे के लिए जगह मिल गई है। बस अड्डे को अस्थायी तौर पर शिफ्ट करने के लिए ट्रांसपोर्ट नगर की 1.23 एकड़ भूमि का चयन किया गया है। यहां से लगभग तीन वर्ष तक के लिए अस्थायी बस अड्डा संचालित किया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महत्वाकांक्षी स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के अंतर्गत तहसील, बस अड्डा को मिलाकर एक बहुद्देश्यीय भवन का निर्माण प्रस्तावित है। इसके लिए तहसील, बस अड्डे, उप कोषागार, सब रजिस्ट्रार दफ्तर को शिफ्ट किया जाना है। बस अड्डे को छोड़कर सभी दफ्तरों के लिए जगहों का चयन कर लिया गया है। इधर, डीएम के निर्देशानुसार, सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह के नेतृत्व में एशियन डेवलपमेंट बैंक, परिवहन निगम के अधिकारियों ने बुधवार को अस्थायी बस अड्डा बनाने के लिए शहर में विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। सर्वप्रथम टीम महात्मा गांधी इंटर कॉलेज पहुंची। यहां तकनीकी दिक्कतों की वजह से मना कर दिया गया। वहीं, 100 मीटर लंबाई और 40 मीटर चौड़ाई का भी मानक पूरा नहीं हो रहा था।

फिर टीम एचएन इंटरकॉलेज पहुंची, यहां बच्चों की पढ़ाई प्रभावित के साथ ही कई अन्य तकनीकी खामियां सामने आईं। इसके बाद टीम ट्रांसपोर्ट नगर पहुंची। यहां लगभग 1.23 एकड़ भूमि पर कूड़ा वाहन खड़ा होते हैं। इस भूमि बसों की पार्किंग, संचालन, शहर से दूरी वगैरह सभी समुचित व्यवस्थाएं थीं और सभी मानक भी पूरे हो रहे थे। जिसके बाद रोडवेज अधिकारियों ने टीपी नगर से अस्थायी बस अड्डा चलाने पर सहमति जता दी है। टीपी नगर में 1.23 एकड़ भूमि पर बस अड्डा संचालित होगा। भूमि पर नगर निगम का मालिकाना हक है इसलिए निगम से अनापत्ति ली जाएगी। सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद जल्द ही बस अड्डा यहां शिफ्ट किया जाएगा। तीन वर्षों तक बस अड्डा संचालित होगा।

हल्द्वानी में अस्थायी बस अड्डे के लिए भूमि का निरीक्षण करतीं सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह। ● अमृत विचार

> डीएम के निर्देशानुसार, संयुक्त समिति ने अस्थायी बस अड्डे के लिए ट्रांसपोर्ट नगर में एक एकड़ से अधिक भूमि का चयन किया गया है। अभी वहां कूड़ा वाहन खड़ा होते हैं। वहां बुनियादी इंफ्रास्ट्रक्चर बनने और औपचारिकताएं पूरी होने के बाद अस्थायी बस अड्डा संचालित किया जाएगा। **–ऋचा सिंह**, सिटी मजिस्ट्रेट हल्द्वानी

अगले हफ्ते दून से आएगी टीम, 70 बसों का होगा संचालन

रोडवेज अधिकारियों के अनुसार, अस्थायी बस अड्डे से 70 बसों का संचालन होगा। इनमें 30-35 बसों की पार्किंग और इतनी ही बसों की आवाजाही की जाएगी। इधर, रोडवेज के उच्च अधिकारियों की टीम अगले सप्ताह पहुंच सकती है जो चयनित स्थान का स्थलीय निरीक्षण करेगी।

18 को सीएम कर सकते हैं हिल डिपो का शिलान्यास

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आगामी 18 फरवरी को काठगोदाम में हिल डिपो का शिलान्यास कर सकते हैं, इसके लिए परिवहन निगम ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। यह डिपो पूर्व परिवहन मंत्री स्व. चंदनराम दास का ड्रीम प्रोजेक्ट है। हिल डिपो बनने के बाद पर्वतीय रूट की बसें यहीं से संचालित होंगी।

कैंची क्षेत्र में हेलीपैड के लिए नहीं मिल रही भूमि

संवाददाता, गरमपानी

हालात

- आधा दर्जन से भी ज्यादा जमीनों का किया जा चुका निरीक्षण
- हेलीपैड निर्माण की कवायद से लगने लगे थे उम्मीदों को पंख

अमृत विचार : अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर स्थित सुप्रसिद्ध कैंची धाम क्षेत्र में श्रद्धालुओं व पर्यटकों की सुविधाओं के लिए प्रस्तावित हेलीपैड के लिए उपयुक्त जमीन नहीं मिल पा रही है। राजस्व विभाग की टीम लगभग आधा दर्जन से अधिक जमीनों का निरीक्षण भी कर चुकी है पर जमीन मानक में खरा नहीं उतर रही। राजस्व उपनिरीक्षक शकील अहमद के अनुसार कई जगह जमीनों का निरीक्षण किया जा चुका है पर उपयुक्त भूमि नहीं मिल सकी है। राजस्व उपनिरीक्षक के अनुसार तलाश तेज की गई है। उपयुक्त जमीन मिलने पर उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट उपलब्ध करा दी जाएंगी।

हाईवे पर स्थित सुप्रसिद्ध कैंची धाम में रोजाना देश-विदेश से सैकड़ो बाबा भक्त पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए सरकार भी गंभीरता से कदम उठा रही है इसी के तहत कैंची धाम को मंदिर माला मिशन से जोड़ तमाम महत्वपूर्ण योजनाएं धरातल में उतारने की तैयारी तेज हो गई है। जाम से निजात दिलाने को पार्किंग निर्माण भी हो चुका है। साथ ही बाइपास निर्माण को भी कवायद तेज हो चुकी है। क्षेत्र में हेलीपैड निर्माण की तैयारियों को भी पंख लगने लगे। दूर दराज के क्षेत्रों से कैंची धाम पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए हेली सेवा शुरु होने की उम्मीद भी जगी।

उच्चाधिकारियों के निर्देश पर बीते दिनों प्रशासन की टीम ने हेलीपैड निर्माण के लिए कैंची क्षेत्र के आसपास भूमि चिन्हित करने का कार्य शुरु किया पर अब तक हेलीपैड निर्माण के लिए उपयुक्त भूमि उपलब्ध नहीं हो सकी है।लगभग आधा दर्जन से ज्यादा जमीनों का प्रशासन की टीम निरीक्षण भी कर चुकी है पर सभी जगह मानक आड़े आ जा रहे हैं। राजस्व उपनिरीक्षक शकील अहमद के अनुसार मानक के अनुसार उपयुक्त भूमि चिन्हित करने का प्रयास किया जा रहा है।

पिथौरागढ़, मुनस्यारी, चम्पावत के लिए हेलीसेवा का ट्रायल

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : हल्द्वानी से पिथौरागढ़, मुनस्यारी और चम्पावत के लिए हेली सेवा का ट्रायल हो गया है। उम्मीद है कि जल्द ही कुमाऊं के प्रवेश द्वार हल्द्वानी से सीमांत जिलों के लिए उड़ान शुरू हो जाएगी।

उड़ान योजना के अंतर्गत हल्द्वानी से पिथौरागढ़ व चम्पावत जिले के लिए हेली सेवा शुरू की जा रही है। इसके लिए प्रशासन ने गौलापार स्थित हेलीपैड पर बुनियादी सुविधाएं विकसित की और जरूरत के अनुसार इंफ्रास्ट्रक्चर बनाया। इसका जिम्मा हेरिटेज एविएशन को सौंपा गया है। इधर, बुधवार को उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण (यूकाडा), नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) की टीम ने हेली सेवा का ट्रायल किया। गौलापार स्थित हेलीपैड से 7 सीटर हेलीकॉप्टर ने पिथौरागढ़, मुनस्यारी और चम्पावत के लिए बतौर ट्रायल उड़ान भरी। हेलीकॉप्टर हल्द्वानी से पिथौरागढ़ 30 से 35 मिनट में, मुनस्यारी 30 से 35 मिनट में और चम्पावत 20 से 25 मिनट में पहुंच जाएगा। हेलीकॉप्टर तीनों स्थानों के लिए प्रतिदिन दो उड़ानें भरेगा। अब फाइनल ट्रायल के बाद डीजीसीए से अनुमति मिलने के बाद विधिवत उड़ान शुरू हो जाएगी। इस दौरान तहसीलदार सचिन कुमार, मनीष भंडारी आदि मौजूद रहे।

बोले अधिकारी

> उड़ान सेवा के अंतर्गत हल्द्वानी से पिथौरागढ़, मुनस्यारी और चम्पावत के लिए हेलीसेवा शुरू करने के लिए ट्रायल किया गया है। डीजीसीए से अनुमति मिलने के बाद हेलीसेवा शुरू हो जाएगी। इसके लिए गौलापार स्थित हेलीपैड सुविधाएं विकसित की गई हैं। **–परितोष वर्मा**, एसडीएम हल्द्वानी

चम्पावत में भी हुआ स्थलीय निरीक्षण

चम्पावत, अमृत विचार : हेरिटेज एविएशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहित माथुर ने बताया कि हल्द्वानी से सुबह चम्पावत, फिर चम्पावत से हल्द्वानी, इसी तरह दोपहर में भी हेलीसेवा संचालित होगी। हेलीपोर्ट पर हर समय 2 पायलट और 4 इंजीनियर मौजूद रहेंगे। इस दौरान एसडीएम सदर सौरभ असवाल, कैप्टन आरएस यादव, सीओ विपिन चंद्र पंत, तहसीलदार ज्योति धपवाल, एसओ योगेश उपाध्याय, शेर सिंह यादव, आकाश आदि मौजूद रहे।

यह होगा किराया

चम्पावत के लिए प्रति यात्री किराया 2500 रूपये, पिथौरागढ़ के लिए 3000 और मुनस्यारी के लिए 3500 रूपये प्रस्तावित किया गया है। इस किराए में भारत सरकार की ओर से सब्सिडी दी जा रही है। इस हेलीसेवा के जरिए पर्यटन एवं आपात सेवाओं को लाभ मिलेगा।

हल्द्वानी के गौलापार स्टेडियम में हेली सेवा के लिए ट्रायल करते अधिकारी। ● अमृत विचार

आईटीआई में अप्रेंटिस के लिए पहुंचे छात्र छात्राएं। ● अमृत विचार

साढ़े 12 हजार के लिए 327 किमी दूर मिलेगा रोजगार

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: निजी कंपनी की ओर से आईटीआई में अप्रेंटिस के लिए युवाओं की भर्ती की गई। आईटीआई में डिप्लोमा धारक युवाओं को काफी भीड़ रही है। बेरोजगारी का आलम यह है कुछ हजार मानदेय के लिए युवाओं को घर से दूर का सफर करना पड़ रहा है।

अशोक लेलैंड कंपनी ने अप्रेंटिस के लिए युवाओं की भर्ती के लिए शिविर लगाया। आईटीआई हल्द्वानी में भर्ती के लिए युवा दूर-दूर से पहुंचे। धारचूला से पहुंचे सुनील कुमार ने बताया कि उसने बताया कि उसने आईटीआई की है। अशोक लेलैंड कंपनी में अप्रेंटिस का मौका मिला है।

एक साल तक अप्रेंटिस करने को मिलेगी। इसमें साढ़े 12 हजार रुपये मानदेय दिया जाएगा। पूछा कि घर से इतनी दूर इस मानदेय में काम कर लोगे तो उसने कहा कि जो अवसर मिल रहे हैं, उसमें ही काम करना होगा। यही राहत है कि अपने राज्य में काम करने का मौका मिल रहा है। अशोक लेलैंड कंपनी में रुद्रपुर में अप्रेंटिस का मौका मिलेगा। धारचूला इसे रुद्रपुर की दूरी करीब 327 किमी है। दूसरी ओर राहुल वर्मा ने बताया कि वह गौलापार का ही रहने वाला है। अशोक लेलैंड कंपनी में अप्रेंटिस भर्ती की सूचना मिली तो आ गया। इसी तरह अन्य युवाओं का भी कहानी है।

> निर्माण कार्य चल रहा है इस वजह से व्यवस्थाएं पूरी तरह से नहीं हो पाईं। कुर्सियों की उपलब्धता भी जल्द हो जाएगी। इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं। **–आरएस मर्तोलिया**, प्रधानाचार्य, आईटीआई, हल्द्वानी

चटाई पर बैठाकर किए गए इंतजाम

हल्द्वानी : अप्रेंटिस भर्ती के लिए भी बदइंतजामी थी। भर्ती के लिए आए युवाओं के लिए बैठने के लिए कुर्सियों तक का इंतजाम नहीं किया गया था। वहीं जमीन पर दरी बिछाकर युवाओं को बैठा दिया गया।

नौकरी मिलेगी यह पक्का नहीं

हल्द्वानी : कंपनी की ओर से आए प्रतिनिधियों ने बताया कि युवाओं को अप्रेंटिस के लिए रखा जा रहा है। कितना मानदेय मिलेगा, इसकी जानकारी नहीं दी। मानदेय की जानकारी भर्ती के लिए आए युवाओं ने ही दी है। कंपनी के प्रतिनिधियों से सवाल पूछा कि क्या अप्रेंटिस के बाद इन युवाओं को कंपनी में आगे पक्की नौकरी मिलेगी। तो उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि इस बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता है।

स्कूटी में बैठकर निकले सात दिन से घर नहीं लौटे

जसविंदर सिंह।

हल्द्वानी : सात दिन पहले अंजान व्यक्ति के साथ घर से निकला व्यक्ति लापता हो गया। मामले की जांच भोटिया पड़ाव चौकी के एएसआई को सौंपी गई है।

तिकोनिया स्थित गुरुतेग बहादुर गली निवासी हरप्रीत सिंह ने पुलिस को बताया कि उनके पिता जसविंदर सिंह एक फरवरी को अंजान व्यक्ति के साथ स्कूटी से निकले थे। उस दिन से वह लौटकर नहीं आए। हरप्रीत को पता लगा कि पिता को ले जाने वाला वापस लौट आया है, लेकिन पिता नहीं लौटे। कोतवाली पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच भोटिया पड़ाव चौकी के एएसआई राजेंद्र प्रसाद को सौंपी है।

खाई की ओर पलटा वाहन, युवक की मौत

संवाददाता, गरमपानी

अमृत विचार: बेतालघाट ब्लॉक के खैराली बूंगा मोटर मार्ग पर टाटा सूमो बैक करते समय असंतुलित होकर खाई की ओर जा गिरी। हादसे में वाहन बैक रहा युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। नाजुक हालत में उसे आपातकालीन 108 सेवा से सीएचसी गरमपानी पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की सूचना से गांव में मातम पसर गया है।

दिल्ली स्थित निजी कंपनी में कार्यरत भुवन सिंह बोहरा (42) पुत्र पूरन सिंह बोहरा बीते कुछ दिन पूर्व अपने छोटे भाई की बेटी के जन्मदिन पर गांव पहुंचे। मंगलवार को वह पत्नी बीना के साथ पारिवारिक कार्य से हल्द्वानी गए। देर शाम वापसी में वह खैरना क्षेत्र टाटा सूमो यूके 04 टीए 6122 से गांव की ओर रवाना हुए। रातीघाट - बेतालघाट मोटर मार्ग से खैराली बूंगा गांव को जोड़ने वाले मोटर मार्ग पर पहुंचे। गांव के समीप पहुंचने पर भुवन ने वाहन चालक तथा पत्नी बीना को वाहन से उतार वाहन मोड़ने लगा कि तभी वह अचानक वाहन पर संतुलन खो बैठा।

नतीजतन वाहन असंतुलित होकर खाई की ओर पलटता चला गया। वाहन के खाई की ओर गिरने से हड़कंप मच गया। आसपास के लोग घटनास्थल की ओर पहुंचे तथा रेस्क्यू अभियान शुरु किया। वाहन के अंदर फंसे भुवन को बामुश्किल बाहर निकाल आपातकालीन 108 सेवा से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गरमपानी पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने भुवन को मृत घोषित कर दिया। भुवन की मौत से गांव में मातम पसर गया है जबकि स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल है। अस्पताल में भी माहौल गमगीन बना हुआ है। घटना से हर कोई स्तब्ध है।

बुजुर्ग की मौत पर कार चालक पर मुकदमा

हल्द्वानी : सड़क हादसे में घायल हुए बुजुर्ग की मौत के मामले में बनभूलपूरा पुलिस ने अज्ञात कर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। वार्ड 29 उत्तर उजाला निवासी शाहन अली ने बताया की बीती 3 फरवरी को उनके पिता इसरार अली काम से घर लौट रहे थे। गांधी स्कूल के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौत हो गई।

टाटा मैजिक से टकराकर स्कूटी सवार गंभीर घायल

रामनगर : नेशनल हाईवे 309 रामनगर काशीपुर मार्ग पर बुधवार की सुबह ग्राम चिलकिया के समीप नए गांव के पास एक स्कूटी और टाटा मैजिक वाहन (छोटा हाथी) की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। हादसे में स्कूटी सवार विक्रम निवासी काशीपुर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद वाहन मौके पर ही पलट गया। वाहन में टेंट का सामान भरा हुआ था। यह सामान भी सड़क पर ही बिखर गया तथा स्कूटी भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने स्कूटी सवार को रामनगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

क्षतिग्रस्त स्कूटी। ● अमृत विचार

शराब पीकर बीवी से झगड़ा, फांसी लगा ली

हल्द्वानी: पीकर घर पहुंचे दर्जी की पत्नी से कहासुनी हो गई। पत्नी से तल्खी के बाद वो कमरे में गया और दरवाजा अंदर से बंद कर फांसी लगा ली। उसने कमरे में लगे पर्दे को पंखे से फंसा कर फंदा बनाया। दरवाजा तोड़कर कमरे में घुसे परिजनों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

जानकारी के मुताबिक सुनील कुमार (38 वर्ष) पेशे से दर्जी था और धूनी नंबर दो कटघरिया में परिवार के साथ रहता था। बताया जाता है कि मंगलवार को सुनील शराब पीकर घर पहुंचा था। इसी बात को लेकर उसकी पत्नी से कहासुनी हो गई थी। कहासुनी से नाराज सुनील अपने कमरे में गया और दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। नाराजगी की वजह से परिजनों भी उसके पीछे नहीं गए। देर हुई तो परिजनों को शक हुआ। उन्होंने दरवाजा खटखटाया, लेकिन न तो दरवाजा खुला और न ही अंदर से कोई प्रतिक्रिया आई।

दुखद

पौड़ी के सरकारी अस्पताल में हुई थी डिलीवरी, स्वस्थ बच्ची को जन्म देकर बिगड़ गई हालत

बीरोंखाल से हल्द्वानी तक रेफर, रास्ते में ही दम तोड़ गई

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : सरकारी अस्पताल में प्रसव के बाद महिला की हालत बिगड़ गई। उसे गंभीर अवस्था में रामनगर और फिर रामगनर से हल्द्वानी रेफर कर दिया, लेकिन उसकी जान नहीं बची। प्रसूता ने एंबुलेंस में ही दम तोड़ दिया। एसटीएच में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया था।

मैथाना गुइन मल्ला पौड़ी निवासी अमित गौनियाल यहां अपनी 24 वर्षीय पत्नी रेनू के साथ रहते थे। रेनू गर्भवती थी और मंगलवार को प्रसव पीड़ा होने पर अमित उसे लेकर गांव के पास स्थित बीरोंखाल के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचा। यहां रेनू ने एक बच्ची को जन्म दिया, लेकिन कुछ ही देर बाद उसकी हालत बिगड़ गई।

चिकित्सकों ने प्रयास किया, लेकिन बात हाथ से निकलती गई। दोपहर चिकित्सकों ने उसे रामनगर रेफर कर दिया। एंबुलेंस के जरिये परिजन उसे लेकर रामनगर के सरकारी अस्पताल पहुंचे, लेकिन तब तक हालत और खराब हो चुकी थी। यहां चिकित्सकों ने हाथ खड़े कर दिए और हायर सेंटर हल्द्वानी रेफर कर दिया।

एक बार परिजन रेनू को एंबुलेंस में लेकर भागे, एसटीएच पहुंचने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। एसटीएच पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की वजह अत्यधिक रक्तस्राव को माना जा रहा है, लेकिन पुलिस का कहना है कि असल कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद पता चलेगा।

लापरवाही

- बच्ची स्वस्थ, हल्द्वानी पहुंचने से पहले महिला ने तोड़ा दम

सफर में गुजर गई रात और एंबुलेंस में जिंदगी

हल्द्वानी : पौड़ी के जिस सरकारी अस्पताल में रेनू का प्रसव हुआ वहां से रामनगर के सरकारी अस्पताल की दूरी तकरीबन 80 किली मीटर है और रामनगर के सरकारी अस्पताल से सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्साल की दूरी लगभग 40 किलो मीटर है। रेनू को रामनगर तक लाने में करीब 6 घंटे लगे और शाम ढल गई। फिर रामनगर से हल्द्वानी लाने में डेढ़ घंटे से अधिक का वक्त लग गया। सफर में लगभग आधी रात गुजर और एंबुलेंस में जिंदगी गुजर गई।

एक साल पहले शादी और पहला था बच्चा

हल्द्वानी : रेनू और अमित की शादी एक साल पहले ही हुई थी। अमित का कहना है कि पहले उसकी शादी और फिर घर में नए सदस्य के आने की सूचना से न सिर्फ वह बल्कि पूरा परिवार खुश था। मंगलवार को जब रेनू को प्रसव पीड़ा हुई तो घर में जश्न जैसा माहौल शुरू हो गया, लेकिन प्रसव के बाद जब रेनू की हालत बिगड़ी तो खुशियां काफूर हो गईं। फिर किसी को घर आए पहले सदस्य की सुध भी नहीं रही।

रेस्टोरेंट में मोमो चाउमीन की आड़ में शराब का धंधा

हल्द्वानी : रेस्टोरेंट में मोमो-चाउमीन की आड़ में शराब का अवैध धंधा करने वाला पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने रेस्टोरेंट की रसोई में रखे डस्टबिन से देसी शराब बरामद की है।

खेड़ा चौकी प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि बीती 6 फरवरी को वह कांस्टेबल सुरेंद्र सिंह और उमेश प्रसाद के साथ होटल-ढाबों की चेकिंग कर रहे थे। ग्रिल इन रेस्टोरेन्ट पूर्वी खेड़ा पहुंचे तो रेस्टोरेंट के किचन में खड़ा व्यक्ति पुलिस को देखकर भाग खड़ा हुआ।

पकड़े जाने पर उसने अपना नाम सुरजीत सिंह निवासी अम्बेडकर नगर नवाबी रोड बताया। रेस्टोरेंट की रसोई का डस्टबिन चेक किया तो उसके अंदर से देसी शराब के 78 पव्वे मिले।

सार-संक्षेप

एसडीएम कोर्ट ज्ञापन देने पहुंचे उलमा ए अहल ए सुन्नत के सदस्य।

धर्म गुरु मुफ्ती सलमान अजहरी को रिहा करने की मांग

हल्द्वानी : उलमा-ए-अहल-ए-सुन्नत संगठन ने धर्म गुरु मुफ्ती सलमान अजहरी को रिहा करने की मांग उठाई है। बुधवार को संगठन के पदाधिकारियों ने सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से एक ज्ञापन राष्ट्रपति को भेजा। उन्होंने ज्ञापन में कहा कि गुजरात और मुंबई पुलिस ने अजहरी पर झूठा आरोप लगाकर उन्हें गिरफ्तार किया है। उन्होंने गुजरात के जूनागढ़ में जो शेर पड़ा था उसमें किसी समुदाय के खिलाफ कोई आपत्तिजनक बात नहीं की। कहा कि इस घटना से मुस्लिम समुदाय में आक्रोश है। उन्होंने राष्ट्रपति से तत्काल उचित कार्रवाई करते हुए धर्म गुरु मुफ्ती सलमान अजहरी को जल्द से जल्द रिहा करने की मांग की। साथ ही मांग पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

कोतवाल से वार्ता करते हिंदूवादी संगठन के लोग। ● अमृत विचार

आपत्तिजनक पर्चा चस्पा करने से भड़का बजरंग दल

रामनगर : ग्राम सावल्दे में असामाजिक तत्वों ने बहुसंख्यक समुदाय के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों से भरा पर्चा दीवार पर चस्पा किया है। इससे गुस्साए बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने कोतवाल को ज्ञापन देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बताया कि पर्चे में महिलाओं के लिए भी अपशब्दों का प्रयोग किया गया है। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने कहा कि इस प्रकार की शरारत करने वाले लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष सूरज चौधरी, प्रखंड अध्यक्ष किशोर शर्मा, हृदेश शर्मा, हरीश प्रकाश, विजय पवार मौजूद रहे।

जंगल किनारे सफाई अभियान चलाते लोग। ● अमृत विचार

आग से बचाव के लिए जंगल किनारे चला सफाई अभियान

रामनगर : ढिकुली गर्जिया क्षेत्र में ग्रामवासियों के साथ वनाग्नि सुरक्षा को लेकर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें जंगल में लगने वाली आग से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया गया। साथ ही लोगों को जागरूक किया गया कि पर्यटकों से जंगल के किनारे कचरा न फेंकने दें क्योंकि कचरे से लगने वाली आग भी भयावह हो जाया करती हैं। जो वन्य जीवों के लिए घातक भी है। इस दौरान वेस्ट वॉरियर्स टीम और बिजरानी रेंज स्टाफ के साथ कूड़ा भी हटाया गया। इस दौरान राजेन्द्र सिंह छिमवाल ईडीसी अध्यक्ष ढिकुली, चन्द्रशेखर सती नेचरगाइड, धर्मपाल सिंह नेगी वन दरोगा, मानषी वन दरोगा, जगदीश चन्द्र आर्य वन आरक्षी, मोहन चन्द्र उप्रेती वन आरक्षी, रितेश पाठक वन आरक्षी, बबिता जोशी आदि ने प्रतिभाग किया।

नगर पंचायत में बैठक करते एसडीएम। ● अमृत विचार

नगर की विकास योजनाओं पर चर्चा

भीमताल : भीमताल नगर पंचायत के प्रभारी अधिकारी उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार की अध्यक्षता में क्षेत्र की जनसमस्याओं और सुझावों के संबंध में बैठक हुई। इस दौरान लोगों ने जंगली जानवरों के बढ़ते खतरे को देखते हुए लोगों ने सार्वजनिक मार्ग पर सोलर लाइट लगाए जाने की मांग को प्राथमिकता से रखा। बैठक में अधिशासी अधिकारी विजय बिष्ट, अवर अभियंता महेंद्र सिंह धोनी, वरिष्ठ सहायक ललिता भट्ट, कमला आर्य, सीमा टम्टा, रामपाल सिंह गंगोला, आशा उप्रेती, ललित मेहरा, भुवन सिंह पडियार, दीपक आर्य, दीपक पांडे, नीम नेगी, पूरन बृजवासी, सौरभ रौतेला, लवेन्द्र सिंह रौतेला आदि मौजूद थे।

मेहरोत्रा इंटरप्राइजेज पर मुकदमा दर्ज

चोरगलिया : मेहरोत्रा इंटरप्राइजेज काशीपुर के अर्पित मेहरोत्रा पर मुकदमा दर्ज हुआ है। कशिश ऑटोमोबाइल्स गौलापार के मालिक पंकज कुमार ने पुलिस के कार्रवाई न करने पर कोर्ट की शरण ली। पंकज कुमार ने आरोप लगाया 2021 में अर्पित मेहरोत्रा की वजह से उन्हें 15 करोड़ से ज्यादा का नुकसान हो चुका है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मेहरोत्रा इंटरप्राइजेज रामनगर रोड काशीपुर पर 420, 406, 467, 468, 120, 471, 506 धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

कार्यशाला में बच्चों ने कविता पाठ किया

हल्द्वानी : एचएन इंटर कॉलेज में चल रही बाल लेखन की कार्यशाला के चौथे दिन बच्चों ने 'मोबाइल टनाटन नाटक' का मंचन किया। नाटक में मुख्यतौर पर हर्षिता रौतेला, कनिका, मधुरांश, दिव्या, राशि, कृष्णा, मोहम्मद, मोहित, सृष्टि, फजल, बबिता, रिंकी ने अभिनय किया। कवि सम्मेलन का संचालन डोली बोहरा व रुची ने किया। तन्मय, नंदन, कृति, डोली सक्सेना, सूरज, जय माहेश्वरी, अंजना, ज्योति ने स्वरचित कविताओं का पाठ किया। शिक्षिका मंजू पान्डे, लोकेष्णा मिश्रा व प्रमिला शर्मा ने कहा कि रचनात्मक रहना जीवन को हमेशा एक नई राह दिखाता है। इस दौरान राजीव लोचन साह, उदय किरौला, जगमोहन रौतेला, उमेश तिवारी, अनुपम जोशी, प्रसून जोशी, सरिता जोशी, विनीता यशस्वी, हेम पंत, दयाल पांडे, प्रमिला शर्मा, डॉ. विजया ढौंडियाल, हरिहरन लोहुमी, बीना जोशी आदि थे।

राज्य आंदोलनकारियों ने जताया सरकार का आभार

हल्द्वानी : दस प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण विधेयक विधानसभा में पारित होने पर उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी व उनके आश्रितों ने प्रदेश सरकार का आभार जताया है। चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति के केंद्रीय महामंत्री नवीन नैथानी व केंद्रीय प्रवक्ता लाखन चिलवाल ने कहा कि 10 वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद आज राज्य आंदोलनकारियों व उनके आश्रितों को वह सम्मान मिला है, जिसके वह हकदार हैं। इसके लिए सभी चिन्हित राज्य आंदोलनकारी उत्तराखंड सरकार का आभार जताते हैं।

भर्ती घोटाले में निलंबित दरोगा बहाल, लेकिन जांच अब भी बाकी

तत्कालीन हरीश रावत की सरकार (2015-16) में हुई थी 339 पदों पर दरोगा भर्ती

सर्वेश तिवारी, हल्द्वानी

अमृत विचार : हरीश रावत सरकार में भर्ती हुए 339 दरोगाओं पर भाजपा सरकार में गाज गिरी। पहले एसटीएफ और विजिलेंस की जांच रिपोर्ट पर 20 दरोगाओं को निलंबित कर दिया गया। अब धामी सरकार में ही सभी निलंबित दरोगाओं की बहाली का आदेश आ गया है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि आरोपियों की क्लीन चिट मिल गई है। क्योंकि इस मामले की जांच और न्यायालय का आदेश आना अभी बाकी है। बहाली के आदेश तब जारी किए गए हैं, जब पुलिस मुख्यालय ने इस बात की पुष्टि कर ली कि अब आरोपी मामले में किसी तरह का हस्तक्षेप नहीं कर पाएंगे।

बता दें कि वर्ष 2015-16 में कांग्रेस की तत्कालीन हरीश रावत सरकार के कार्यकाल में दारोगा के 339 पदों पर गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर ने सीधी भर्ती परीक्षा कराई थी। वर्ष 2022 में यूकेएसएसएससी पेपर लीक मामले में पकड़े गए उत्तरकाशी के पूर्व जिला पंचायत सदस्य और भाजपा नेता हाकम सिंह रावत हाकम सिंह और केंद्रपाल ने दरोगा भर्ती में भी गड़बड़ी की बात एसटीएफ को बताई थी। एसटीएफ ने इस मामले की प्रारंभिक जांच की तो पेपर लीक और ओएमआर शीट में छेड़छाड़ की बात सामने आई।

मामला उछला तो पूर्व डीजीपी अशोक कुमार ने मामले की विजिलेंस जांच की सिफारिश शासन से की। सीएम धामी की संस्तुति पर विजिलेंस ने जांच शुरू की थी। विजिलेंस ने प्राथमिक जांच के बाद 8 अक्टूबर 2022 को मुकदमा दर्ज किया और विजिलेंस की रिपोर्ट पर पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर 20 दरोगाओं को निलंबित कर दिया गया था। वहीं नैनीताल के एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा का कहना है कि उनके जिले के तीन निलंबित दरागओं को बहाल कर दिया गया है और फिलहाल तीनों पुलिस लाइन में हैं।

कई के खिलाफ मिले हैं धांधली के सबूत

दरोगा भर्ती घोटाले की एक साल से ज्यादा लंबे समय तक जांच चली, जो अब भी जारी है। इस मामले में विजिलेंस ने पिछले दिनों शासन को रिपोर्ट भेज दी थी। बताया जा रहा कि इनमें से कई दरोगा ऐसे हैं, जिनके खिलाफ धांधली के साक्ष्य नहीं मिले हैं, लेकिन कई अब भी राडार पर है। अब पुलिस मुख्यालय ने इन सभी दरोगाओं को बहाल करने के आदेश दिए हैं।

ये दरोगा हुए बहाल

देहरादून : ओमवीर सिंह, प्रवेश रावत, राज नारायण व्यास, जैनेंद्र राणा व निखिलेश बिष्ट।
ऊधमसिंहनगर : दीपक कौशिक, अर्जुन सिंह, बीना पपोला, जगत सिंह शाही, हरीश महर, लोकेश व संतोषी।
नैनीताल : नीरज चौहान, आरती पोखरियाल नैनीताल (अभिसूचना), प्रेमा कोरमा व भावना बिष्ट।
पौड़ी : पुष्पेंद्र (पिछले साल सड़क हादसे में मृत्यु हो चुकी)।
चमोली : गगन मैठाणी।
चंपावत : तेज कुमार।
एसडीआरएफ : मोहित सिंह रौथाण।

हाकम के सहयोगी ने उगला दरोगा भर्ती घोटाला

यूके, यूकेएसएसएससी की ओर से कराई गई अलग-अलग भर्ती परीक्षा में नकल और लेनदेन का खुलासा 2022 में हुआ था। इस धांधली के सामने आने के बाद एसटीएफ की टीम ने उत्तरकाशी के पूर्व जिला पंचायत और भाजपा नेता हाकम सिंह रावत सहित लगभग 60 से ज्यादा लोगों की गिरफ्तारी की थी। जब हाकम के सहयोगी केंद्र पाल को गिरफ्तार किया गया तो 2015-16 में हुई भर्ती घोटाले की बात सामने आई थी। तब डीजीपी रहे अशोक कुमार ने 26 अगस्त 2022 को शासन को पत्र भेज कर दरोगा भर्ती में लगे घोटाले की जांच स्वतंत्र एजेंसी से कराने की सिफारिश की थी।

ओएमआर शीट बनी थी निलंबन की वजह

शुरुआती जांच में विजिलेंस ने भी एसटीएफ से मिले तथ्यों और अपनी प्रारंभिक जांच के बाद इसमें गड़बड़ी की बात पकड़ी थी। जांच के दौरान ये सामने आया कि ओएमआर शीट में छेड़छाड़ की गई है। इसके बाद शासन ने मुकदमे की अनुमति दे दी थी। मुकदमा दर्ज होने के बाद लगातार मामले की जांच विजिलेंस ही कर रही है, जिसपर विजिलेंस ने मामले में संलिप्त 20 दरोगाओं को संदिग्ध बताते हुए पुलिस मुख्यलय को लिस्ट सौंपी।

यूओयू में जुटे वैज्ञानिक प्रौद्योगिकी पर किया मंथन

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: यूओयू में उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट) के 18वें राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिक सम्मेलन शुरू हो गया। आयोजन गुरुकुल कांगड़ी व यूओयू ने संयुक्त रूप से किया और इसका नाम टेक्नोलॉजी संगम रखा है।

सम्मेलन का उद्घाटन यूकॉस्ट के महानिदेशक प्रोफेसर दुर्गेश पंत ने किया। प्रो. पंत ने कहा कि इस आयोजन से विद्यार्थियों को नई जानकारी मिलेगी। डॉ. विजय वेणुगोपालन ने वैज्ञानिक स्वभाव विकसित करने की बारीकियों पर प्रकाश डाला। डॉ. आशुतोष भट्ट ने बताया कि कैसे कंप्यूटर विज्ञान स्वास्थ्य देखभाल से लेकर वित्त तक विविध क्षेत्रों को आकार दे रही है। डॉ. विनय ऋषिवाल ने कंप्यूटर विज्ञान में नवीनतम प्रौद्योगिकी का अनावरण किया। शुभम तोमर ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दायरे की खोज की। डॉ. मयंक अग्रवाल ने दैनिक जीवन में प्रौद्योगिकी की सर्वव्यापकता और समाज पर इसके प्रभाव की ओर ध्यान आकर्षित किया। डॉ. सुयश भारद्वाज ने 'एआई और मशीन लर्निंग' की जटिलताओं का पता लगाया। सिद्धार्थ माधव डायरेक्टर टेक्नो हब व गुरुकुल कांगड़ी के इंजीनियरिंग के छात्रों ने स्कूल के सभी छात्रों को छात्रों को हैंड्स ऑन एक्सपेरिमेंट करवाया। जिसमें उन्होंने ड्रोन ऑगमेंटेड रियलिटी वर्चुअल रियलिटी रोबोट के साथ हैंड्स ओं एक्सपेरिमेंट करवाया। इस दौरान यूओयू के कुलपति प्रो. ओम प्रकाश सिंह नेगी, कुलसचिव प्रो. पीडी पंत, संयुक्त निदेशक यूकॉस्ट प्रो. डीपी उनियाल, डॉ. मयंक अग्रवाल, डॉ. सुयश भारद्वाज आदि रहे।

कार्यक्रम

- यूओयू के कार्यक्रम में देश के विभिन्न वैज्ञानिक पहुंचे
- वैज्ञानिक स्वभाव विकसित करने पर दिया जोर

यूओयू में फिल्म अडवाल का हुआ प्रीमियर

हल्द्वानी, अमृत विचार : यूओयू के सभागार में कुमाऊनी फिल्म अडवाल का प्रीमियर हुआ। कार्यक्रम के संचालक राकेश रयाल ने बताया कि अडवाल गत वर्ष 7 अगस्त को लंदन के ब्रिटिश फिल्म इंस्ट्रीयूट (बीएफआई) में प्रीमियर के बाद अंतरराष्ट्रीय ख्याति बटोर चुकी है। उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में प्रीमियर भारत में इसका पहला प्रदर्शन है। अडवाल दरअसल कविता की जुबान में कविता की कहानी है। फिल्मकार ललित मोहन जोशी की यह आत्म कथात्मक फिल्म, कुमाऊनी कविता के उद्भव, विकास और उसमें अंतर्निहित दर्द की भी दास्तान है।

जाते-जाते दूसरों को रोशनी दे गए लिप्टन बाबू

रामनगर : रामेश्वर प्रसाद अग्रवाल उर्फ लिप्टन बाबू जाते-जाते दूसरों की अंधकार भरी जिंदगी को प्रकाश से जगमगा गए। रामनगर के व्यापारी संजय अग्रवाल और अजय अग्रवाल के पिता रामेश्वर अग्रवाल की बीती शाम मृत्यु हो गई थी। रामेश्वर प्रसाद को सारा शहर लिप्टन बाबू के नाम से ज्यादा जनता था।

पिता की मृत्यु के बाद उनके परिवार ने पिता के नेत्रदान की इच्छा जाहिर की। दया फाउंडेशन की ओर से आए चिकित्सकों ने स्व. अग्रवाल की आंखों का कार्निया निकालकर सुरक्षित किया। बताते चलें कि संजय अग्रवाल और अजय अग्रवाल ने स्वयं भी मरणोपरांत अपने नेत्रदान की घोषणा लिखित रूप में की है।

शहीदों को दी श्रद्धांजलि, वीरांगनाओं को दिया सम्मान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : युद्ध सम्मान दिवस 8 कुमाऊं के पूर्व सैनिकों ने धूमधाम से मनाया। समारोह में शामिल होने के लिए कई जिलों के पूर्व सैनिक पहुंचे और नाच-गाकर सम्मान दिवस को यादगार बनाया। इससे पहले पूर्व सैनिकों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्य अतिथि सूबेदार मेजर ऑनरी कैप्टन गोपाल सिंह, जिला पूर्व सैनिक लीग के अध्यक्ष बीएस रौतेला व जिला पूर्व सैनिक कल्याण के अधिकारी कैप्टन पुष्कर सिंह भंडारी ने राष्ट्रीय ध्वज और 8 कुमाऊं का ध्वज फहराकर कुसुमखेड़ा स्थित एक बैंक्वेट हॉल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसके बाद शहीदों की वीरांगनाओं को सम्मानित किया।

बीएस रौतेला ने बताया कि वर्तमान बर्मा में स्थित कंगवा में 8/19 को 8 कुमाऊं रेजिमेंट के जवानों ने वीरता और साहस का परिचय देते हुए युद्ध लड़ा था। कार्यक्रम में नैनीताल, पिथौरागढ़, चम्पावत, अल्मोड़ा, बागेश्वर, दिल्ली और जयपुर से 8 कुमाऊं के पूर्व सैनिक कार्यक्रम में पहुंचे।

युद्ध सम्मान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किए गए 8 कुमाऊं के पूर्व सैनिक व वीरांगनाएं।

- 8 कुमाऊं के पूर्व सैनिकों ने धूमधाम से मनाया युद्ध सम्मान दिवस, कुमाऊं के साथ अन्य राज्यों से भी पहुंचे पूर्व सैनिक

रामनगर में कांगो विजय दिवस मनाते पूर्व सैनिक। ● अमृत विचार

कांगो पहाड़ी पर दर्ज जीत को विजय दिवस के रूप में मनाया

रामनगर : बर्मा स्थित कांगो पहाड़ी पर विजय प्राप्त करने वाले वीर सैनिकों ने 79 वर्षगांठ पर बहादुरी की कहानी को बयां किया। आठ कुमाऊं रेजीमेंट के सेवानिवृत्त सैनिकों ने 79 वां कांगो विजय दिवस समारोह धूमधाम से मनाया। पूर्व सैनिकों ने कहा कि कांगो पहाड़ी पर जीत को भारतीय सेना के इतिहास में कभी नहीं भुलाया जा सकता। इस दौरान कैप्टन ललित खाती, पूरन राणा, हवलदार जमुना दत्त, नारायण रावत, भीम सिंह, रमेश बेलवाल, कंपनी हवलदार मेजर चन्दन सिंह अधिकारी, सेवारत सूबेदार वीरेन्द्र सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

पांच महीने से 131 आंगनबाड़ी केंद्रों के लाभार्थियों को राशन का इंतजार

गरमपानी : बेतालघाट ब्लॉक के गांवों में स्थित 131 मिनी व पूर्ण आंगनबाड़ी के नौनिहालों व गर्भवती महिलाओं को पिछले पांच महीने से पौष्टिक आहार के रुप में दिया जाने वाला राशन ही उपलब्ध नहीं हो सका है। बीते सितंबर के बाद से पांच महीने बीतने के बावजूद राशन उपलब्ध न होने से लाभार्थी परेशान हैं। बाल विकास विभाग की सीडीपीओ अनिता सक्सेना के अनुसार राशन उपलब्ध होते ही वितरण कार्य शुरु होगा। पूर्ति निरीक्षक अनीता पंत के अनुसार कोटा अभी उपलब्ध नहीं हुआ है।

बेतालघाट ब्लॉक के गांवों में लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं लाभ का समय पर नहीं मिल पा रहा है। योजनाओं से लाभान्वित होने को लंबा इंतजार करना मजबूरी बन चुका है। बाल विकास विभाग विभाग की महत्वाकांक्षी योजना के तहत आंगनबाड़ी केंद्र में पंजीकृत नौनिहालों व गर्भवती महिलाओं को तय मानक के अनुसार पोषक तत्वों से भरपूर फोर्टीफाइट राइस व गेहूं देने का प्रावधान है। योजना से लाभ मिले इसके लिए खाद्यान्न विभाग से राशन आंगनबाड़ी केंद्रो में पहुंचाया जाता है। पर पिछले पांच महीने के लंबे अंतराल के बाद भी लाभार्थी पोषक तत्वों से भरपूर फोर्टीफाइट राइस व गेहूं का इंतजार कर रहे हैं। ब्लॉक के तमाम गांवों में संचालित लगभग 131 मिनी व पूर्ण आंगनबाड़ी केंद्रों में बीते सितंबर से लाभार्थियों का कोटा उपलब्ध नहीं हो सका है।

नैनीताल, ऊधमसिंहनगर, पौड़ी, चंपावत ने जीते अपने-अपने मैच

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: राज्य स्तरीय फुटबॉल ओपन पुरुष प्रतियोगिता बुधवार को गौलापार स्थित इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुई जिसमें राज्य की 15 टीमें हिस्सा ले रही हैं। पहला लीग मैच चंपावत और पिथौरागढ़ के बीच खेला गया जिसको चंपावत ने 3-2 से जीता। दूसरा मैच ऊधमसिंह नगर और बागेश्वर के बीच खेला गया जिसमें ऊधमसिंह नगर 1-0 से विजयी रहा। तीसरा मैच रुद्रप्रयाग और पौड़ी जिसमें पौड़ी 3-0 और चौथा मैच देहरादून और चमोली ने खेला जिसमें दोनों टीमें गोल नहीं कर पाई। आखिरी मैच नैनीताल व उत्तरकाशी के बीच खेला गया जिसको नैनीताल ने 5-0 से जीता। इस दौरान सहायक निदेशक खेल, उत्तराखंड रसिका सिद्दीकी, फुटबॉल एसोसिएशन महासचिव अतर अली, उप क्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल, आयोजक सचिव किशोर पाल, उप क्रीड़ा अधिकारी, देहरादून रविंद्र भंडारी, त्रिलोक जीना, अमित धर्मवाल आदि मौजूद रहे।

फुटबाल

- गौलापार स्टेडियम में राज्य की 15 टीमें हिस्सा ले रहीं
- राज्य स्तरीय फुटबॉल ओपन पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन

उत्साह कोतवाली लालकुआं में अभिनेता आर्य बब्बर, दया शेट्टी, अभिनेत्री इंदु सोलंकी पहुंचे

लालकुआं थाने में फिल्म लव ब्लड की शूटिंग

संवाददाता, लालकुआं

अमृत विचार: बॉलीवुड की फिल्म लव ब्लड की शूटिंग के दौरान बुधवार को कोतवाली लालकुआं में अभिनेता आर्य बब्बर, दया शेट्टी, अभिनेत्री इंदु सोलंकी और पायल बनर्जी ने अभिनय किया।

लालकुआं कोतवाली में दोपहर बाद जैसे ही बॉलीवुड के कलाकार पहुंचे तो देखने वालों की भारी भीड़ एकत्र हो गई। पुलिस को भीड़ पर नियंत्रण करने के लिए भारी मशक्कत करनी पड़ी। लालकुआं कोतवाली में महज 1 मिनट का सीन था। इसमें अभिनेता दया शेट्टी को कोई सूचना मिलती है, वह गाड़ी से उतरकर लालकुआं कोतवाली पहुंचते हैं, और कोतवाली से हल्दूचौड़ स्थित एक राइस मिल में छापा मारने रवाना हो जाते हैं। इस दौरान फिल्म के डायरेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी, प्रोड्यूसर राहुल मिश्रा, महेश जोशी, सीमा रावत, अंजलि पंत और लाइन प्रोड्यूसर जतिन पांडे सहित लगभग 100 से अधिक लोगों का स्टाफ मौजूद रहा।

लालकुआं कोतवाली में शूटिंग कर रहे कलाकार एवं लगी क्षेत्र वासियों की भीड़। ● अमृत विचार

टीएवीआर वाल्व सर्जरी में सबसे सुरक्षित विकल्प

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मैक्स स्मार्ट सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल साकेत के कार्डिएक साइंसेज के सीनियर डायरेक्टर और यूनिट हेड डॉ. रिपेन गुप्ता ने बताया कि कार्डियोलॉजी में प्रगति ने वाल्व रिप्लेसमेंट के क्षेत्र में क्रांति ला दी है। ट्रांसकैथेटर महाधमनी वाल्व प्रतिस्थापन (टीएवीआर) एक न्यूनतम इनवेसिव प्रक्रिया के रूप में उभरा है जो सर्जिकल वाल्व प्रतिस्थापन के लिए सुरक्षित और प्रभावी विकल्प प्रदान करता है। जारी बयान में डॉ. रिपेन ने कहा कि टीएवीआर ओपन-हार्ट सर्जरी की आवश्यकता के बिना हृदय वाल्व के प्रतिस्थापन की अनुमति देता है। एक कैथेटर-माउंटेड वाल्व को कमर में एक छोटे से पंचर के माध्यम से डाला जाता है और पुराने वाल्व की साइट पर निर्देशित किया जाता है। एक बार स्थिति में आने के बाद नया वाल्व तैनात किया जाता है, जिससे तत्काल नैदानिक सुधार होता है। यह प्रक्रिया आमतौर पर कार्डियक कैथीटेराइजेशन लैब में की जाती है, जिससे पारंपरिक सर्जरी से जुड़े जोखिम कम हो जाते हैं।

कांग्रेस सत्ता में आई तो अग्निवीर योजना को कर देंगे समाप्त

युवा कांग्रेस के अग्निवीर संवाद कार्यक्रम में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के राजनैतिक सलाहकार गुरदीप सप्पल ने किया ऐलान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : युवा कांग्रेस के अग्निवीर संवाद में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के राजनैतिक सलाहकार गुरदीप सप्पल ने केंद्र में कांग्रेस की सत्ता आने पर सेना में भर्ती की अग्निवीर योजना को समाप्त कर पूर्व की भांति भर्ती किए जाने की घोषणा की है।

मंगलवार को नैनीताल रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल में हुए कार्यक्रम में राजनैतिक सलाहकार सप्पल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं पढ़े लिखे नहीं है इसलिए वह युवाओं का दर्द नहीं समझेंगे। उन्होंने कहा कि अग्निवीर समाप्त कर पूर्व की भांति भर्ती के वादे को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए बनने वाले घोषणापत्र में शामिल किया जाएगा। यदि आगामी आम चुनाव में कांग्रेस सत्ता में आती है तो अग्निवीर योजना के आदेश को वापस ले लिया जाएगा। सेना में पूर्व की भांति भर्ती की जाएगी। सोशल मीडिया के वार रूम के नेशनल हेड वैभव वालिया ने कहा कि सेना में भर्ती निकाली गई, लाखों युवाओं ने आवेदन किया। भर्ती प्रक्रिया चल रही थी कि अचानक तानाशाह रवैया अपनाते हुए भर्ती रद कर दी गई और अग्निवीर योजना लागू कर दी। यह देश के लाखों युवाओं के साथ छलावा है। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश के युवाओं से वादा है कि कांग्रेस के केंद्र में आते ही अग्निवीर योजना को वापस ले लिया जाएगा। पूर्व की तरह ही सेना में भर्तियां होंगी। प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि उत्तराखंड में हर घर में युवा सबसे पहले सेना में भर्ती होने का सपना देखता है, लाख जटिलताओं के बाद भी सेना में भर्ती के लिए कड़ी मेहनत करता है। फिर सेना में 4 साल सर्विस का झुनझुना देकर प्रदेश के लाखों युवाओं के साथ छलावा किया है। कांग्रेस शुरुआत से इसके विरोध में है, अब इस विरोध को देश भर में आंदोल बनाया जाएगा। इस दौरान महेश शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर, राहुल छिमवाल, सतीश नैनवाल, हेमंत साहू, मीमांशा आर्या, भुवन चौबे, ऋषभ महर, अरबाज खान, भानु प्रताप आदि मौजूद थे।

कांग्रेस के संवाद कार्यक्रम में पहुंचे गुरुदीप सप्पल और अन्य । ● अमृत विचार

संवाद कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ता । ● अमृत विचार

युवाओं ने बयां किया दर्द

गांव में एक भी मैदान नहीं है इसलिए नदी में मैदान बनाकर फौज की तैयारी करता था। वर्ष 2020 में भर्ती के लिए फिजिकल दिया और फिर परीक्षा रद कर दी गई। बाद में अग्निवीर योजना शुरू होने का फरमान सुना दिया गया। केंद्र को यह योजना वापस लेनी चाहिए।
–चमन सिंह, पवलगढ़, कोटाबाग

एक सैनिक को 1600 मीटर की दौड़ में एक–दो सेकेंड बचाने के लिए 3–4 वर्ष तक कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। जितनी उम्र युवा भर्ती की तैयारी में लगा देता है, उतने ही समय की नौकरी मिलेगी। अग्निवीर योजना की आड़ में युवाओं को अग्नि में झोंकने की साजिश की जा रही है।
–राजपाल निवासी खटीमा

परिवार का इकलौत लड़का हूं, फिर भी सेना में जाने का सपना है। वर्ष 2016 से भर्ती की तैयारी कर रहा था। वर्ष 2020 में फिजिकल और मेडिकल क्लीयर किया। फिर लिखित परीक्षा हुई। 1.50 लाख युवाओं का चयन हुआ बाद में परीक्षा रद करदी गई। युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया। इस अग्निवीर योजना को समाप्त कर देना चाहिए। **–दिव्यांशु भट्ट, बागेश्वर**

पहाड़ में मैदान नहीं होते हैं, युवाओं को मकान से सड़क तक आने के लिए जंगल पार करना पड़ता है, इसमें जंगली जानवरों का भी खतरा रहता है। पहाड़ का युवा भारी विपत्तियों के बीच कड़ी मेहनत करता है, सरकार परीक्षा रद कर देती है। 4 साल बाद युवा फौज से आकर फिर बेरोजगार हो जाएगा। सरकार को अग्निवीर के बारे में सोचना चाहिए। **–शुभम बिष्ट, अल्मोड़ा**

युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ने कहा-तानाशाही कर रहे प्रदेश अध्यक्ष भुल्लर

हल्द्वानी : युवा कांग्रेस में कार्यक्रमों को लेकर एक बार फिर बवाल शुरू हो गया है। जिलाध्यक्ष हर्षित भट्ट व विधानसभा अध्यक्ष मोकिन सैफी ने प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर पर तानाशाही व निर्वाचित पदाधिकारियों के अपमान करने का आरोप लगाया। उन्होंने संयुक्त रूप से कहा कि प्रदेश अध्यक्ष मनमानी करते हुए क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं, जिसकी सूचना संबंधित जिले के अध्यक्ष व विधानसभा अध्यक्ष को नहीं दी जा रही हैं। बुधवार को अग्निवीर संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया लेकिन किसी को सूचना नहीं दी गई। जब प्रदेश अध्यक्ष ही स्वयं ही ऐसी अनुशासनहीनता करेंगे तो प्रदेश, जिला, बूथ स्तर पर संगठन कैसे मजबूत होगा। प्रदेश महासचिव आसिफ अली ने कहा कि कांग्रेस संगठन में भी विपरीत विचारधारा के लोग भरे हुए हैं। युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष विशेषकर मुस्लिम पदाधिकारियों को जानबूझ कर निशाना कर रहे हैं। जल्द ही एक प्रतिनिधि मंडल युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कुमारी शैलजा से मिलकर इस घटनाक्रम से अवगत कराया जाएगा।

दो करोड़ से बने कैफे व पार्किंग में आई दरारें

गरमपानी : अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर गरमपानी क्षेत्र में दो करोड़ रुपये से भी अधिक की लागत से बनकर तैयार हुआ कैफे व पार्किंग उद्घाटन से पहले ही बदहाल होने लगा है। दरकता फर्श व टूटी सीढियां बदहाली की हकीकत बयां कर रहा है। करोड़ों रुपये की लागत से बनकर तैयार हुए कैफे व पार्किंग की सुध न लिए जाने से क्षेत्रवासियों में गहरी नाराजगी है। जिलाधिकारी के समक्ष भी मामला उठने के बावजूद अब तक संचालन शुरु नहीं हो सका है।

हाइवे पर गरमपानी क्षेत्र में कुमाऊं मंडल विकास निगम ने दो करोड़ रुपये से भी अधिक की लागत से कैफे व पार्किंग का निर्माण किया है। जल्द ही पेट्रोल पंप का निर्माण भी शुरु होना है। लंबे समय से बनकर तैयार हुए कैफे व पार्किंग का संचालन शुरु न होने पर क्षेत्रवासियों ने बीते दिनों जिलाधिकारी वंदना सिंह के समक्ष भी मामला उठाया। जिलाधिकारी ने कैफे व पार्किंग का जायजा ले इसका संचालन शुरु करने को विशेष कमेटी का गठन किया। उपजिलाधिकारी विपिन चंद्र पंत की अगुवाई में गठित प्रशासन, सिंचाई, लोनिवि तथा प्राधिकरण की संयुक्त टीम ने स्थलीय निरीक्षण भी कर चुकी है।

बस स्टेशन पड़ा बदहाल, रोडवेज कर्मचारियों ने खुद लगाई झाड़ू

लामबंद
- पिछले एक सप्ताह से नहीं हो रही स्टेशन की सफाई
- हाथों में झाड़ू लेकर किया ठेकेदार का विरोध

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: रोडवेज स्टेशन में ठेकेदार के सफाईकर्मियों ने एक सप्ताह बाद भी सफाई नहीं की जिससे यह गंदगी से बदहाल पड़ा है। स्टेशन परिसर में हर जगह कूड़े के ढेर लगे हैं और वेटिंग रूम के साथ ही कार्यालयों में भी गंदगी पसरी है। रोडवेज कर्मचारियों ने बुधवार को अपने हाथों में झाड़ू लेकर सफाई करते हुए विरोध जताया। कर्मचारियों ने परिसर के बाहर झाड़ू लगाया।

बता दें कि पिछले एक सप्ताह से स्टेशन में नये ठेकेदार के सफाईकर्मी काम नहीं कर रहे हैं जिससे परिसर में चारों तरफ गंदगी फैली है। कार्यशाला में भी बसों की धुलाई-सफाई नहीं की जा रही है जिससे यात्रियों को दिक्कतें हो रही हैं।

जब इस बारे में बालाजी इंटरप्राइजेज के ठेकेदार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उनके सफाईकर्मी दो बार कार्यालयों में झाड़ू लगा रहे हैं और परिसर की सफाई भी की जा रही है।

बताया कि नया काम होने के कारण उनको संसाधन जुटाने में कुछ दिक्कतें आ रही हैं जिनको दूर किया जा रहा है। बताया कि आरएम स्तर से उनके पास नोटिस आया है जिसका जवाब अभी नहीं दिया गया है। कहा कि जल्द ही व्यवस्थाएं दुरूस्त कर ली जाएंगी।

बस स्टेशन परिसर में झाड़ू लगाते रोडवेज कर्मचारी । ● अमृत विचार

राजीव गांधी नवोदय के छात्रावास के शौचालय में गंदगी का अंबार

संवाददाता, कालाढूंगी

अमृत विचार : राजीव गांधी नवोदय विद्यालय स्यात के छात्रावास के शौचालयों की हालत खस्ता है। शौचालयों में सफाई न होने के साथ कूडेद्दान भी उपलब्ध नहीं हैं। साथ ही कक्षाओं के छतों से पानी का रिसाव हो रहा है। विद्यालय के शौचालयों व आसपास गंदगी को देखने वाला कोई नहीं है। ऐसे में छात्रों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

माता-पिता सपने संजोकर अपने बच्चों को राजीव गांधी नवोदय विघालय भेजते हैं। छात्रावास के शौचालयों व कक्षाओं की छतों से पानी रिसाव व दीवारों में सीलन से छात्रों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार के करोड़ों रुपये की लागत से बने छात्रावास के ऊपरी मंजिल के शौचालय का पानी नीचे के शौचालय में रिस रहा है। शौचालय के बाहर कूडेद्दान न होने से कूड़ा बिखरा रहता है। वहीं विद्यालय के दोनों ओर रिजार्ट का निर्माण किया जा रहा है। प्रभारी प्रधानाचार्य हरीश बिनवाल ने बताया कि एक स्वच्छक डेलीवेज पर रखा गया है। वह ऑफिस, कक्षाओं, कैंपस के शौचालय की सफाई करता है। उन्होंने बताया कि वीएमसी के माध्यम से डीएम को विद्यालय में दो स्वच्छक व रिजार्ट के निर्माण की जानकारी दी गई है।

छात्रावास के शौचालय में इस तरह फैली है गंदगी । ● अमृत विचार

शौचालय में गंदगी का अंबार लगा है। स्कूल प्रबंधन द्वारा कार्य ठीक से नहीं किया जा रहा है। अभिभावक संघ की बैठक भी नहीं कराई जा रही है।
– नवीन भट्ट, अभिभावक संघ अध्यक्ष

बजट के अभाव में लटकी उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति योजना

संवाददाता, हल्द्वानी

हाल
- 23 मेधावी छात्राएं अभी छात्रवृत्ति के इंतजार में
- महाविद्यालय प्रशासन ने की बजट की मांग

अमृत विचार: मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के तहत सभी लाभार्थियों को लाभ नहीं मिल पाया है। बजट के अभाव में 23 मेधावी छात्राएं छात्रवृत्ति से वंचित हैं। बजट की मांग कर दी गई है।

उच्च शिक्षा विभाग ने छात्रवृत्ति के रूप में मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना शुरू की है। इसके तहत बीए, बीएसी और बीकॉम में 80 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त करने वाले डिग्री कॉलेज और विश्वविद्यालय के टॉपरों को 1500 से लेकर 3000 रुपये तक की छात्रवृत्ति प्रतिमाह दी जाती है। साथ ही एमए, एमएससी व एमकॉम के टॉप तीन विद्यार्थियों को दो से पांच हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्रतिमाह दी जा रही है। महिला महाविद्यालय हल्द्वानी में योजना के तहत कुल लाभांवित छात्राओं की संख्या 60 रही। इसमें अभी तक 37 छात्राओं को डीबीटी के माध्यम से कुल 5.94 लाख रुपये छात्रवृत्ति के रूप में दिये गए हैं। इसके बाद बजट ही खत्म हो गया। जिस वजह से 23 छात्राओं को छात्रवृत्ति दिया जाना रुक गया। कॉलेज प्रशासन ने विभाग से बची हुई छात्राओं की छात्रवृत्ति के लिए 2.67 लाख रुपये जारी करने की मांग की है।

मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के तहत महाविद्यालय में 37 छात्राओं को डीबीटी के माध्यम से भेज दी है। बाकी बची छात्राओं की छात्रवृत्ति के लिए बजट की मांग की गयी है। **–प्रो. शशि पुरोहित, प्राचार्य, महिला महाविद्यालय, हल्द्वानी**

हल्द्वानी से काठगोदाम तक पुलिस ही पुलिस

सतर्कता
- पुलिस से लेकर पीएसी और आईआरबी तैनात
- एसएसपी के निर्देश पर एसपी सिटी ने संभाली कमान

कार्यालय संवाददाता, अमृत विचार

हल्द्वानी : रात के समय लगातार सामने आ रहीं वारदातों और यूसीसी बिल को लेकर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को और भी चाक चौबंद कर दिया। बुधवार की रात पुलिस और पीएसी फोर्स ने एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा के निर्देश पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान चौराहों लेकर सड़क किनारे बने शराब के ठेके, रेस्टोरेंट और ढाबों को भी चेक किया गया। एसपी सिटी ने इसकी कमान संभालते हुए खुद मौके पर पहुंचकर पूरी व्यवस्थाओं को परखा।

यूसीसी बिल की गंभीरता को लेकर पुलिस पहले से ही तैयारी में जुटी थी। वहीं शहर में बीते तीन दिनों से गैंग रेप और नशे में धुत होकर गाड़ी दौड़ाने के मामले सामने आ रहे थे। नैनीताल के अलावा दूसरे जिलों से भी फोर्स को बुलाया गया था। साथ ही पीएसी और आईआरबी की प्लाटून को भी शहर में तैनात कर दिया गया था। वहीं इसी फोर्स की ड्यूटी लगाते हुए एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बुधवार को शहर में बड़ा चेकिंग अभियान शुरू करा दिया। मुखानी से लेकर कोतवाली और कालाढूंगी रोड से लेकर नैनीताल और बरेली व रामपुर मार्ग पर पीएसी, पुलिस और आईआरबी की टीमें तैनात कर दी गईं। शहर के बाहर आने जाने वाले वाहनों, शराब की दुकानों, होटल, रेस्टोरेंट और ढाबा आदि पर पुलिस ने ताबड़तोड़ चेकिंग की। रोडवेज बस अड्डे से लेकर रेलवे स्टेशन तक चेकिंग की गई। एसपी सिटी ने खुद हर क्षेत्र में पहुंचकर व्यवस्थाओं को परखा। एसपी सिटी ने बताया कि करीब 700 से भी ज्यादा पुलिसकर्मियों को अभियान में लगाया गया है। किसी भी तरह की कोई आपराधिक गतिविधि मिलने पर तुरंत कार्रवाई के सख्त निर्देश दिए गए हैं। सांप्रदायिक या सार्वजनिक माहौल बिगाड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। इस दौरान कोतवाल उमेश मलिक, एसओ प्रमोद पाठक, एसओ नीरज भाकुनी, एसओ विमल मिश्रा सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

हल्द्वानी में रात के समय चेकिंग करते पुलिस कर्मचारी । ● अमृत विचार

700 से ज्यादा सुरक्षा कर्मियों ने चलाया चेकिंग अभियान

राहत हर गुरुवार को बाल रोग ओपीडी में लगाया जाएगा अस्थमा क्लीनिक, पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट मशीन भी लगी

एसटीएच में अब बच्चों में अस्थमा की जांच शुरू

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : सांस की बीमारी से जूझ रहे बच्चों के माता-पिता के लिए अच्छी खबर है। डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) में अस्थमा से पीड़ित बच्चों की जांच शुरू हो गई है। अब हर सप्ताह के गुरुवार को बाल रोग ओपीडी में अस्थमा क्लीनिक लगाया जाएगा।

एसटीएच के बाल रोग विभाग में रोजाना 150 से 200 बीमार बच्चों की ओपीडी होती है। कई बार ओपीडी में ऐसे बच्चे आते हैं, जिन्हें सांस लेने में तकलीफ होती है। जांच करने पर बच्चे में अस्थमा के लक्षण दिखते हैं। इसकी पुष्टि करने के लिए पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (पीएफटी) कराया जाता है। लेकिन अस्पताल में मशीन न होने के कारण माता-पिता को टेस्ट बाहर कराना पड़ता था। जिसमें करीब एक हजार रुपये खर्च होते थे। इस परेशानी को देखते हुए करीब एक सप्ताह पूर्व बाल रोग विभाग में पीएफटी मशीन स्थापित कर दी गई है। मशीन का ट्रायल पूरा हो गया है। अगले सप्ताह के गुरुवार से ओपीडी में अस्थमा क्लीनिक लगाकर सांस की बीमारी से पीड़ित बच्चों की जांच शुरू हो जाएगी।

6 से 16 साल तक के बच्चे अस्थमा की चपेट में

एसटीएच के बाल रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रितु रखोलिया कहती हैं कि बच्चों में सांस लेने की समस्या तेजी से बढ़ रही है। 6 से 16 साल तक के बच्चे अस्थमा की चपेट में आ रहे हैं। ऐसे बच्चों को मौसम में परिवर्तन के समय सबसे ज्यादा परेशानी होती है। सर्दियों की शुरुआत और बौर आने के समय अस्थमा से पीड़ित बच्चे ठीक से सांस नहीं ले पाते। इसलिए उन्हें इन्हेलर थैरेपी दी जाती है। डॉ. रितु ने बताया कि किसी भी बच्चे में अस्थमा के शुरुआती लक्षणों को समय पर इलाज से रोका जा सकता है। लेकिन जिन बच्चों के माता–पिता को अस्थमा की शिकायत होती है, उन्हें लंबे समय तक तकलीफ रहती है।

पीएफटी मशीन के लिए मेडिकल कॉलेज प्रबंधन को प्रस्ताव भेजा था। जिसके तहत ओपीडी में मशीन स्टाल हो गई है। इससे अस्थमा से पीड़ित बच्चों की जांच करने में आसानी होगी। हर सप्ताह के गुरुवार को ओपीडी में अस्थमा क्लीनिक लगाया जाएगा।
– डॉ. रितु रखोलिया, विभागाध्यक्ष बाल रोग विभाग एसटीएच

उपनल कर्मचारियों ने गेट मीटिंग के बाद लिया निर्णय, सरकार पर लगाया सौतेले व्यवहार का आरोप

मांगों को लेकर उपनल संविदा कर्मियों का कार्य बहिष्कार 12 से

गुस्सा

▸▸ नियमित करने की बजाय निकाला जा रहा है नौकरी से

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: पांच सूत्रीय मांगों पर कार्रवाई नहीं होने से नाराज उपनल कर्मियों ने आक्रोश व्याप्त है। विरोध में कर्मियों ने 12 फरवरी से उपनल संयुक्त मोर्चे के तहत कार्य बहिष्कार की चेतावनी दे दी है। इसको लेकर जिले के उपनल संविदा कर्मियों में गेट मीटिंग की। इसमें उपनल कर्मियों ने सरकार पर सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया है।

बुधवार को उत्तराखंड उपनल संविदा कर्मचारी संघ शाखा ऊधमसिंह नगर से जुड़े कर्मी विकास भवन पहुंचे और गेट मीटिंग की। इस दौरान उपनल कर्मियों ने कहा कि वे कई बार समस्याओं के निस्तारण के लिए शासन को पत्र भेज चुके हैं। जिसका निस्तारण तो दूर वार्ता के लिए भी पदाधिकारियों को नहीं बुलाया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य गठन के बाद से कम वेतन में काम करते हुए अपना अमूल्य समय विभागों में काम करते हुए निकाल दिया है। अब उनकी उम्र 40 से 45 वर्ष हो गयी है।

विकास भवन में गेट मीटिंग करते उपनल संविदा कर्मी। ● अमृत विचार

यह हैं उपनल कर्मियों की मांगें

- सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन एलएलपी को वापस लिया जाए और उच्च न्यायालय के निर्णय को लागू किया जाए।
- उपनल कर्मियों के वेतन में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जाए।
- उपनल कर्मियों को महंगाई भत्ता दिया जाए।
- प्रोत्साहन का निर्धारण 0 से 5, 5 से 10 और 10 से 15 वर्ष किया जाए।
- लगातार पांच वर्ष अधिक समय से कार्य कर रहे कर्मियों के लिए पद सृजित किए जाएं।

उनको नियमित करने की बजाय अब सरकार बिना कारण बताए नौकरी से निकाल रही है। जो काम कर रहे हैं उनको न तो समय पर वेतन दिया जा रहा है और न ही महंगाई को देखते हुए उनके वेतन में बढ़ोतरी की जा रही है। वर्ष 2021 से कर्मियों के वेतन में एक रुपये की भी बढ़ोतरी नहीं की गयी है, जबकि अन्य सरकारी कर्मचारियों का 18 से 22 प्रतिशत तक महंगाई भत्ता बढ़ा दिया गया है। इसे उपनल कर्मी किसी भी कीमत में बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस अवसर पर संघ के जिला संयोजक मनोज कुमार, जिलाध्यक्ष कमलजीत सिंह, उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार, मो. यासीन, पूरन शर्मा, प्रमोद सिराड़ी, भूपाल राणा, जीत सिंह, राजेश कुमार समेत कई कर्मी मौजूद रहे।

श्रमिक आज मनाएंगे मजदूर प्रतिरोध दिवस

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ गुरुवार को मजदूर अधिकार संघर्ष अभियान (मासा) के आह्वान पर देशव्यापी मजदूर प्रतिरोध दिवस मनाया जाएगा। इसको लेकर श्रमिक नेता रुद्रपुर, लालपुर, जय नगर, दिनेशपुर और किच्छा सहित विभिन्न मजदूर बस्तियों में पिछले एक सप्ताह से सघन जनसंपर्क अभियान पर पर्चा वितरण कर नुक्कड़ सभाओं के कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं।

गुरुवार को मजदूर सहयोग केंद्र के मुकुल ने बताया कि देशी-विदेशी पूंजीपतियों के हित में सरकार निर्णय ले रही है। इससे मेहनतकश लोग परेशान हो रहे हैं। मोदी सरकार पुराने श्रम कानूनों को बदल कर मजदूर विरोधी चार श्रम-संहिताएं लागू करने की पूरी तैयारी में है। शिक्षा-स्वास्थ्य, रेल-सड़क परिवहन से लेकर खदान-बंदरगाह-एयरपोर्ट-टेलिकाम-बिजली आदि सार्वजनिक संपदा-संपत्ति देशी-विदेशी पूंजीपतियों को बेच रही है। सरकारी नौकरी में भर्तियां खत्म हो रही हैं और निजी कम्पनियों में बेरोक-टोक छंटनी जारी है। इंकलाबी मजदूर केंद्र के सुरेंद्र ने कहा कि सिडकुल में शोषण-दमन, छंटनी-बंदी दमन लगातार जारी है। इंटरार्क पंतनगर व किच्छा, करोलिया लाइटिंग और लुकास टीवीएस मजदूर उत्पीड़न व निलंबन के खिलाफ लगातार संघर्षरत हैं। पंतनगर विश्वविद्यालय में गैरकानूनी रूप से जारी ठेका मजदूरों का बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष जारी है। इसी के तहत 8 फरवरी को श्रम कार्यालय में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजित होगा। दोपहर बाद जुलूस के साथ जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

लकड़ी बीनने गई महिला को जंगली जानवर ने किया घायल

मौके पर पहुंचे वनकर्मियों पर भी भालू ने किया हमले का प्रयास, ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों से की ग्रामीणों की सुरक्षा की गुहार

हमले से घायल लीलावती देवी।

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: खटीमा रेंज के कंपार्टमेंट संख्या-2 में लकड़ी बीनने गई एक महिला को जंगली जानवर ने गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को तत्काल नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने घायल को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। घटनास्थल पर पहुंचे वनकर्मियों पर भालू ने हमले का प्रयास किया।

बुधवार सुबह अमाउं निवासी लीलावती देवी 35 पत्नी हरीश चौहान लकड़ी बीनने आठ तार के पास खटीमा रेंज के कंपार्टमेंट संख्या-2 में गई थी। वहां किसी जंगली जानवर ने हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसे तत्काल नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। ग्रामीणों द्वारा गुलदार के हमले की बात कही जा रही है। वहीं सूचना पर वन दरोगा धन सिंह अधिकारी टीम के नागरिक अस्पताल पहुंचे और उन्होंने महिला से बात करने का प्रयास किया लेकिन वह बोलने की स्थिति में नहीं थी। अन्य महिलाओं से पूछताछ के बाद टीम घटनास्थल पर पहुंची। टीम घटनास्थल पर पग चिह्न आदि की जांच कर ही रही थी कि पास की झाड़ियों से निकले एक भालू ने उन पर हमले का प्रयास किया। लेकिन वनकर्मियों ने उसे खदेड़ दिया। टीम में नित्यानंद भट्ट, नबी अहमद, आकाश कुमार, देवेंद्र कुमार, संजीव कुमार आदि थे। वन क्षेत्राधिकारी एमसी जोशी ने बताया कि महिला को जंगली जानवर ने घायल किया है। यह भी कहा कि पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि महिला को इसी भालू ने घायल किया है या अन्य किसी जानवर ने घायल किया है।

खटीमा में महिला पर जंगली जानवर के हमले के बाद घटनास्थल का जायजा लेते वनकर्मी। ● अमृत विचार

जंगली जानवर के हमले में महिला के घायल होने पर आक्रोश जताते ग्रामीण। ● अमृत विचार

जनता की सुरक्षा को लेकर गंभीरता बरते वन विभाग

खटीमा। ग्रामीणों ने वन विभाग से गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए आम जनता को जंगली जानवरों से सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि खटीमा रेंज के गोसीकुआं में शादी समारोह के दौरान गुलदार ने हमला कर तीन लोगों को घायल किया था। जिसमें एक व्यक्ति की बीते दिवस मौत हो गई है। उन्होंने कहा उस गांव से सटे इसी रेंज में आज अमाऊं निवासी लीलावती को जंगली जानवर ने हमला कर घायल कर दिया है। उन्होंने वन्य जीवों से आमजन को सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की। वहीं उन्होंने गुलदार के हमले के मृतक को तत्काल मुआवजा दिए जाने की मांग की। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी ने तराई पूर्वी वन प्रभाग हल्द्वानी के प्रभागीय अधिकारी से दूरभाष पर बात कर वार्ता कर घटना से अवगत कराते हुए क्षेत्र वासियों को सुरक्षा और पीड़ितों को मुआवजा दिए जाने की बात कही। वन विभाग से विरोध जताने वालों में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, नगर अध्यक्ष जीवन धामी, भाजपा महिला मोर्चा जिला महामंत्री अंजू देवी, सपना देवी आदि ग्रामीण शामिल रहे।

रामड़ी में बार-बार बिजली जाने से लोग परेशान

हल्द्वानी। कठघरिया से लगे रामड़ी जसुवा गांव में बार-बार बिजली जाने से लोगपरेशान है। बुधवार को सुबह के वक्त बिजली गुल होने से लोग पानी को परेशान रहे।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

सूचना

मेरे सैन्य दस्तावेजों में मेरे पुत्र का नाम रिधम सिंह थकयाल (RIDHAM SINGH THAKYAL) हैं, जो गलत है। मेरे पुत्र का सही नाम रिधम सिंह थकियाल (RIDHAM SINGH THAKIYAL) हैं।

– तरसेम सिंह
(TARSEM SINGH)
27 पंजाब आर्मी नं. JC433863P

सूचना

मेरी पुरानी रजिस्ट्री 19-05-2012 की जरनैल सिंह पुत्र प्रीतम सिंह खेत नम्बर 266 व 102.23 वर्ग मीटर तथा हरविन्दर कौर पुत्री जरनैल सिंह 30-05-2013 की रजिस्ट्री खेत नम्बर 266 व 102.23 वर्ग मीटर की दोनों ही वास्तविक कहीं खो गयी हैं।

– पूनम कौर पत्नी श्री सतनाम सिंह, निवासी तुर्का तिसौर तहसील सितारगंज, उधम सिंह नगर

सड़क पर दौड़ रहा है नहर का पानी, लोग परेशान

हल्द्वानी। शहर से लगे रामड़ी जसुवा गांव में सिंचाई विभाग की नहर कई स्थानों पर बेहद संकरी हो गई है। इससे नहर का पानी सड़क पर बह रहा है। इससे जहां सड़क पूरी तरह रोखड़ हो चुकी है वहीं लोगों को भी आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गांव के लोगों ने नहर को ठीक कर समस्या के समाधान की मांग की है।

खटीमा में 8 कुमाऊं द्वारा मनाए जा रहे कांगव दिवस पर बुजुर्ग गौरव सेनानियों को सम्मानित करते अतिथि।

8 कुमाऊं ने धूमधाम से मनाया 79वां कांगो दिवस

खटीमा। गौरव सेनानी संगठन के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में आठ कुमाऊं के खटीमा, नानकमत्ता और सितारगंज के गौरव सेनानियों ने 79वां युद्ध सम्मान कांगो दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व सैनिक संगठन अध्यक्ष कै. गंभीर सिंह धामी ने कहा कि आज ही के दिन 1945 को 8 कुमाऊं ने वर्मा के कांगो पहाड़ी पर फतेह हासिल की थी। इस पहाड़ी पर कब्जा करते समय कई जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। उन्होंने कहा कि बलिदान देने वाले 37 शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर मनाया जाता है। बैठक में 80 वर्ष से अधिक आयु के गौरव सेनानियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कै जीत गोबारी, होशियार सिंह, हीरा सिंह, भूपेंद्र खोलिया, बल्लभ धामी, जवाहर सिंह बसेड़ा, जगदीश चंद्र पांडे, पुष्कर चड्डा, राजेंद्र परगाई, पुष्कर सिंह, बुद्धि बल्लभ जोशी, भीम चंद, राम सिंह खत्री, कैलाश चंद, मोहन सिंह, दीपक चंद्र जोशी, हयात सिंह, दौलत सिंह आदि उपस्थित रहे।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज -----5cmX4cm / 500
साइज -----6cmX4cm / 600
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 9837450888 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

कार्यालय नगरपालिका परिषद, नैनीताल

पत्रांक : 1834/X-6 दिनांक : 07-12-2023

नोटिस

1- श्री नसीम अहमद पु० श्री अब्दुल रफीक निवासी चार्टन लौज कम्पा० मल्लीताल नैनीताल।
2-श्री दीप नारायण बिष्ट पुत्र स्व० श्री महेन्द्र सिंह निवासी तल्ला कृष्णापुर तल्लीताल नैनीताल।

आपको नगर पालिका अधिनियम की धारा 147 की उपधारा (1), (2) व (3) अधीन एतद् नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि नगरपालिका परिषद, नैनीताल के भवन और भूमि सम्पत्ति मूल्यांकन एवं कर निर्धारण सूची में क्षेत्र सं० 13 भूखण्ड रकवा 500 वर्गफीट यानि 46.46 वर्ग मीटर तल्लाकृष्णापुर, तल्लीताल, नैनीताल स्थित सम्पत्ति के सम्बन्ध में निम्नलिखित संसोधन और परिवर्तन करने का निश्चय किया गया है।

उक्त सम्पत्ति की प्रविष्ट मूल्यांकन एवं कर निर्धारण सूची में की जाये तथा इस सम्पत्ति में आपका नाम स्वामी के रुप में अंकित किया जाए तथा इस सम्पत्ति का वार्षिक मूल्यांकन भवन कर व सफाई कर नियमानुसार निर्धारित किया जाना प्रस्तावित है।

पंजीकृत विक्रय लेख पत्र दिनांक 14-07-2023 की प्रमाणित प्रतियों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व अधिकार का अन्तरण हो जाने के कारण मूल्यांकन सूची में अंकित श्री दीप नारायण बिष्ट पुत्र स्व० श्री महेन्द्र सिंह के स्थान पर अंतरित श्री नसीम अहमद पु० श्री अब्दुल रफीक का नाम अंकित किया जाना प्रस्तावित है।

अतः उपरोक्त प्रस्तावित संशोधन और परिवर्तन या मूल्य निर्धारण के सम्बन्ध में आपको कोई आपत्ति हो जो स्पष्ट तर्क संगत तथ्यों सहित अपनी आपत्ति लिखित रुप में स्वंय या अपने अभिकर्ता द्वारा इस नोटिस की तामील के दिनाँक से एक माह के अंदर अधोहस्ताक्षरी को प्रेषित करें अन्यथा निर्धारित अवधी समाप्त होने वाले दिनांक के अगले दिन या उसके बाद संशोधन और परिवर्तन या मूल्य निर्धारण जैसी भी स्थिति हो का अधिप्रमाणिकरण कर दिया जायेगा। उक्त सम्पत्ति का वार्षिक मूल्यांकन 1200 निर्धारित किया गया है जो दिनांक 01-07-2023 लागू होगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, नैनीताल

ई-रिक्शा स्टैंड एसडीएम ने परिवहन विभाग समेत अन्य अधिकारियों की ली बैठक

भूमि चिन्हित करने के लिए सर्वे करने का निर्देश

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: एसडीएम ने परिवहन विभाग समेत विभिन्न अधिकारियों को पार्किंग स्थल, ई-रिक्शा स्टैंड के लिए भूमि चिन्हित करने को अपने-अपने क्षेत्र का सर्वे कर रिपोर्ट अगली बैठक में रखने के निर्देश दिए।

बुधवार को हाईकोर्ट के आदेश पर उप जिलाधिकारी कार्यालय में एसडीएम अभय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें एआरटीओ प्रशासन विमल पांडे और एआरटीओ प्रवर्तन जितेंद्र चंद ने बताया कि काशीपुर निवासी ऑटो चालक अभिमन्यु भारद्वाज ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। जिसमें कहा गया कि ई-रिक्शाओं का संचालन शहर में भीड़ का कारण बनने के साथ हाईवे पर दौड़ लगा रहे हैं। इससे कई समस्या बनी हुई है। इसको लेकर हाईकोर्ट ने तीन महीने में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए हैं। इस संबंध में काफी देर तक चर्चा की गई। काफी गहनता के बाद एसडीएम ने अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र का सर्वे करने के निर्देश दिए। सर्वे में ई-रिक्शा स्टैंड स्थल, पार्किंग स्थल बनाने, जनप्रतिनिधियों व व्यापारियों समेत अन्य लोगों से उनकी राय लेने आदि की रिपोर्ट अगली बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। वहां पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमरजीत साहनी, एसएनए यशवीर सिंह राठी, एसएसआई प्रदीप मिश्रा, एसआई यशवंत पाल आदि मौजूद रहे।

काशीपुर में बैठक के दौरान चर्चा करते अधिकारी। ● अमृत विचार

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

ईडी की छापेमारी से काशीपुर में सनसनी

बुधवार सुबह भाजपा जिला मंत्री अमित सिंह के घर धमकी आठ सदस्यीय टीम, देर रात तक जारी रही कार्रवाई

शिकंजा

- छापे के दौरान घर में आने-जाने की किसी को नहीं थी अनुमति
- घर से बाहर तैनात रही देहरादून से आई पुलिस टीम

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचारः उत्तराखंड में हुए कथित वन घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने भाजपा जिला मंत्री के घर पर छापा मारा। सत्ताधारी दल के नेता के घर अचानक हुई इस कार्रवाई से आम लोगों के साथ ही राजनीतिक दलों में भी चर्चाओं का बाजार गर्म रहा। ईडी की यह कार्यवाही देर शाम तक जारी रही।

बताया जा रहा है कि भाजपा जिला मंत्री पूर्व मंत्री और उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरक सिंह रावत के बेहद करीबी रहे हैं। इडी की कार्रवाई बुधवार सुबह 7.30 बजे शुरू हुई जो देर रात तक जारी रही। बुधवार तड़के प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की आठ सदस्यीय टीम तीन गाड़ियों में सवार होकर बाजपुर रोड पर राजाजी पुरम स्थित भाजपा जिला मंत्री अमित सिंह की कोठी पर पहुंचीं। टीम के साथ देहरादून से पुलिस टीम भी आई थी। जोकि एहतियातन घर के बाहर तैनात रही।

वहीं ईडी की टीम अपने साथ दो महिला पुलिस कर्मियों को लेकर कोठी के अंदर चली गई। देर शाम तक ईडी की टीम अमित सिंह के आवास पर पड़ताल में जुटी रही। इस दौरान घर के अंदर व बाहर जाने की किसी को इजाजत नहीं दी गई। बताया जा रहा है कि इस दौरान ईडी की टीम ने अमित सिंह सहित उनके परिवार से भी पूछताछ की है। साथ ही ईडी की टीम ने उनके आवास से कुछ जरूरी दस्तावेज व अन्य सामान कब्जे में लिया है।

उधर अमित सिंह के आवास पर ईडी की इस छापामार कार्यवाही को लेकर माना जा रहा है कि भाजपा जिला मंत्री अमित सिंह प्रदेश के पूर्व काबीना मंत्री व वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत के साथ बेहद करीबी रहे हैं। ऐसे में ईडी ने छापेमारी की यह कार्रवाई की है। फिलहाल ईडी की टीम मामले की जांच में लगी हुई है और देर शाम तक उनकी यह कार्यवाही जारी रही। लोगों में ईडी की छापेमारी को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म रहा।

काशीपुर में अमित सिंह के आवास में प्रवेश करते ईडी टीम के सदस्य। ● अमृत विचार

काशीपुर में ईडी की छापेमारी के दौरान घर के बाहर मौजूद पुलिस टीम।

छापे की कार्यवाही को लेकर लोगों में रहा कौतुहल

काशीपुर। भाजपा नेता के घर ईडी की छापे की कार्यवाही को लेकर गहमागहमी का माहौल रहा। वहीं शहर भर में छापे को लेकर चर्चा होती रही। उधर आसपास के लोग व भाजपा नेता के करीबी भी मौके पर पहुंचना शुरू हो गए। हर कोई ईडी की छापामार कार्यवाही की जानकारी जानने को लेकर उत्सुक दिखा। उधर शाम को एहतियातन स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और आसपास जमा लोगों को वहां से हटाया। बुधवार को भाजपा नेता अमित सिंह के राजाजी पुरम स्थित आवास पर ईडी के छापे की खबर तुरंत ही शहरभर में फैल गई और चर्चा का विषय बन गई। हर कोई अपने अपने स्तर से छापेमारी की कार्यवाही की जानकारी लेता दिखा। वहीं भाजपा नेता के कुछ बेहद करीबी मौके पर पहुंचे। लेकिन इस दौरान किसी को भी ईडी से अंदर व बाहर जाने की इजाजत नहीं दी थी। जिसके बाद वह भी घंटों तक घर के बाहर अंदर की कार्यवाही जानने को लेकर वहां खड़े रहे। उधर एसपी काशीपुर व सीओ ने भी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर कार्यवाही का जायजा लिया और आसपास एकत्र लोगों को वहां से हटाया।

छात्रा के अपहरण की धमकी, मुकदमा दर्ज

रुद्रपुरः कक्षा आठ में पढ़ने वाली नाबालिग छात्रा को डराने-धमकाने व अपहरण की धमकी देने का मामला सामने आया है। वहीं पिता का आरोप था कि शिकायती पत्र देने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन नामजद एवं कुछ अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

तराई विहार कॉलोनी फाजलपुर महरौला के रहने वाले एक व्यक्ति ने तहरीर देकर बताया कि उसकी नाबालिग बेटी वहीं स्थित कन्या विद्यालय में कक्षा आठ में पढ़ती है। आरोप था कि पिछले कुछ माह से कॉलोनी का रहना वाला मुकेश कोली, सोनू, कौशल अपने साथियों के साथ मिलकर उसकी नाबालिग बेटी को स्कूल से आते-जाते अभद्र टिप्पणी व छेड़छाड़ करते हैं और मोबाइल पर अशोभनीय मैसेज करते हैं। काफी समय तक मामले को दबाने के बाद आखिरकार बेटी ने आपबीती बताई तो उसने आरोपियों के विरुद्ध पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। इसकी भनक लगते ही युवकों ने घर में घुसकर तहरीर वापस लेने का दबाव बनाया और जान से मारने की धमकी के साथ ही नाबालिग बेटी का अपहरण करने की धमकी भी दी। कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि रंपुरा चौकी को प्रकरण की विवेचना सौंप दी गई है।

पुलिस ने 972 ग्राम के साथ दबोचे दो अफीम तस्कर भाई

अफीम तस्करी के आरोपी प्रकरण का खुलासा करते एसपी सिटी मनोज कत्याल।

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचारः सितारगंज पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो सगे भाइयों को अफीम की तस्करी करते हुए गिरफ्तार कर लिया है और उनके कब्जे से भारी मात्रा में अफीम की खेप को बरामद भी किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस का मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

बुधवार को खुलासा करते हुए एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि ऑपरेशन प्रहार के तहत सरकडा कोतवाली प्रभारी सुरेंद्र सिंह बिष्ट पुलिस टीम के साथ अमरिया-सितारगंज सीमा पर चेकिंग कर रहे थे। अचानक बाइक संख्या यूके-06 बीएफ-5829 पर सवार दो युवक पुलिस को देख वापस भागने की कोशिश करने लगे। संदेह होने पर पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों युवकों को दबोच लिया और उनके कब्जे से 972 ग्राम अफीम बरामद की।

पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम वारिस अहमद मूलरूप से रहने वाले बॉसखेड़ा थाना अमरिया पीलीभीत व हाल निवासी बंदे के पास पडरी सितारगंज और मोहम्मद शोएब अहमद को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि पकड़े गए दोनों सौदागर सगे भाई हैं और पिछले लंबे समय से अफीम की तस्करी का धंधा करते हैं। बताया कि वह यूपी के सीमावर्ती इलाकों से अफीम खरीद कर उत्तराखंड के सीमावर्ती इलाकों में महंगे दामों पर बेचता है। बरामद अफीम की कीमत दो लाख के करीब आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी यो के खिलाफ एनडीपीएस का मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

व्यापारी लूटकांड का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

दो फरार

- 30 जनवरी को साइकिल से टक्कर मारकर लूटे थे 35 हजार रुपये
- मामले में आरोपी दो फरार भाइयों की तलाश

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचारः 30 फरवरी को साधारण सी दिखने वाली व्यापारी लूटकांड का कोतवाली पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि फरार दो भाईयों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है। खुलासे में पता चला कि गिरोह पहले साइकिल से टक्कर मारता और उसी दौरान लूट की वारदात को अंजाम दे डालता है। सामान्य सी दिखने वाली घटना के आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

बुधवार को खुलासा करते हुए एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोडके, एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल और सीओ सदर एवं आईपीएस प्रशिक्षु निहारिका तोमर ने बताया कि 31 जनवरी को रुद्रपुर के व्यापारी राजकुमार ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि 30 फरवरी की दोपहर तीन बजे वह सब्जी मंडी से सब्जी लेकर नैनीताल-दिल्ली हाईवे पर निकला ही था कि अचानक पीछे से अज्ञात साइकिल सवार ने टक्कर मार दी। उसके बाद जेब में रखी 35 हजार रुपये गायब थे। घटना के वक्त मौके पर चार लोग मौजूद थे। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जब सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू किया तो साधारण सी दिखने वाली घटना, लूट की घटना का अनोखा अंदाज निकला।

इस पर पुलिस ने प्रारंभिक तफ्तीश करते हुए सूचना के आधार पर लाइन नंबर-13 आजाद नगर बनभूलपुरा हल्द्वानी नैनीताल निवासी अफजाल और अगवानपुर ढाप नगर सिविल लाइंस मुरादाबाद निवासी अकिल को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ के बाद लाइन नंबर -13 आजाद नगर बनभूलपुरा हल्द्वानी नैनीताल निवासी अमान और आफताफ की सरगर्मी से तलाश तेज कर दी है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि साइकिल से टक्कर मारने के दौरान ही लूट की वारदात को अंजाम दिया जाता है और घटना बेहद साधारण सी दिखती है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों से 15 हजार रुपये की नकदी भी बरामद कर ली है और आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

लूट गिरोह का पर्दाफाश करते एसपी क्राइम, एसपी सिटी और सीओ सदर।

150 सीसी कैमरों ने दिया लुटेरों का सुराग

अपराध

- दिल्ली, उत्तराखंड और यूपी में कर चुके हैं वारदात

मनोज आर्या, रुद्रपुर

अमृत विचारः बेहद ही निर्धन वेशभूषा और निरक्षर से दिखने वाले साइकिल लूट गिरोह का जब पर्दाफाश हुआ तो पुलिस के अधिकारी भी हैरान रहे गए। कारण जब पुलिस की तफ्तीश टीम ने घटनास्थल से लेकर मुख्य मार्ग के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला तो सामान्य व साधारण सी घटना, बेहद ही शातिराना अंदाज में होने वाली लूट की घटना निकली। जब पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ हुई तो दोनों आरोपियों ने उत्तराखंड, दिल्ली और यूपी में कई घटनाओं को अंजाम देने की बात बता चुके थे।

कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि जब पुलिस ने नैनीताल-दिल्ली हाईवे पर लगे 150 कैमरों को खंगाला तो पाया कि जिस वक्त व्यापारी से लूट की वारदात हुई। उससे पहले ही अफजाल, अकिल, अमान और आफताफ कुछ ही दूरी पर खड़े होकर बातचीत कर रहे थे। जब साइकिल से व्यापारी को टक्कर मारी चारों आरोपी एक ही स्थान पर एकत्र हो गए। वहीं वारदात को अंजाम देने के बाद चारों पुनः वार्ता कर आपस में लूटी गई रकम का बंटवारा कर निकल गए। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि गिरोह में शामिल महज चार लोगों ने दिल्ली, हल्द्वानी ,रुद्रपुर के अलावा यूपी के कई स्थानों में इसी शातिराना व अनोखे अंदाज में लूट की वारदात को अंजाम दिया है। बावजूद अभी तक किसी भी थाने में लूट की कोई रिपोर्ट नहीं हुई है।

गिरोह के चारों आरोपी हैं आपसी रिश्तेदार

रुद्रपुर। कोतवाली पुलिस द्वारा साइकिल लूट गिरोह का पर्दाफाश करने के बाद पता चला है कि अफजाल, अमान और आफताफ लाइन नंबर-13 आजाद नगर बनभूलपुरा हल्द्वानी जनपद नैनीताल के रहने वाले हैं। इसमें से अमान और आफताफ सगे भाई हैं, मगर अकिल मुरादाबाद का रहने वाला है। ऐसे में पुलिस का अनुमान है कि पकड़े गए दोनों आरोपी और फरार चल रहे दोनों भाई कहीं न कहीं आपस में रिश्तेदार हैं। जिसकी प्रारंभिक पड़ताल में पुष्टि भी हो चुकी है।

13 अधिकारी-कर्मचारियों की बनाई टीम

रुद्रपुर। लूट गिरोह का पर्दाफाश करने के लिए एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने तत्काल टीम का गठन करते हुए एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोडके, एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल, आईपीएस प्रशिक्षु एवं सीओ सदर निहारिका तोमर को पर्यवेक्षण अधिकारी बनाया। वहीं कोतवाल धीरेंद्र कुमार, एसएसआई केसी आर्या, कमाल हसन, चौकी प्रभारी पंकज महर सहित 11 पुलिसकर्मियों को खुलासे में लगा दिया था। यही कारण था कि पुलिस ने छह दिन के अंदर खुलासा कर दिया।

बेहद सामान्य दिखती थी लूट की वारदात

रुद्रपुर। कोतवाली पुलिस के खुलासे में पता चला कि गिरोह के अकिल, अमान और आफताब ऐसे स्थानों की रेकी करते थे। जहां लोग खरीदारी करते हों। जब शिकार चिह्नित हो जाता तो अफजाल पीछे से साइकिल से टक्कर मारकर जेब से रकम निकाल लेता था। पीड़ित घटना को या तो सामान्य घटना मानकर भूल जाता था या फिर कानूनी पचड़े में नहीं पड़ता था। मगर रुद्रपुर के व्यापारी राजकुमार ने इसके खिलाफ कदम उठाया और पुलिस ने लूट करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर दिया।

तनाव के चलते पेंटर ने फांसी लगाकर दी जान

संवाददाता,रुद्रपुर

अमृत विचारः-थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में एक युवक ने मानसिक अवसाद के चलते फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। सुबह जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया और सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार थाना ट्रांजिट कैंप के आजाद नगर निवासी विक्की हल्दार पेंटर का काम करता था और परिवार को आर्थिक सहयोग करता था। मंगलवार की देर शाम वह खाना खाकर कमरे में सोने चला गया। बुधवार की सुबह जब काफी देर तक युवक बाहर नहीं निकला,तो परिवार के लोगों ने दरवाजा खोलने का प्रयास किया। मगर दरवाजा बंद होने के कारण जब खिडकी से देखा,तो युवक ने पंखे की कुडी में फंदा लगाकर लटक गया। जिसे देखकर परिवार में कोहराम मच गया और आनन फानन में युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष भारत सिंह ने बताया कि पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। प्रारंभिक पड़ताल में पता चला कि युवक पिछले कुछ दिनों से मानसिक अवसाद से गुजर रहा था।

पुलिस ने किया बाहरी लोगों का सत्यापन

जसपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस ने बाहरी व्यक्तियों, किरायेदारों, रेड़ी-ठेली वालों व रिक्शा चालकों के सत्यापन अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने सुभाष चौक, लकड़ी मण्डी चौक के आसपास अभियान चलाकर 30 लोगों का सत्यापन किया गया।

प्रत्येक व्यक्ति का आधार कार्ड चेक किया गया तथा उनके द्वारा बताए गए नाम व पते पर जाकर निवास चेक किये गए। लकड़ी मण्डी स्थित आरा मशीनों पर जाकर काम करने वाले मजदूरों के सत्यापन किया गया और लोगों को आगाह किया गया कि बाहरी लोगों को बिना सत्यापन के किराए पर मकान न दें। यदि कोई व्यक्ति बिना सत्यापन बाहरी व्यक्ति को किराए पर रखता है तो उसके खिलाफ 83 पुलिस एक्ट के तहत कार्यवाही की जाएगी।

थाना कुंडा पुलिस ने ट्राली चोर को किया गिरफ्तार

सफलता

- आरोपी के पास से दो ट्राली व एक ट्रैक्टर किया बरामद

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचारः थाना कुंडा पुलिस ने यूपी के एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से पुलिस ने दो ट्राली और एक ट्रैक्टर बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी पर यूपी में कई आपराधिक मामले दर्ज है। वही शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार करने वाली टीम को एसएसपी ने ढाई हजार रुपये इनाम दिये जाने की घोषणा की है।

थाना कुंडा में मामले का खुलासा करते हुए एसपी काशीपुर अभय सिंह व सीओ अनुषा बडोला ने बताया कि ग्राम केसरीपुर निवासी हरपाल सिंह ने 05 फरवरी को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उन्होंने अपनी ट्राली को मरम्मत के लिए गढ़ीनेगी में एक मैकेनिक की दुकान पर छोड़ा था। जहां दुकानदार ने रात को ट्राली सड़क किनारे खड़ी कर दी थी। अगले दिन ट्राली वहां से चोरी को गई थी। मामले में पुलिस ने 250 से अधिक सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाले। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मंगलवार को ऑक्सीजन प्लांट वाली रोड सूर्या के पास देशी शराब के ठेके के सामने बंजर प्लाट पर दबिश दी तो वहां ट्रैक्टर को ट्राली से जोड़ रहे व्यक्ति को पुलिस ने पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम इदरीस निवासी ग्राम मासूमपुर थाना डिलारी जिला मुरादाबाद, यूपी बताया। आरोपी की पास से पुलिस ने बादी गढ़ थाना रेहड़ से चोरी एक व हरपाल की चोरी हुई कुल दो ट्राली बरामद कीं। वहीं दीवान शुगर मिल मुरादाबाद से चोरी किया एक ट्रैक्टर भी बरामद हुआ। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह फर्त्याल, एसआई होशियार सिंह, कैलाश सिंह, एसआई प्रशिक्षु मनोज जलाल, कांस्टेबल हरीश प्रसाद, मनोज जोशी, जितेन्द्र चौहान, कैलाश तोमक्याल व एसपीओ फैजान शामिल रहे।

ट्रैक्टर-ट्रॉली और गिरफ्तार आरोपी के साथ एसपी व सीओ सहित पुलिस टीम। ● अमृत विचार

15 दिन पहले ही छूटा था आरोपी जेल से

काशीपुर। एसपी काशीपुर अभय सिंह ने बताया कि आरोपी इदरीश ने पूछताछ में बताया गया कि वह बीती 23 जनवरी को ही जेल से छूटकर जमानत पर बाहर आया है। वह उत्तराखंड व बिजनौर मुरादाबाद के ग्रामीण क्षेत्रों में सुनसान जगह बिना सीसीटीवी कैमरों वाले स्थान पर खडे. वाहनों की रैकी करता था तथा इसके अगले दिन चोरी की घटना को अंजाम देता था। चोरी किये गये वाहनों को अच्छे दाम में मुरादाबाद व अमरोहा मेरठ जाकर बेच देता था। एसपी अभय सिंह ने बताया कि आरोपी थाना डिलारी का हिस्ट्रीशीटर है।

व्यवस्था यूसीसी लागू होने के बाद रजिस्ट्रेशन जरूरी, वरना सरकारी सुविधाओं से होंगे वंचित

रुद्रपुर में 8 साल में 2682 विवाह पंजीकरण

बीरेन्द्र बिष्ट, रुद्रपुर

अमृत विचारः उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) कानून लागू होने के बाद लोगों को शादी का रजिस्ट्रेशन करना जरूरी होगा। ऐसा नहीं करने पर रजिस्ट्रेशन नहीं कराने वालों को सरकारी सुविधा से वंचित होना पड़ सकता है। हालांकि राज्य में वर्ष 2010 में शादी का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होने के बाद रुद्रपुर में अब तक 2682 लोग अपना पंजीकरण करा चुके हैं।

दरअसल, उत्तराखंड में वर्ष 2010 में राज्य में शादी का रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य हो गया था। इसके बाद से लोगों ने उप निबंधक कार्यालय में पंजीकरण कराना शुरू कर दिया था। हालांकि रुद्रपुर में उप निबंधक कार्यालय वर्ष 2015 में खुलने के बाद से अब तक हजारों की संख्या में लोग अपना पंजीकरण करा चुके हैं। उप निबंधक कार्यालय के आंकड़ों पर नजर डाले तो वर्ष 2016 में सबसे कम 143 लोगों ने मैरिज रजिस्ट्रेशन कराया है, जबकि वर्ष 2023 में सबसे अधिक 577 लोगों ने रजिस्ट्रेशन करा रखा है।

वहीं अब उत्तराखंड में यूसीसी कानून आने के बाद मैरिज रजिस्ट्रेशन कराना और भी अनिवार्य हो जाएगा। कारण ऐसा नहीं करने पर लोग सरकारी सुविधाओं से भी वंचित हो सकते हैं।

क्यों जरूरी है शादी का प्रमाण पत्र

शादी का प्रमाण पत्र एक कानूनी प्रमाण पत्र है जो आपकी शादी को वैधानिक बनाता है। ये सभी धर्म की शादियों के लिए अनिवार्य है। इसके लिए विवाहित जोड़े को रजिस्ट्रार के सामने अपनी शादी के कुछ प्रमाण और गवाह प्रस्तुत करने होते हैं और रजिस्ट्रार शादी का सर्टिफिकेट बनाकर सौंपता है। चूंकि यह एक कानूनी प्रमाण पत्र है, ऐसे में किसी भी सरकारी सुविधा का लाभ लेने के लिए शादी का प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है।

> रुद्रपुर में अब तक 2682 लोगों ने मैरिज रजिस्ट्रेशन कराया है। अब यूसीसी विधायक पेश हुआ है। लागू होने के बाद क्या-क्या नियम होंगे इसका पता बाद में लग पाएगा। -**अविनाश कुमार**, उप निबंधक, रुद्रपुर

कब कितने हुए रजिस्ट्रेशन

वर्ष	रजिस्ट्रेशन
2016	143
2017	207
2018	334
2019	353
2020	261
2021	338
2022	469
2023	577
कुल	2682

स्कूली बच्चों ने सड़क सुरक्षा का संदेश दिया

गदरपुर। रेड रोज कॉन्वेंट स्कूल के बच्चों ने सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया। बुधवार को स्कूल के बच्चों ने थाने के सामने नुक्कड़ नाटक का मंचन कर लोगों को यातायात के नियमों की जानकारी दी।

सड़क सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ थानाध्यक्ष भुवन चंद जोशी ने फीता काटकर किया। थाना अध्यक्ष ने लोगों से कहा कि वाहनों को ओवरटेक न करें, स्पीड पर नियंत्रण रखें तथा वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें। उन्होंने दुर्घटना में घायलों को प्रथम उपचार देने की भी जानकारी दी। इस मौके पर उप निरीक्षक पूरन सिंह तोमर, बसंत कुमार, स्कूल प्रबंधक एनएस धालीवाल, संदीप सिंह, सुरजीत बत्रा, रिजवान रहे।

25 साल तक कोर्ट को किया गुमराह

संवाददाता, रुद्रपुर

मुकदमा दर्ज

- पुलिस जांच में हुआ खुद और पिता का नाम बदलने का खुलासा
- विवेचक ने किया आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

अमृत विचारः वर्ष 1998 में रुद्रपुर में हुए हत्याकांड के एक आरोपी द्वारा अपना व पिता का नाम बदलकर न्यायालय को गुमराह करने का मामला सामने आया है। वर्ष 2023 में अपील में नहीं पहुंचने पर जब कोतवाली पुलिस ने प्रकरण की तफ्तीश की तो आरोपी के खुद के नाम के साथ ही अपने पिता का नाम भी बदलने का खुलासा हुआ। इसके बाद विवेचक ने आरोपी के विरुद्ध न्यायालय को गुमराह करने का मुकदमा पंजीकृत करवाया।

वर्ष 1998 में रुद्रपुर में गोली मारकर एक व्यक्ति की हत्या का मामला सामने आया था। पुलिस ने हत्याकांड के आरोपी डालचंद उर्फ कल्लू पुत्र पातीराम निवासी ऊंचा गांव रुस्तम नगर शीशगढ़ बरेली यूपी को बंदूक के साथ गिरफ्तार कर रुद्रपुर पुलिस को सूचित कर दिया था। पुलिस ने आरोपी को हल्द्वानी जेल भेज दिया और कुछ माह बाद आरोपी रिहा हो गया। वर्ष 2000 में उत्तराखंड राज्य बनने के बाद मामले की सुनवाई रुद्रपुर न्यायालय में प्रारंभ हुई। हत्या के आरोपी की रिहाई के बाद सरकार द्वारा हाईकोर्ट में अपील दायर की गयी। कई बार सम्मन जारी होने के बाद आरोपी न्यायालय के समक्ष पेश नहीं हुआ। प्रकरण को कई वर्ष बीतते गए और वर्ष 2023 में न्यायालय ने कोतवाली पुलिस को आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश करने की हिदायत दी। तत्कालीन कोतवाल विक्रम राठौर ने विवेचक अशोक कांडपाल को तस्दीक करने के लिए ऊंचागांव भेजा तो पता चला कि डाल चंद उर्फ कल्लू पुत्र पातीराम नाम का कोई व्यक्ति नहीं रहता है और पातीराम नाम के व्यक्ति की वर्ष 2018 में मृत्यु हो चुकी है। पुलिस ने पाया कि हत्या का आरोपी जिसने बहेड़ी थाने में गिरफ्तारी के दौरान अपना नाम डाल चंद उर्फ कल्लू पुत्र पातीराम लिखाया था। आरोपी लगातार न्यायालय में अपना और पिता के नाम को लेकर गुमराह करता रहा। दरअसल उसका नाम डालचंद उर्फ कल्लू पुत्र पातीराम नहीं, बल्कि कल्याण राम उर्फ कल्लू पुत्र नंदकिशोर है।

एक नजर

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर जागरूकता रैली निकाली

काशीपुर। राजकीय पॉलिटेक्निक की एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन राजकीय प्राथमिक विद्यालय कुमाऊं कॉलोनी, राजकीय प्राथमिक विद्यालय कचनालगाजी में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर जन जागरूकता रैली निकाली गई। स्वयंसेवियों ने आम नागरिकों को इस विषय में जागरूक करने के लिए पोस्टर भी बनाए गए। साथ ही संस्था परिसर एवं आसपास साफ सफाई का कार्य किया। बौद्धिक सत्र में डॉ. शोएब स्टाफ ने स्वयंसेवियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर जागरूक किया। वहां पर कार्यक्रम अधिकारी राजीव यादव, डॉ. ओपी सिंह, मनमोहन, इकरा रानी उपस्थित रहे।

युवक को पुलिस ने चाकू के साथ दबोचा

काशीपुर। बांसफोड़ान चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान डिजाइन सेंटर के पास से संदिग्ध अवस्था में घूम रहे एक युवक को रोकाष इस पर युवक भागने लगा। पुलिस ने उसे घरकर पकड़ लिया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो तो उसके पास से एक नाजायज चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सलीम निवासी महेशपुरा बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। साथ ही उसका आपराधिक इतिहास भी खंगालना शुरू कर दिया है। पुलिस का कहना है कि किसी को भी शांति व्यवस्था और कानून व्यवस्था को बिगाड़ने नहीं दिया जाएगा। पुलिस अपराधियों को बख्शेगी नहीं।

उत्तराखंड की तरह अन्य राज्यों को भी लागू करना चाहिए यूसीसी: डॉ. तोगड़िया

अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के अध्यक्ष बोले- अयोध्या में श्रीराम मंदिर बनना आस्था का सम्मान

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: राष्ट्रीय बजरंग दल एवं अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया ने कहा कि राम मंदिर के निर्माण से हिंदुओं के पुनर्जागरण की शुरुआत हो गई है। करीब 500 वर्षों बाद अयोध्या में श्रीराम का भव्य मंदिर बनने से सनातन धर्म प्रेमियों की आस्था का सम्मान हुआ है। उन्हें अपने आराध्य देव की पूजा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

नगर के बाईपास स्थित एक आवास पर मीडिया से वार्ता करते हुए डॉ. तोगड़िया ने कहा कि 500 वर्षों पुराना हिंदुओं का सपना आज सरकार हो गया है और करीब 8 करोड़ सनातन प्रेमियों के दिए गए सहयोग के चलते राम मंदिर का भव्य निर्माण संभव हो पाया है। करोड़ों लोगों द्वारा दिए गए बलिदान, श्रम एवं सहयोग राशि से भव्य श्री राम मंदिर आज विश्व पटल पर उभर कर सामने आया है। साथ ही सैकड़ों सालों से बिखरे हुए सनातन धर्म की एकजुटता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि अभी और कई ऐसे धार्मिक स्थल जीर्ण स्थिति तथा विवादित पड़े हुए हैं जिनका जीर्णोद्धार किया जाना हिंदू धर्म के लिए आवश्यक है। उन्होंने उत्तराखंड में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा पेश किए गए यूनिफॉर्म सिविल कोड का समर्थन करते हुए भाजपा सरकार की सराहना की। कहा कि देश के अन्य राज्यों को भी समाज में एकरूपता एवं राष्ट्र की उन्नति के लिए समान नागरिक संहिता कानून लागू करना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश की जनता सरकारों की तरफ वर्तमान परिस्थितियों के दृष्टिगत यूसीसी कानून को जल्द लागू करने के लिए आशा भरी निगाहों से देख रही है।

इस दौरान डॉ. प्रवीण तोगड़िया का भाजपाइयों एवं सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता स्वतंत्र राय, वरिष्ठ समाजसेवी अजय तिवारी, विनय राय, गुरदयाल सिंह, विवेक दीप सिंह, ललित कुमार, प्रिंस अरोड़ा, मदन मोहन, नीरज प्रजापति, ज्ञानी करनैल सिंह, सिद्धार्थ कुमार, विवेक राय, दलीप सिंह जीना, शैलेंद्र सिंह, जयवर्धन सिंह, श्रीनिवास पांडे आदि मौजूद रहे।

किच्छा में मीडिया से वार्ता करते डॉ. प्रवीण तोगड़िया व अन्य लोग। ● अमृत विचार

तीन मोबाइल टावरों से लाखों की बैटरियां चोरी

बाजपुर। एनएनटोपा, नमूना व बरहैनी ग्राम पंचायत क्षेत्रों में लगे तीन मोबाइल टावरों से चोर लाखों रुपये की पांच बैटरियां चुरा ले गए। पुलिस ने कंपनी के टैक्नीशियन की तहरीर पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

ग्राम बरहैनी निवासी कुलदीप सिंह पुत्र कृष्ण पाल सिंह ने पुलिस को बताया कि जियो कंपनी ने क्षेत्र में कई जगहों पर मोबाइल टावर लगा रखे हैं और वह टैक्नीशियन के पद पर कार्यरत है। छह फरवरी को वह ग्राम नंदपुर नरकाटोपा क्षेत्र में लगे टावर पर पहुंचा तो ओडीसी का ताला टूटा हुआ था और एक बैटरी गायब थी, जिसकी सूचना उसी समय अपने अधिकारी को दी। इसके पश्चात सुबह करीब 10 बजे वह ग्राम पंचायत नमूना क्षेत्र में लगे टावर पर पहुंचा तो वहां भी ओडीसी का ताला टूटा था और एक बैटरी गायब थी। इसी तरह जब वह सायं करीब 5 बजे बरहैनी टावर पर पहुंचा तो वहां भी ओडीसी का ताला टूटा था और अंदर रखी तीन बैटरियां गायब थीं। इन बैटरियों की कीमत कई लाख रुपये बताई गई है।

वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

सार-संक्षेप

जसपुर के शिव मंदिर में सुन्दरकांड का पाठ करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

शिव मंदिर में सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन

जसपुर। सनातन धर्म सेवा समिति जसपुर के तत्वावधान में अफजलगढ़ बस स्टैंड स्थित महाराणा प्रताप कॉलोनी के शिव मंदिर में सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें सभी सनातन धर्म प्रेमियों ने सहयोग किया। इससे पूर्व मंदिर के महंत सहदेव महाराज ने हनुमान जी का चोला चढ़ाया। सिंघल परिवार द्वारा प्रसाद की व्यवस्था गई। इस मौके पर समिति अध्यक्ष नीलकमल शर्मा, वरुण अग्रवाल, पवन वर्मा, ललित शर्मा, राजुल जैन, नितेश जैन, सचिन, दिग्विजय सिंह चौहान, पराग, मंदिर कमेटी के अध्यक्ष संजय आदि मौजूद रहे।

खटीमा के जीआईसी श्रीपुर विछवा में बालिकाओं को जानकारी देते प्रशिक्षक।

छात्राओं से की करियर के प्रति गंभीर रहने की अपील

खटीमा। राजकीय इंटर कालेज श्रीपुर बिचवा में गर्ल्स करियर काउंसिलिंग एवं गाइडेंस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. सोनाक्षी सक्सेना और प्रधानाचार्य डॉ. संजय त्रिपाठी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में बच्चों से शिक्षा के साथ करियर बनाने के लिए तैयारी करने का आह्वान किया गया। विद्यालय की शिक्षा समाप्त होने पर चिकित्सा, होटल मैनेजमेंट, आईटीआई, पॉलीटेक्निक बुटीक, ब्यूटी पार्लर आदि का कोर्स की जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रमोद सक्सेना, राकेश कुमार मिश्र, विजेता पाण्डेय, रेनू कुंवर, गीता राना, सलमा, मंजू पांडे, गोविंद पाठक, त्रिलोक सिंह आदि उपस्थित रहे।

खनन के विवाद में फायरिंग करने का आरोपी पुलिस की गिरफ्त में। ● अमृत विचार

फायरिंग मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने दबोचा

काशीपुर। खनन के विवाद को लेकर हुई फायरिंग के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से पुलिस ने एक तमंचा भी बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर उसे कोर्ट में पेश किया। ग्राम घोसीपुरा पट्टी कलां थाना स्वार जनपद रामपुर निवासी सद्दाम हुसैन ने आईटीआई थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 24 दिसंबर की शाम उसका भाई कमर आलम घोसीपुरा पट्टी कला थाना स्वार निवासी शाहरुख के साथ बाइक पर सवार होकर घोसीपुरा पट्टी कलां जा रहे थे। इस दौरान ग्राम गौशाला मोड़ दभौरा एहतमाली में अजीतपुर निवासी गुरप्रीत सिंह व उसके 15-20 साथी आए और उन्होंने फायरिंग कर दी। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर फरार आरोपी गुरप्रीत सिंह बल उर्फ गोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से पुलिस ने एक तमंचा व कारतूस बरामद किया है। पुलिस टीम में थाना आईटीआई प्रभारी प्रवीण सिंह कोश्यारी, एसआई दीवान सिंह बिष्ट, कांस्टेबल जितेंद्र सिंह नेगी, कांस्टेबल प्रशांत नेगी आदि मौजूद रहे।

भूमिधरी अधिकारों के लिए डटे रहे किसान

आंदोलन

▸▸ अपनी भूमि बचाने के लिए किसान प्रतिज्ञा को दोहराया

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: 20 गांव की 5838 एकड़ भूमि के भूमिधरी अधिकारों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा का तहसील परिसर में भूमि बचाओ सत्याग्रह आंदोलन 191वें दिन भी जारी रहा।

बुधवार को अमनदीप सिंह, भूपेंद्र सिंह, अर्शदीप सिंह, तरसेम सिंह, गुरबचन सिंह क्रमिक अनशन पर बैठे। रुद्रपुर से अपने समर्थकों के साथ पहुंचे समाजसेवी हरविंदर सिंह चुघ ने आंदोलन को समर्थन दिया। इस दौरान आंदोलनकारियों ने प्रदर्शन कर सरकार के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए आक्रोश व्यक्त किया। साथ ही सामूहिक रूप से अपनी भूमि बचाने के लिए किसान प्रतिज्ञा को दोहराया। आंदोलन स्थल पर बैठक कर भावी कार्यक्रमों पर विचार-विमर्श करते हुए कार्य योजना बनाई गई। इस दौरान आंदोलन पर चर्चा करते हुए आगामी कार्यक्रमों की योजना बनाई गई। कहा कि प्रदेश सरकार बीस गांव की भूमि के मामले में अतिशीघ्र फैसला करे, नहीं तो सरकार की अभी तक की कार्रवाई को देखते हुए ही आंदोलन की धार तेज की जाएगी। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा, मुहिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा, सत्याग्रह के अगुवा रजनीत सिंह सोनू, सतनाम सिंह रंधावा, हरप्रीत सिंह निज्जर, सुरेश गोयल, अमरनाथ शर्मा, अशोक गोयल, शेर सिंह, महेंद्र सिंह चौहान, जसवीर सिंह भुल्लर, जसमीत सिंह भुल्लर, सिकंदर सिंह, गुरविंदर सिंह, राजकिशोर रहे।

बाजपुर तहसील में भूमि बचाने के लिए क्रमिक अनशन के दौरान प्रदर्शन करते किसान, मजदूर व व्यापारी। ● अमृत विचार

शिक्षक ने दो छात्रों को डंडे से पीटकर किया चोटिल

संवाददाता, शक्तिफार्म

आरोप

▸▸ छात्रों के पिता ने पुलिस और बीईओ को दर्ज कराई शिकायत

अमृत विचार: ग्रामसभा रुदपुर स्थित अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज के एक शिक्षक ने विद्यालय के दो छात्रों को डंडों से पीटकर चोटिल कर दिया। पीड़ित छात्रों के पिता ने पुलिस एवं खंड शिक्षाधिकारी को शिक्षक के खिलाफ शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामसभा बैकुंठपुर निवासी शंकर सरकार ने खंड शिक्षाधिकारी एवं चौकी पुलिस को सौंपे शिकायती पत्र में कहा कि गत शनिवार को कक्षा 9 में अध्यनरत उनके दो जुड़वा पुत्र उद्धव सरकार एवं विवेकानंद सरकार (14) विद्यालय में कुछ विलंब से पहुंचे तो विद्यालय के एक शिक्षक ने आग बबूला होकर उनके दोनों पुत्रों को डंडे से बुरी तरह पीट दिया। पिटाई के कारण उनकी पीठ पर कई जगह चोट के निशान बन गए। घर पहुंचकर जब दोनों छात्र रात को दर्द से कराहने लगे तो परिजनों को इसकी जानकारी हुई। पीड़ित छात्रों के पिता ने आरोप लगाया कि उक्त शिक्षक इससे पूर्व भी कई छात्रों के साथ मारपीट कर चुकी है। मामले में खंड शिक्षा अधिकारी तरुण पंत ने कहा कि शिक्षकों का बच्चों के साथ मारपीट करना गैरकानूनी है। प्रधानाचार्य एवं शिक्षक से घटना की जानकारी लेकर जांच की जाएगी।

सिटी कान्वेंट स्कूल के वार्षिक खेलकूद में छतरी दौड़ में प्रतिभाग करते नन्हें बच्चे।

सिटी कॉन्वेंट में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद शुरू

खटीमा। सिटी कान्वेंट स्कूल में तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ लायंस क्लब अध्यक्ष राजकुमार अरोड़ा, विद्यालय संस्थापक मोहन चंद्र उपाध्याय, प्रबंधक प्रवीण उपाध्याय, एजुकेशनल डायरेक्टर तिलक उपाध्याय ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिता में बुधवार को नर्सरी से दूसरी कक्षा के बच्चों की खेलकूद प्रतियोगिता हुई। जिसमें अंब्रेला रेस, हर्डल रेस, रिंग रेस, बलून रेस, वाटर फिलिंग रेस, बॉल थ्रोइंग इन बास्केट, बैलेंस रेस, जलेबी रेस और म्यूजिकल चेयर आदि शामिल रहीं। प्रधानाचार्य अमित रोनाल्ड चौहान ने अतिथियों का आभार जताया। अंत में सभी विजेताओं को मेडल और प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भुवन चंद्र जोशी, सुधीर बत्रा, जगदीश शर्मा, इकबाल अहमद, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष मोहिनी पोखरिया, रनदीप पोखरिया सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

हत्यारोपी पुलिस की पकड़ से बाहर

संवाददाता, शक्तिफार्म

अमृत विचार: करीब साढ़े तीन माह पहले तिलियापुर ग्राम सभा के गांव आनंद नगर में हुई 40 वर्षीय ग्रामीण की हत्या का हत्यारोपी अब भी पुलिस की पकड़ से बाहर है। निराश मृतक के परिजनों से बुधवार को कोतवाल ने मुलाकात कर उन्हें जांच की प्रगति के बारे में जानकारी देते हुए शीघ्र हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लेने का आश्वासन दिया।

बीते 21 अक्टूबर को तिलियापुर ग्रामसभा के गांव आनंद नगर में गांव के ही अमित कुमार आर्य पुत्र मदनलाल की रमेश कुमार ने अज्ञात कारणों के चलते डंडे से हमला कर हत्या कर दी थी। हत्या के बाद से ही रमेश कुमार फरार है। घटना के लगभग साढे. तीन माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद हत्यारा रमेश कुमार पुलिस पकड़ से बाहर है। इधर, बुधवार को कोतवाल भूपेंद्र सिंह बृजवाल ने मृतक के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें जांच प्रगति की जानकारी देते हुए हत्या आरोपी को शीघ्र गिरफ्त में लेने का आश्वासन दिया। कोतवाल भूपेंद्र सिंह बृजवाल ने कहा कि हत्यारे की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दिन-रात जुटी हुई है। पुलिस द्वारा हर संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही हैं। हत्यारोपी का न तो वोटर लिस्ट में नाम है न ही उसका कोई आधार कार्ड बना है और न ही उसके पास मोबाइल फोन उपलब्ध है। उसका परिजनों से भी बरसों से कोई नाता नहीं है। जिस कारण गिरफ्तारी में कुछ देरी हो रही है। परंतु शीघ्र आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

मृतक के परिजनों से वार्ता करते कोतवाल भूपेंद्र सिंह बृजवाल। ● अमृत विचार

पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा

खटीमा। गोसीकुआं भुड़ाई गांव में करीब तीन सप्ताह पूर्व गुलदार के हमले में घायल एक व्यक्ति ने मंगलवार को दम तोड़ दिया था। पुलिस ने बुधवार को पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

बता दें कि गोसीकुआं भुड़ाई गांव में शादी समारोह के दौरान 13 जनवरी की रात को गुलदार ने घर में घुस कर तीन लोगों भुड़ाई निवासी दिनेश सिंह राणा, भड़ा भुड़िया निवासी अनुराग और बिसौटा नौगवानाथ निवासी रजनीश सिंह राणा को घायल कर दिया था। भुड़ाई निवासी दिनेश सिंह राणा को गंभीरावस्था में नागरिक अस्पताल लाया गया, जहां डॉ. केसी पंत ने उसे प्राथमिक उपचार देकर हायर सेंटर रेफर कर दिया। रुद्रपुर से अन्यत्र ले जाते समय रास्ते में उसने दम तोड़ दिया था।

चोरी की बाइक व दो गिरफ्तार आरोपियों के साथ कोतवाली पुलिस।

चोरी की बाइक के साथ पुलिस ने दो आरोपी पकड़े

काशीपुर। चोरी की बाइक के साथ पुलिस ने दो बाइक चोरों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने चोरी की एक बाइक बरामद की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मंगलवार देर शाम को कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान कब्रिस्तान तिराहे के पास चेकिंग के दौरान बगैर नंबर प्लेट की बाइक पर सवार दो संदिग्ध युवकों को रोका। जो पुलिस को देख भागने का प्रयास करने लगे। जिन्हे घेरकर पुलिस ने पकड़ लिया। बाइक के कागज मांगने पर वह टालमटोल करने लगे। सख्ती से पूछताछ में युवकों ने बाइक चोरी की होना बताया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम मनोज कुमार उर्फ बब्लू व दिनेश निवासी वार्ड नंबर 2, खड़कपुर देवीपुरा थाना आईटीआई बताया। आरोपियों ने बताया कि वह नशे के आदी हैं और उसकी पूर्ति के लिए बाइक चोरी जैसी घटनाओं को अंजाम देते हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें कोर्ट में पेश किया। इस दौरान पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक मनोज रतूड़ी, एसएसआई प्रदीप मिश्रा, एसआई सुनील सुतेड़ी, सतीश उपाध्याय, एएसआई सुशील पाण्डेय, कांस्टेबल अनिल कुमार व जगदीश भट्ट आदि मौजूद रहे।

आयोजन बग्गा चौवन में वन विभाग ने मनाया अग्नि सुरक्षा सप्ताह, कई कार्यक्रम किए गए आयोजित

निबंध में लक्ष्मी तो चित्रकला में सपना ने बाजी मारी

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: वन अग्नि सुरक्षा सप्ताह पर वन विभाग द्वारा बग्गा चौवन में कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों को वनों के महत्व और उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया इस दौरान बच्चों के मध्य निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता की गई। निबंध में लक्ष्मी बैरागी और चित्रकला में सपना बैरागी ने प्रथम स्थान हासिल किया।

मां शारदा पब्लिक स्कूल बघा चौहान में आयोजित वन अग्नि सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम का शुभारंभ उपप्रभागीय वनाधिकारी संचिता वर्मा ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रचलित कर किया। उन्होंने कहां की मानव जीवन में वनों का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि वनों से ही पर्यावरण को दूषित होने से बचाया जाता है और वनों, पेड़ पौधों के कारण भी वर्षा होती है। उन्होंने ग्रामीणों से वनों की सुरक्षा में सहायता और सहयोग देने की अपील की। उन्होंने अपने अधीनस्थों से भी कहा कि वह गांव के लोगों से सामंजस्य बनाकर वनों की रक्षा करें। उन्होंने लोगों से वनों के साथ ही वन्य जीवों की सुरक्षा पर भी बल दिया। एसडीओ वर्मा ने वनों में आग लगने अथवा किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि नजर आने पर इसकी सूचना विभाग को अवश्य दें। ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

इस दौरान निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें लक्ष्मी बैरागी ने प्रथम, किरन ने द्वितीय और भावना मेहरा व सागर ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं चित्रकला प्रतियोगिता सपना बैरागी ने जीती। विद्यालय के प्रबंधक विनोद तिवारी ने सभी आगंतुकों का आभार जताया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य धर्म सिंह दसौनी, ग्राम प्रधान पूजा दसौनी, मदनमोहन चुफाल, बबिता तिवारी सूरज रेंज के डिप्टी रेंजर सतीश चंद्र रेखाड़ी, वन दरोगा आरडी वर्मा, मुकेश कुमार, चंद्रपाल सिंह, सुखविंदर, रविंद्र, सतपाल आदि मौजूद रहे।

चित्रकला प्रतियोगिता में शिरकत करने वाले बच्चों के साथ उप प्रभागीय वनाधिकारी संचिता वर्मा। ● अमृत विचार

एनडीआरएफ के जवान सम्मानित

दिल्ली में एनडीआरएफ के जवानों को सम्मानित करते केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी व केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. वीके सिंह।

संवाददाता, गदरपुर

अमृत विचार: उत्तराकाशी की सिलक्यारा टनल में फंसे 41 श्रमिकों को एनडीआरएफ के जवानों ने सकुशल बाहर निकालने पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने द्वारिका दिल्ली में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी व केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. वीके सिंह ने एनडीआरएफ 15वीं बटालियन के चार जवानों हरीश बिष्ट, सचिन चौधरी, प्रदीप कुमार, बीजू एस को उत्कृष्टता पुरस्कार-22 से सम्मानित किया। इस दौरान जवानों को ट्रॉफी एवं शाल पहनाकर सम्मानित किया गया। विदित है कि बीते नवंबर माह में उत्तरकाशी में निर्माणाधीन सिलक्यारा सुरंग के ढह जाने से 41 श्रमिक सुरंग के अंदर फंस गए थे। एनडीआरएफ 15वीं बटालियन के कमांडेंट सुदेश कुमार दराल के नेतृत्व में जवानों ने 17 दिन तक चले बचाव अभियान के बाद 41 श्रमिकों को सुरंग से सुरक्षित बाहर निकाला था।

यूसीसी बिल पास होने पर भाजपाई खुश, मिठाई बांटी

भाजपा नेताओं ने राज्य की जनता को समान अधिकार देने के लिए विधेयक का किया समर्थन, कई जगह की गई आतिशबाजी

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : उत्तराखंड विधानसभा सत्र के दौरान समान नागरिक संहिता (यूसीसी) कानून पारित होने पर भाजपा उत्तरी मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने ट्रांजिट कैंप में खुशी जतायी और मिष्ठान वितरित किया। बुधवार को यूसीसी कानून पास होने के बाद भाजपा उत्तरी मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता ने कहा कि यूसीसी समान नागरिक संहिता लागू होने राज्य के रहने वाले लोगों को कानून का अधिकार मिलेगा।

जिसको लेकर उन्होंने सीएम पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान भाजपा नेता प्रीत ग्रोवर, डीके गंगवार, अनुसूचित जाति मंडल अध्यक्ष मदन दिवाकर, राकेश राजपूत, प्रेमपाल राजपूत, मुकेश रस्तोगी, सत्यपाल गंगवार, धर्मेंद्र राठौर, मुक्ता प्रसाद राठौर, कविता सागर, आनंद सागर, तनुज गंगवार, सोनू वर्मा, राठौर विधान पांडे, विधान राय आदि लोग मौजूद रहे।

गदरपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान वितरण किया : गदरपुर विधानसभा में समान नागरिक संहिता उत्तराखंड 2024 विधयेक पास होने की खुशी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान वितरण किया। इस दौरान आतिशबाजी भी की गई। बुधवार को भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा के नेतृत्व में दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मुख्य बाजार में एकत्र हुए। जहां उन्होंने मिष्ठान वितरण किया। सुखीजा ने कहा विधेयक पास होने के बाद प्रदेश में सबके लिए कानून एक जैसा होगा। भाजपा महिला मोर्चा की नगर मंडल अध्यक्ष ज्योतिराज ने कहा कि बिल पास हो जाने के बाद सबसे ज्यादा फायदा महिलाओं को होगा। भाजपा मंडल महामंत्री अभिषेक वर्मा ने कहा समान नागरिक संहिता से हर वर्ग को लाभ होगा। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा, मंडल अध्यक्ष सुरेश सुराना, मंडल महामंत्री अभिषेक वर्मा, संजीव अनेजा, अनिल जेटली, राजेश हितकारी, त्रिलोक कंबोज, प्रमोद बजाज, ज्योति चुग, मानसी शर्मा, शशि बाला, रिंकी हितकारी, नीलम, सीमा, परमजीत पम्मा, सतीश सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

रुद्रपुर में एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाते भाजपा कार्यकर्ता।

गदरपुर मुख्य बाजार में समान नागरिक संहिता कानून विधानसभा में पास होने के बाद मिष्ठान वितरण करते भाजपा कार्यकर्ता।

हल्द्वानी में भाजपा संभाग कार्यालय में मिठाई बांटकर मनाई खुशी

हल्द्वानी : समान नागरिक संहिता विधेयक पारित होने पर बुधवार को भाजपा कुमाऊं सम्भाग कार्यालय में मिष्ठान वितरण कर खुशियां मनाई गई। इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने कहा कि पार्टी की विचारधारा एक देश, एक निशान, एक विधान की परंपरा को देशभर में लागू करने की ओर पहला कदम उत्तराखंड ने रखा है। यूसीसी लागू होने से विवाह, तलाक, गुजाराभत्ता, दत्तक ग्रहण की प्रक्रिया में सर्वाधिक प्रभावित होने वाली महिलाओं एवं बच्चों को सामाजिक न्याय मिल सकेगा। प्रदेश सरकार ने 2022 विधानसभा चुनावों के घोषणा पत्र के अहम मुद्दों में से एक समान नागरिक संहिता लागू करेंगे के अपने वादे को पूरा किया है। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता हेमंत द्विवेदी, उत्तराखंड मंडी परिषद अध्यक्ष अनिल कपूर डब्बू, निवर्तमान मेयर जोगेंद्र सिंह रौतेला, चंदन सिंह बिष्ट, रंजन बर्गली, नवीन भट्ट, बेला तोलिया, रेनू अधिकारी, गजराज सिंह बिष्ट, प्रदीप बिष्ट, प्रताप रैक्वाल, विजय लक्ष्मी चौहान, प्रतिभा जोशी, शशांक रावत, प्रकाश हर्बोला, हरिमोहन अरोरा, योगेश रजवार, विजय मनराल आदि मौजूद रहे।

हल्द्वानी भाजपा संभाग कार्यालय में मिठाई बांटकर खुशी मनाते लोग। ● अमृत विचार

यूसीसी के बहाने मौलिक समस्याओं से लोगों को ध्यान भटकाने की कोशिश: उपपा

अल्मोड़ा : उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी ने कहा कि प्रदेश सरकार उत्तराखंड के ज्वलंत मुद्दों से ध्यान बटाने के लिए समान नागरिक संहिता का राग अलाप रही है। उपपा के केंद्रीय अध्यक्ष पीसी तिवारी ने कहा कि उत्तराखंड जैसे छोटे प्रदेश में यदि यह विधेयक सभी लोगों पर लागू नहीं हो सकता तो इसे समान नागरिक संहिता कहना बेईमानी होगी। उपपा अध्यक्ष ने कहा कि यदि सरकार समानता की समर्थक है तो उसे समान शिक्षा, समान स्वास्थ्य सुविधाएं, समान कार्य के लिए समान वेतन और सबको समान रूप से एक जैसी पेंशन की व्यवस्था करनी चाहिए। उपपा के केंद्रीय अध्यक्ष पीसी तिवारी ने कहा कि उत्तराखंड में बेरोजगारी, महंगाई, प्राकृतिक संसाधनों पर पूंजीपतियों, माफियाओं के अधिकार से यह हिमालयी राज्य बर्बाद हो रहा है। उत्तराखंड की खेती, किसानी चौपट हो रही है। पलायन, विस्थापन व ठेके की नौकरियों व बढ़ते नशे से युवाओं का भविष्य चौपट हो रहा है और सरकार इस और ध्यान नहीं दे रही है। ऐसे में इन सबसे ध्यान हटाने के लिए भाजपा सरकार समान नागरिक संहिता का मुद्दा उछाल रही है। ऐसे में जनता को इस साजिश को ठीक से समझने की जरूरत है।

खटीमा में आतिशबाजी कर लोगों को मिठाई बांटी

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार : उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता बिल विधानसभा सदन में रखने पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया और उच्च के लागू होने पर हर्ष जताया।

लोनिवि में एकत्र भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर अध्यक्ष जीवन धामी और महामंत्री मनोज बाधवा के नेतृत्व में यूसीसी के समर्थन में रैली निकाली और मुख्य चौक पर पहुंचकर मिष्ठान वितरण किया।

उन्होंने आतिशबाजी करते हुए हर्ष प्रकट किया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, नंदन सिंह खड़ायत, जिला महामंत्री सतीष गोयल, भवानी भंडारी, पवन अग्रवाल, गोपाल बोरा, अमित पांडे, राहुल सक्सेना, नवीन बोरा, भाजपा जिला महामंत्री अंजू देवी, विवेक गुप्ता, तरुण ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष हिमांशु बिष्ट, सुरेश जीना, नीलू गुप्ता, घाना भंडारी, अनुपम शर्मा, रेनू भंडारी, गोविंद मेहता, हिमांशु अग्रवाल, दिनेश वर्मा, गंभीर सिंह धामी, राजू कुरैशी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

इधर झनकट मंडल के कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष विमल बिष्ट के नेतृत्व में झनकट चौक पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हुए आतिशबाजी कर मिष्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला मंत्री भुवन जोशी, किशोर जोशी, महामंत्री महेश राणा, मनोज सिंह राणा, शिव शंकर भाटिया, युवा मोर्चा अध्यक्ष गौरव नेगी, हीरा सिंह बोरा, हीरा सिंह जेठी, मनोहर सिंह मेहरा, कृष्ण बोरा, ललित बोरा, बसंत सिंह धामी, श्रीपाल राणा आदि उपस्थित थे।

खटीमा के मुख्य चौक पर यूसीसी बिल पास होने पर मिठाई बांटते भाजपा कार्यकर्ता।

काशीपुर में की आतिशबाजी

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : समान नागरिक संहिता विधेयक (यूसीसी) विधानसभा सदन में पेश करने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी व्यक्त करते हुए मुख्य चौराहे पर आतिशबाजी कर मिठाई वितरित की। महाराणा प्रताप चौक पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अभिषेक गोयल के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मिष्ठान वितरण व आतिशबाजी की गई।

इस दौरान भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गोयल ने कहा कि उत्तराखंड प्रदेश यूसीसी को लागू करने वाला पहला प्रदेश बनने जा रहा है। यह उत्तराखंड के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। पीसीयू चेयरमैन राम मेहरोत्रा ने कहा कि सभी धर्म को एक समान सम्मान देने के लिए समान नागरिक संहिता विधेयक जरूरी है।

उन्होंने कहा कि कुछ लोग गलत अफवाह फैलाकर इस मामले में राजनीतिक रोटियां सेकने की कोशिश कर रहे हैं। वहां पर निवर्तमान महापौर ऊषा चौधरी, मोहन बिष्ट, समरपाल चौधरी, राजकुमार यादव, प्रशांत पंडित, सुरेश सैनी, गुरविंदर सिंह चंडोक, नितिन गोले, राजीव अरोरा बच्चु, गिरीश तिवारी, विपिन अरोड़ा, बलकार सिंह, वैशाली गुप्ता, राहुल पैगिया, हिमांशु कथुरिया आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

काशीपुर में महाराणा प्रताप चौक पर आतिशबाजी करते भाजपा कार्यकर्ता।

यूसीसी बिल पारित होने पर झूमे भाजपा कार्यकर्ता

संवाददाता, रामनगर/भीमताल

अमृत विचार : कॉमन सिविल कोड बिल पेश किए जाने पर उत्साहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर मंडल अध्यक्ष मदन जोशी के नेतृत्व में क्रांति चौक लखनपुर पर ढोल नगाड़े के साथ मिष्ठान वितरण किया गया।

इस दौरान प्रदेश मंत्री राकेश नैनवाल, नगर मंडल अध्यक्ष मदन जोशी, माया रावत, भावना भट्ट, जय प्रकाश जोशी, मन मोहन बिष्ट, संजय डोर्बी, दीपक राणा आदि मौजूद रहे। भीमताल भाजपा मंडल के तत्वावधान में तिकोनिया चौराहे पर कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान वितरण किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष कमला आर्य, मंडल महामंत्री योगेश तिवारी, कमलेश रावत, उपाध्यक्ष कमल जोशी, संदीप पांडे, राजेश सांगुरी, परमानंद दुम्का, पूरन जोशी, चिराग बोरा, दीपक, जय आदि मौजूद थे।

रामनगर में मिष्ठान वितरण करते भाजपाई। ● अमृत विचार

भीमताल में मिठाई बांटते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

खटीमा के मेलाघाट में युवाओं को खेल सामग्री वितरित करते एसएसबी के अधिकारी। ● अमृत विचार

एसएसबी ने बांटी खेल सामग्री

▸▸ युवाओं के बीच कराया वॉलीबॉल का मैच

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार : भारत नेपाल सीमा पर तैनात 57वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ने नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत सीमावर्ती क्षेत्र के युवाओं को खेलकूद का सामान वितरित किया।

एसएसबी के कमांडेंट मनोहर लाल के निर्देशानुसार सहायक कमांडेंट अनुराग की अध्यक्षता में नागरिक कल्याण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें बुधवार को एसएसबी डी-कंपनी मेलाघाट द्वारा मेलाघाट, सिसैया, वन महोलिया, बगुलिया तथा बलुआ खैरानी के युवाओं के बीच वालीबॉल मैच का आयोजन किया गया।

साथ ही उनको क्रिकेट, वॉलीबॉल तथा बैडमिंटन आदि से संबंधित खेलकूद का सामान भी वितरित किया गया।

सहायक कमांडेंट अनुराग ने खिलाड़ियों और क्षेत्र के ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया तथा ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि आगे भी नागरिकों के लिए कल्याणकारी कार्यक्रम चलाए जाते रहेंगे।

उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्र के ग्रामीणों को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताते हुए नशे से दूर रहने की अपील की। इस अवसर पर उपनिरीक्षक वेद प्रकाश, गोपी कृष्ण नौटियाल, धर्मेंद्र दास, रिनचेन भूटिया, बैजनाथ, सुनील कुमार सिंह, विष्णु, प्रेम कुमार, राम बिहारी सहित सैकड़ों की संख्या में सीमावर्ती क्षेत्र के ग्रामीण उपस्थित रहे।

दुष्कर्म के केस में फंसाने की धमकी, 4.5 लाख वसूले

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : रोडवेज के रुहेलखंड डिपो के सेवानिवृत्त कर्मी को जाल में फंसाकर साढ़े चार लाख रुपये वसूल लिए गए।

सुभाषनगर थाना पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। नेकपुर गल्ला मंडी निवासी चक्रपाल सिंह ने बताया कि वह 12 जुलाई 2023 की सुबह 5.30 बजे वह घर की सफाई कर रहे थे। घर में अचानक मढ़ीनाथ के रहने वाले कथित पत्रकार सत्यप्रकाश शर्मा उर्फ सत्यम एक अज्ञात महिला और एक व्यक्ति के साथ घुस आए और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया।

इस दौरान महिला ने चिल्लाना शुरू कर दिया कि उसके साथ दुष्कर्म हुआ है। तीनों ने उनके कमरे की तलाशी ली और बिस्तर के नीचे रखे साढ़े चार लाख रुपये लेकर फरार हो गए।

खेल-खिलाड़ी

शांतिपुरी में जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने किया अखिल भारतीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ

प्रतियोगिता : शांतिपुरी क्लब और इंडियन आर्मी की टीम ने जीते वॉलीबॉल मैच

संवाददाता, शांतिपुरी

अमृत विचार : शांतिपुरी नंबर दो मनसा देवी मंदिर के पास स्थित सार्वजनिक खेल मैदान में ग्रीन शांतिपुरी ग्रुप द्वारा आयोजित दो दिवसीय अखिल भारतीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी उदय राज सिंह ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर किया। उन्होंने शांतिपुरी के ग्रामीण क्षेत्र में इस टूर्नामेंट के आयोजन को ग्रामीण युवाओं के लिए प्रेरणादाई बताया।

उन्होंने आयोजक ग्रीन शांतिपुरी ग्रुप को बधाई दी और कहा कि इससे ग्रामीण प्रतिभाओं को सीखने व आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। विशिष्ट अतिथि एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने आयोजकों को बधाई दी और करीब एक घंटे तक मैच का आनंद लिया। इस दौरान उन्होंने समय-समय पर ताली बजाकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन भी किया। इससे पूर्व राष्ट्रगान के साथ हीरावती माधवानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल सरस्वती विहार शांतिपुरी के बच्चों ने अतिथियों के सम्मान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बुधवार को टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच शांतिपुरी क्लब व अयोध्या हॉस्टल के मध्य खेला गया। जिसमें शांतिपुरी क्लब ने टॉस जीतकर क्रमशः 23-25, 25-22 व 25-19 के तीन सेटों में कड़ी टक्कर देकर 2-1 के अंतर से अयोध्या हॉस्टल की टीम को पराजित कर मैच जीत लिया। टूर्नामेंट का दूसरा मैच गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर और इंडियन आर्मी के मध्य खेला गया। जिसमें इंडियन आर्मी ने 25-22, 14-25 व 25-18 के रोचक मुकाबले में 2-1 के अंतर से प्रतिद्वंदी टीम गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर को पराजित कर मैच जीत लिया। उद्घाटन मैच के मुख्य में निर्णायक प्रवीण कुमार व सहायक निर्णायक अजय वर्मा रहे। जबकि आंखों देखा हाल गोलापार के जाने-माने कॉमेंटेटर लक्की चौहान व जवाहरनगर के वॉलीबॉल प्रेमी मोहन सिंह कोरंगा उर्फ लक्खा ने सुनाया। इस मौके पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, तहसीलदार किच्छा गिरीश चंद्र त्रिपाठी, कोतवाल पंतनगर आरएस डांगी, अधीक्षण अभियंता शेखर त्रिपाठी, नेस्ले कंपनी के प्लांट हेड विशाल गर्ग, ट्रांस्को पावर कंपनी के मालिक अरविंद यादव, प्रधान संघ अध्यक्ष दीपा कांडपाल, नारायण सिंह बिष्ट, डॉ. बीडी जोशी, राजेंद्र प्रसाद शर्मा, सैनिक संगठन अध्यक्ष दिगंबर प्रसाद जोशी, सेवानिवृत्त कैप्टन देवेंद्र सिंह कोरंगा, नेहा कोरंगा, महिला समूह की अध्यक्ष कविता तिवारी, जेष्ट ब्लॉक प्रमुख नीरज टाकुली, प्रधान रोहित तिवारी, प्रताप सिंह कोरंगा, प्रेम आर्या, कैलाश जोशी, बिशन सिंह कोरंगा, दुग्ध संघ डायरेक्ट इंदर मेहता, सुभाष जोशी, हयात सिंह कोरंगा, तारा सिंह कोरंगा, दिग्विजय सिंह खाती, कमलेश जोशी, जगदीश कांडपाल, चंदन सिंह कोरंगा समेत बड़ी संख्या में दर्शक एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

शांतिपुरी में सर्विस देकर वॉलीबॉल मैच का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि जिलाधिकारी उदय राज सिंह। ● अमृत विचार

अखिल भारतीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में अंक के लिए जूझते शांतिपुरी वॉलीबॉल क्लब व अयोध्या हॉस्टल के खिलाड़ी।

अभेद्य होगी स्थायी राममंदिर की सुरक्षा

अयोध्या : प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब भव्य राम मंदिर की सुरक्षा को लेकर नए सिरे से खाका खींचा जा रहा है। अत्याधुनिक उपकरणों के साथ श्रद्धालुओं की सुविधाओं का भी ध्यान रखा जाएगा।

इस पर बुधवार को राम जन्मभूमि परिसर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद हुई पहली राममंदिर स्थायी सुरक्षा समिति की बैठक में मंथन किया गया। बैठक के पहले अधिकारियों ने जन्मभूमि पथ और परिसर में प्रवेश के पहले लगाई गई सुरक्षा के आधुनिक उपकरणों का भी निरीक्षण किया। आने वाले श्रद्धालुओं से भी बातचीत कर जानकारी ली। इस दौरान श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा, विमलेंद्र मोहन मिश्रा के साथ एडीजी सुरक्षा रघुवीर लाल, एडीजी जोन पीयूष मोर्डिया, आईजी प्रवीण कुमार, मंडलायुक्त गौरव दयाल, जिलाधिकारी नीतीश कुमार, सीआरपीएफ के कमांडेंट, पीएससी, आरआरएफ और खुफिया विभाग के

अमृत विचार
www.amritvichar.com

श्व : कार्यमद्य कुर्वीत पूर्वान्हे चापरान्हिकम्।
न हि प्रतीक्षते मृत्यु : कृतमस्य न वा कृतम्।।

जिस काम को कल करना है उसे आज और जो काम शाम के समय करना हो तो उसे सुबह के समय ही पूर्ण कर लेना चाहिए। क्योंकि मृत्यु कभी यह नहीं देखती कि इसका काम अभी भी बाकी है।

संपादकीय

भारतीय छात्रों पर हमले

अमेरिका में भारतीय छात्रों पर हमले लगातार जारी हैं। हमले की ये घटनाएं परेशान करने वाली हैं। अमेरिका के पड्र्यू विश्वविद्यालय में डॉक्टरेट की पढ़ाई कर रहे एक भारतीय छात्र का शव मिला जबकि शिकागो में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) की पढ़ाई कर रहे एक और भारतीय छात्र के साथ बेरहमी से मार-पीट की गई। रविवार से भारतीय छात्रों पर हमले की एक के बाद एक घटनाएं सामने आई हैं और अकेले 2024 में ही ऐसी छह घटना दर्ज की गई हैं। सवाल उठता है कि भारतीय छात्रों के साथ अमेरिका में बार-बार ऐसी घटनाएं क्यों हो रही हैं। क्या यह हमले केवल लूटपाट के इरादे से हो रहे हैं। क्या यह आपराधिक घटनाएं हैं। ध्यान रहे अमेरिका में रह रहे भारतीयों को अक्सर नस्लीय भेदभाव का शिकार होना पड़ा है। विदेश में पढ़ रहे भारतीय छात्रों पर हमले का मुद्दा पिछले कुछ समय से चर्चा में है।

शुक्रवार को विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने लोकसभा में जानकारी दी थी कि मंत्रालय के पास मौजूद आंकड़ों के हिसाब से विदेश में पढ़ रहे 403 छात्रों की मौत 2018 से अब तक हुई है। इनमें सबसे ज्यादा 91 मौत कनाडा में हुई हैं। जबकि ब्रिटेन 48, रूस में 40, अमेरिका में 36, ऑस्ट्रेलिया में 35, यूक्रेन में 21 और जर्मनी में 20 भारतीय छात्रों की मौत हुई है। गौरतलब है कि पढ़ाई के लिए अमेरिका भारतीय छात्रों की पहली पसंद है। संयुक्त राज्य अमेरिका में पढ़ने वाले दस लाख से अधिक अंतर्राष्ट्रीय छात्रों में से एक चौथाई से अधिक भारतीय छात्र हैं। ओपन डोर्स रिपोर्ट (ओडीआर) के आंकड़ों के मुताबिक भारत में ऐसे लोगों की संख्या सबसे अधिक है, जिन्होंने वैकल्पिक व्यावहारिक प्रशिक्षण (ओपीटी) लिया है। अमेरिका में हुई ताजा घटनाओं ने संयुक्त राज्य अमेरिका में रहने वाले तीन लाख से अधिक भारतीय मूल के छात्रों को चिंतित किया है। हालांकि विदेश मंत्री ने आश्वासन दिया कि विदेश में पढ़ रहे छात्रों की सुविधा और सुरक्षा सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल है। शिकागो में भारतीय छात्र पर हमले के बाद तेलंगाना सरकार ने अमेरिका में एक हेल्प डेस्क के गठन का फैसला किया है। छात्रों को मानसिक तनाव झेलना पड़ रहा है। विशेषज्ञों ने अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिए जागरूकता और सहायता प्रणालियों में वृद्धि पर जोर दिया है। ऐसे में विदेश मंत्रालय को भारतीय छात्रों को अमेरिका में सुरक्षित रखने के लिए एक सलाह जारी करने की जरूरत है।

हमारा मौजूदा संसदीय जनतंत्रः समस्या और समाधान



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

भारत की संसद के बारे में एक राय होना असंभव है, किंतु अपने विश्वविद्यालयीन शिक्षाकाल से लेकर आज तक के लंबे अंतराल में मैंने अधिकांश समय इसे तत्वत : टॉकिंग शॉप का ही एक प्रतिरूप पाया है। इसकी काट में जो चीज व्यवहार में आई।

हमारी मौजूदा जनतांत्रिक व्यवस्था में संसद सर्वोपरि है,वह संप्रभु है। 'संसदीय संप्रभुता', इसके पीछे अवधारणा यह है कि सभी संसद सदस्य अपने-अपने क्षेत्र की जनता का प्रतिनिधित्व करते हुए, विभिन्न मुद्दों पर मुक्त बहस करने के बाद, व्यक्तिगत रूप से अपना-अपना स्वतंत्र मत व्यक्त करेंगे। इस तरह बहुमत से जो निर्णय होगा वह जनता का निर्णय होगा और वही अंतिम हो जाएगा। न्यायपालिका भी उसको केवल संवैधानिकता/असंवैधानिकता(के आधार पर निरस्त कर सकेगी। निरपेक्ष औचित्य/अनौचित्य (डयू प्रोसेस ऑफ लॉ) के आधार पर नहीं। (वैसे हमारी न्यायपालिका ने धीरे-धीरे डयू प्रोसेस ऑफ लॉ के रकबे में दखल देकर इस अधिकार को भी हथिया लिया है।) किंतु दलीय प्रणाली (जिसकी संविधान में न तो व्यवस्था है, न निषेध) ने सचेतक की संस्था के साथ गठजोड़ कर संसदीय संप्रभुता को शासक दल की संप्रभुता में बदल दिया है। यदि शासक दल में आंतरिक जनतंत्र न हो तो यह संप्रभुता दल के एक कॉकस में या एकछत्र शीर्ष नेतृत्व में केंद्रित हो जाती है और संसद महज चिल्लपों मचाने की दुकान में अवमूल्यित हो जाती है।

भारत की संसद के बारे में एक राय होना असंभव है, किंतु अपने विश्वविद्यालयीन शिक्षाकाल से लेकर आज तक के लंबे अंतराल में मैंने अधिकांश समय इसे तत्वतः टॉकिंग शॉप का ही एक प्रतिरूप पाया है। इसकी काट में जो चीज व्यवहार में आई। वह दरअसल काट नहीं संसद को सड़क पर लाने की जुगत है। ऐतिहासिक दृष्टि से देखें तो इसमें कुछ हाथ हमारे "राष्ट्रपिता" का भी बनता है जिन्होंने उन दिनों की संसदनुमा कौंसिल के बहिष्कार, अंतरात्मा या ईश्वर की आवाज वगैरह के जरिए संसदीय गरिमा को चपड़चूं करने में कोई कसर बाकी नहीं रखी। किसी राष्ट्र में अपने पिता के गुण न आएं तो उसे अवैध संतान ही कहा जाएगा न? तो वैधता-अवैधता का मुद्दा इतना अहम है कि हम किसी भी कीमत पर अपने राष्ट्र को पिता की वैध संतान सिद्ध करने में लगे रहते हैं।

यह जो संसद से सरक कर सड़क तक (स्व. धूमिल जी के "भक्त" माफ करेंगे) आने वाला जनतंत्र है,वह तत्वतः जनतंत्र नहीं, भीड़तंत्र है। साथ ही उसमें अगर टीआरपी-क्षुधित मीडिया भी शामिल हो जाए तो वह देश के किसी भी कोने में हो, देशव्यापी भीड़तंत्र बन जाता है।

> हर सांसद संसद-सत्र के समय को छोड़कर बाकी समय अपने-अपने क्षेत्र में रहे। वहां भी घर पर या किसी डाक बंगले में दरबार लगाने या आराम फरमाने नहीं, लगातार अपने क्षेत्र का भ्रमण करने। वहां के लोगों का काम करने-कराने। ब्लॉक, तालुका/तहसील और जिला स्तर पर उनकी समस्याओं का निपटारा कराने। सामान्य समस्याओं से दल के शीर्ष नेतृत्व को लगातार अवगत कराने जिससे उन्हें संसद में उठाया जा सके। और विपक्ष? उसके लिए तो जनता के बीच काम करने का यही स्वर्णिम अवसर है। सत्ता की खींचतान से मुक्त सभी विपक्षी दल संसद के कार्यकाल की शुरुआत में ही अगले चुनाव के लिए विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों के अपने-अपने उम्मीदवार तय कर दें।

भीड़तंत्र का फंडा यह है कि उसमें तथ्य, तर्क और बुद्धि का सर्वथा लोप हो जाता है। नतीजतन वह अपरिहार्य रूप से भेड़तंत्र बन जाता है। आगे वाली भेड़ (नेता) भीड़ को जिधर चाहे ले जा सकती है, खड्डा और कुआं भी अपवाद नहीं हैं। इसके लिए निहित स्वार्थ को बस भावना की चाशनी में डुबोकर मुंह से टपकाते रहने की कला आनी चाहिए।

अकारण नहीं कि अरस्तू ने जनतंत्र को सबसे उत्तम शासन प्रणाली बताने के बाद उसके इस भीड़तंत्री (या भेड़तंत्री) संस्करण को सबसे निकृष्ट शासन प्रणाली भी बता डाला। भ्रष्ट व निरंकुश राजतंत्र और भ्रष्ट व निरंकुश कुलीनतंत्र से भी निकृष्ट। कारण तंत्र के भ्रष्ट होने पर वहां गड़बड़ी पैदा करने वाला एक व्यक्ति (राजा) या कुछ व्यक्ति (सत्तासीन कुलीन लोग) होते हैं, जब कि जनतंत्र के भ्रष्ट होने पर पूरी जनता ही गड़बड़ी पैदा करने के शुभ कार्य में संलग्न हो जाती है। इस भेड़तंत्र से हम आम को इमली और इमली को आम सिद्ध करने का चमत्कार कर सकते हैं। निर्दोष को अपराधी और अपराधी को निर्दोष सिद्ध करना तो बाएं हाथ का खेल है। विकल्प क्या है? है भी या नहीं? एक विकल्प कांग्रेस की ओर से राहुल जी ने निकाला है-देश के आरपार यात्राएं करना। इस विकल्प की उपयोगिता-अनुपयोगिता पर दो राय हो सकती है। किंतु उसका संबंध संसदीय जनतंत्र नामक संस्था के इलाज से कम और इस वर्ष होने वाले संसदीय चुनाव से अधिक लगता है। यदि ऐसा है तो चुनाव परिणाम आते ही उसकी उपयोगिता-अनुपयोगिता का परिणाम भी मालूम हो जाएगा। दुर्भाग्य से राजनीतिशास्त्र कोई फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स नहीं है,जहां हर सिद्धांत सूत्रबद्ध किया जा सके। सार्वजनिक क्षेत्र के सारे सिद्धांत अमल के लिए आदमी नाम के प्राणी पर निर्भर करते हैं और आदमी जैसा जटिल, अननुमेय प्राणी इस पृथ्वी पर पाया नहीं जाता। लिहाजा जितना ऊंचा सिद्धांत, धूर्तों की कृपा से व्यवहार में उसकी उतनी ही दुर्गति।

एक विकल्प मुझे भी थोड़ा-थोड़ा समझ में आता है। हर सांसद संसद-सत्र के समय को छोड़कर बाकी समय अपने-अपने क्षेत्र में रहे। वहां भी घर पर या किसी डाक बंगले में दरबार लगाने या आराम फरमाने नहीं, लगातार अपने क्षेत्र का भ्रमण करने। वहां के लोगों का काम करने-कराने। ब्लॉक, तालुका/तहसील और जिला स्तर पर उनकी समस्याओं का निपटारा कराने। सामान्य समस्याओं से दल के शीर्ष नेतृत्व को लगातार अवगत कराने जिससे उन्हें संसद में उठाया जा सके। और विपक्ष? उसके लिए तो जनता के बीच काम करने का यही स्वर्णिम अवसर है। सत्ता की खींचतान से मुक्त सभी विपक्षी दल संसद के कार्यकाल की शुरुआत में ही अगले चुनाव के लिए विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों के अपने-अपने उम्मीदवार तय कर दें। वे जनता के बीच रहकर दल की नीतियों के अनुरूप कार्य करें। जनता की दिन-प्रतिदिन की समस्याएं स्थानीय स्तर पर सुलझाने की कोशिश करें,जो उनके वश में न हों, दल के नेतृत्व की जानकारी में लाएं, नेतृत्व ऐसे क्षेत्रों का दौरा करें। उनकी आवाज संसद में उठाए।

संसद में सत्ता पक्ष और विपक्ष का द्वंद्व, सत्ता के लिए उनकी प्रतिद्वंद्विता हर चुनाव क्षेत्र की जमीनी समस्याओं के आलोक में हो,उनके नीतिगत समाधान और उसकी भिन्नता की दिशा परिलक्षित करे। सत्ता का संघर्ष महज वाग्जाल और स्टंट न रहकर इन समस्याओं और उनके समाधान के परिप्रेक्ष में हो।

सांसदों के इस कार्यकलाप के आधार पर संसद की बहसें व्हिप से मुक्त होकर, अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्र की जनता की ठोस, जमीनी समस्याओं के परिप्रेक्ष्य में हों। उनके निदान के लिए जनता के ठोस हालात की बेहतरी के लिए,उसके विकास के मार्ग की बाधाओं और समस्याओं को दूर करने के लिए हों। संसद सांसदों के लिए अपनी वाकपटुता के प्रदर्शन से एक दूसरे को नीचा दिखाने, स्वयं को जनता का सच्चा सेवक और विरोधी को देश और जनता का दुश्मन सिद्ध करने, हल्ला मचाकर संसद के काम में अवरोध उत्पन्न करने, आए दिन संसद से बहिर्गमन करने आदि का अड्डा (टॉकिंग शॉप) बनने के बजाय जनता की समस्याओं का,जनता का प्रतिबिंब बने। हर सांसद और संसदीय उम्मीदवार अक्सर अपने क्षेत्र की सड़कों पर दिखे तो शायद संसद को सड़क पर लाने की जरूरत न रह जाए। जनतंत्र को भीड़तंत्र/भेड़तंत्र में अंतरित होकर निकृष्टतम शासन प्रणाली बनने से रोकने का, ढीलाढाला ही सही,काम चलाऊ ही सही,शायद यही विकल्प हो।

प्रसंगवश

महिलाओं की जिम्मेदारी कर्तव्य या मजबूरी

कई बार औरतों और लड़कियों का व्यवहार मुझे समझ में नहीं आता है। जब मां बाप घूमने-फिरने, आने-जाने और पहनावे पर टोका-टोकी और रोक-टोक करते हैं, तब मां बाप दकियानूस लगते हैं, जल्लाद लगते हैं, पुराने खयालात के लगते हैं। उनकी मूल आजादी और भावनाओं के खिलाफ लगते हैं। लेकिन जब लड़की का ब्वाय फ्रेंड या औरत का पति उसके कहीं आने-जाने, घूमने-फिरने पर टोका टोकी करता है। उसके पहनावे को लेकर सवाल उठाता है या विरोध करता है तो तब उन्हें लगता है कि उनका प्रेमी या पति उनसे बहुत प्यार करता है। ना कुछ अजीब, एक ही व्यवहार के लिए दो अलग-अलग भावनाएं? वैसे भी महिला शक्ति को समझना इतना आसान नहीं है।

> देखा जाए तो भारतीय पति बड़े किस्मत वाले होते हैं। अच्छे हो या बुरे हर हाल में पूजे जाते हैं। अगर यही अमेरिका और रूस होता तो कब के बदल दिए जाते और ऊपर से पति शक्की होता तो दुर्गति कराता ।

प्रेमिका या पत्नी जब कहती है कि उसका पुरुष उसके प्रति बहुत पजेसिव है, वह उस से बहुत प्यार करता है तो वह घुमा-फिराकर अंजाने ही इशारों ही इशारों में यह कहना चाह रही होती है कि उसका पुरुष शक करता है। पुरुष अपनी स्त्री पर मालिकाना हक जताता है। उसे एक वस्तु से अधिक नहीं समझता है। ऐसा पुरुष अपनी स्त्री पर हमेशा दबाव बनाए रखता है। उस पर हमेशा अंकुश लगा कर रखता है। उसे अपनी जायदाद समझता है। इस धरती पर अधिकांश पुरुष ऐसे ही होते है। जब कोई औरत स्वीकार करती है कि उसका पुरुष उसके प्रति पजेसिव है तो बिना लाग लपेट आप समझ जाएं कि वह स्त्री आसमान में स्वच्छंद उडान भरना चाहती है लेकिन वह दबाव में है। यह दबाव वह अपने पुरुष से महसूस करती है।

डॉ.धीरज सिंह
मुंबई

मनोवैज्ञानिक नियम है कि अपहृत किया हुआ व्यक्ति साथ में रहते हुए कुछ वक्त के बाद अपने अपहरण कर्ता के प्रति प्यार के भाव से भर जाता है। उस से स्नेह करने लगता है और इस बात की भनक तक अपहृत व्यक्ति को नही लगती है। एक पजेसिव पुरुष और उसकी स्त्री के बीच लगभग ऐसा ही रिश्ता होता है। स्त्री में इस बात की समझ विकसित नहीं हो पाती कि उसके पुरुष ने मानसिक और सामाजिक रूप से उसका अपहरण कर लिया है। उस को बंधन में रखे हुए है, यह नागवार विपरीत परिस्थिति स्त्री को अपने अनुकूल लगती है।

भारतीय समाजिक ताना बाना भी ऐसा है कि अधिकांश महिलाओं को आत्मनिर्भर नहीं बनने देता है। जो आत्मनिर्भर होती भी हैं तो घर और परिवार के लिए त्याग करने की जिम्मेदार उन पर आ जाती है। जब कुछ छोड़ छाड़ कर वे अपने पुरुष पर आश्रित हो जाती है। अधिकांश भारतीय महिलाएं पुरूषों पर आश्रित होती है। इसलिए भी शायद रिश्ते लंबे निभ जाते हैं और ऐसे में पुरुष की सौ गलतियां भी माफ हो जाती हैं। शब्दों की मीठी चाशनी में आपसी संबंधों के समर्थन में भले लाख तर्क दिए जाएं लेकिन इस के मूल में मजबूत मजबूरियां ही होती हैं वर्ना किसी इंसान का आत्म सम्मान न जागें, यह असंभव है। जब पुरुष नारी को अपने वश में करने में असफल हो जाता है तो उसे चरित्रहीन साबित कर देता है और जब चरित्र की बात आती है तो मजबूरी में ही सही नारी अपना हथियार नीचे रख आत्म समर्पण कर देती है। ऐसे में सब जानते, बुझते, समझते न चाहते हुए भी स्त्री सबसे पहले अपना घर बचाती है।

देखा जाए तो भारतीय पति बड़े किस्मत वाले होते हैं। अच्छे हो या बुरे हर हाल में पूजे जाते हैं। अगर यही अमेरिका और रूस होता तो कब के बदल दिए जाते और ऊपर से पति शक्की होता तो दुर्गति कराता और खाता फिर कानूनी भरण-पोषण का खर्च देता वह अलग से होता।

आम स्त्री को अपनी मूलभूत सुविधाएं फलीभूत होने से ही मतलब होता है। इसलिए भी वे चाह कर भी अपने पुरुष का विरोध नहीं कर पाती है। इतिहास गवाह है, स्त्री समानता, महिला अधिकार और आत्म निर्भरता की पहल भी पुरूषों ने ही की थी! उनको जागरूक करने की अलख भी पुरुषों ने ही जगाई है।

अर्थशास्त्र समझाकर मानेंगी मजबूरियां

पिछले महीने जौनपुर तक यात्रा पर गया था, कार से गया था, रास्ते में जगह जगह बने फास्टैग के साथ टोलों पर 1500 रुपये से ज्यादा टैक्स देना पड़ा। खल गया। ट्रेन से चलो तो सीनियर सिटीज़न को मिलने वाली छूट ख़त्म कर दी गई है, सड़क पेट्रोल/डीज़ल की क़ीमत के साथ साथ टोल पर टोल। यात्रा करना मुश्किल होता जा रहा है।

शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

सोचा, इतने महंगे टोल क्यूं हो गए? यू-ट्यूब पर मिल गए लेखक और अर्थशास्त्री अंशुमान तिवारी। वह कालम लिखते हैं। पता चला कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) एक सरकारी स्वायत्त संस्था है जो बाजार से लोन ले सकती है और इसने केंद्र सरकार द्वारा दिए गए बजट के अतिरिक्त, श्री गड़करी जी के कार्यकाल में 3.48 लाख करोड़ का कर्ज उठाया जबकि वर्ष 2014 तक यह कर्ज मात्र 24 हजार करोड़ था। मतलब करीब 24 गुना ज्यादा। मैं तो दंग रह गया। सुन रहा था कि गड़करी जी खूब सड़कें बनवा रहे है, बहुत सफल है, पर पता लगा यह सब तो हम पर लादे जा रहे कर्ज की वजह से है। हम सबको पता है कि सड़कें बनाने में बड़ी-बड़ी कंपनियों को ठेका दिया जाता है और सड़क के साथ उसके तमाम छेदों से इधर उधर भी वह खूब गिरता है। कितना सड़क पर गिरा, कितना बाहर, यह जांच का विषय है पर हम नागरिकों को इसके कारण बली का बकरा ज़रूर बनना पड़ रहा है। इतने कर्ज की अदायगी कैसे होगी, साफ़ है हमारी आपकी जेब से होगी, जितनी काटी जा सकती है, उतनी काटी जाएगी। कुछ हम कटेंगे, कुछ बैंक में डिफ़ॉल्ट होगा।

> यह भी पता चला कि केंद्र सरकार ने यह सब देखते हुए वर्ष 2022 से एनएचएआई को आगे क़र्ज़ लेने से रोक दिया है।

बैंक का डिफ़ॉल्ट भी, अपना डिफ़ॉल्ट होगा। यह भी पता चला कि केंद्र सरकार ने यह सब देखते हुए वर्ष 2022 से एनएचएआई को आगे क़र्ज़ लेने से रोक दिया है। बहुत अच्छा हुआ। आप देख रहे होगे अब एनएचएआई की चाल काफ़ी धीमी पड़ गई है। लखनऊ जाता रहता हूं। 2014 के बाद दिल्ली से लखनऊ जैसे सबसे बड़े प्रांत को जोड़ने वाली, सत्ता पक्ष को सबसे ज्यादा सांसद देने वाली यूपी की राजधानी को देश की राजधानी से जोड़ने वाली नेशनल हाइवे (न.24) रामपुर से सीतापुर के बीच बननी थी, शेष बन चुकी थी और अफ़सोस आज भी वह कई जगहों पर पूरी नहीं हुई है।

केंद्र सरकार ने एनएचएआई को तो रोक दिया पर इसी छानबीन में पता चला कि केंद्र सरकार द्वारा लिए जा रहे क़र्ज़ों को लेकर पिछले दिनों अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारत सरकार को चेतावनी दी है और इसे सरकार तथा बैंक का ख़तरनाक गठजोड़ बताया। बताया कि केंद्र सरकार, राज्य सरकारें और सरकारी संस्थाओं का कर्ज हमारी जीडीपी के बराबर का हो गया है, ख़तरनाक स्तर पर पहु गया है। जो कर्ज 2014 -15 में जीडीपी का करीब 40 प्रतिशत होता था, अब उसके बराबर हो गया है। आईएमएफ ने तो यह तक कह दिया कि भारतीय अर्थव्यवस्था 'डूम लूप' की तरफ़ जा रही है।

सोचता हूं कि मैं ज़िंदगी भर कर्ज से दूर भागता रहा, पर कर्ज है पीछे पड़ा हुआ है। लखनऊ में मकान बनवाने के लिए सरकारी कर्ज ज़रूर लिया था, दो बार मिलता था, मैंने कोशिश कर तीन बार लिया क्योंकि सरकारी कर्ज तनख्वाह से कटता रहता था, ज्यादा तंग नहीं करता था। ऊपर से गर कोई अनहोनी हो जाए तो कर्ज के बराबर ही उसका बीमा भी करा दिया था शुरू से ही सेविंग भी करता रहा ताकि वक्त ज़रूरत पर काम आए पर आज पता लग रहा है कि मैंने कर्ज भले ही नहीं ले रखा पर मेरे नाम पर सरकार द्वारा लिया गया कर्ज तो बहुत हो गया है। यह कर्ज हमीं सब को भरना है। डाइरेक्ट टैक्स में भी 30 प्रतिशत तक के दायरे में हूं। इनडाइरेक्ट टैक्स तो हर जगह देना ही देना है। जो कुछ ख़रीदो तो टैक्स , चलो तो टैक्स, खाओ तो टैक्स, देखो तो टैक्स। गर मुद्रा छापकर, इसे सरकार ने भुगताया तो रुपये का अवमूल्यन भी हमीं सब को झेलना होगा।

हो सकता है कि आप न डर रहे हो पर जब आईएमएफ चिंतित हो रहा है तो मेरा चिंतित होना स्वाभाविक है। मेरी बचत स्टेट बैंक में जमा है। जानकर लोग राय दें कि वहां सुरक्षित है ना। अर्थशास्त्र कभी मेरा विषय नहीं रहा पर लगता है कि ज़िंदगी की मजबूरियां, अर्थशास्त्र भी समझा कर मानेगी।

सोशल फोरम

त्रिकालदर्शी

एक त्रिकालदर्शी गुरु थे। त्रिकालदर्शी वह है जो भूत, वर्तमान और भविष्य तीनों को जानते हैं। द्विकाल दर्शी तो मैं भी हूं अर्थात भूत याद है और वर्तमान दिखाई दे रहा है। गुरु जी जन्म मृत्यु के भय से मुक्त शिष्यों को संसार की नश्वरता का ज्ञान देते थे। एक दिन शिष्य हैरान कि गुरु जी दहाड़ मार कर रो रहे हैं। एक शिष्य ने पूछ लिया कारण। गुरु जी ने कहा, 'मेरा अंत समय आ गया है'। शिष्य ने आश्चर्य से पूछा कि आप तो संसार की नश्वरता को हमें समझाते हैं और स्वयं रो रहे हैं? गुरु बोले कि रोने का कारण पुत्र मृत्यु नहीं वरन् अगला शरीर है। शिष्यों ने पूछा कि वह क्या है?' मूझे अगले जन्म में शूकर (सुअर)का शरीर मिल रहा है। शिष्य भी दुखी। कहां इतने तपस्वी, सदाचारी,निर्मलाहारी भोजक और छी छी ऐसा अगला शरीर। शिष्यों ने पूछा कि ऐसा दंड क्यों? गुरु जी ने कहा कि यह तो मैं यम से पूछ लूंगा लेकिन अभी मुक्ति का उपाय सोचना है। परामर्श के बाद तय हुआ कि ज्यों ही गुरु जी का पुनर्जन्म होगा उनके उस शरीर का वध कर दिया जाए। उनका एक शिष्य शायद उत्तराखंड सचिवालय में बाबू रहा हो, ने सवाल किया कि गुरु जी शहर-शहर गली-गली इतने घूमते हैं कितने मारेंगे? प्रश्न उचित था। उपाय निकाला गया और तय हुआ कि गुरु जी सुअर के रुप में जन्म लेंगे तो उनके माथे पर सफेद निशान होगा। यथा समय गुरु ने शरीर त्याग दिया, शिष्य गण भी इनक्यूबेशन पीरियड की समाप्ति के बाद हाथ में लट्ठ, बरछी, तलवार,भाला आदि लेकर गुरू की खोज में निकल पड़े। संयोग से गुरु की निशानी वाला एक नया नया बाल शूकर नाली में लोटता और मल भक्षण करता मिल ही गया। शिष्य वध करने दौड़े। गुरु जी चीं-चीं करते भागे और बोले मत मारो मत मारो। समझदार शिष्य ने कहा कि गुरु जी यह तो आपका आदेश है? गुरु (सूअर रुप) गंभीर स्वर में बोले, वत्स,जब मैं मानव शरीर में था तो मुझे यह शरीर घृणित लगता था, लेकिन अब इस शरीर में आ गया हूं तो इसी में आनंद आ रहा है। इस आख्यान से मेरी समझ में यह आ रहा है कि मनुष्य को त्रिकालदर्शी नहीं होना चाहिए।

रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत आईएएस

-फेसबुक वॉल से

विश्व पुस्तक मेले को स्तरीय बनाना होगा

नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला अब दुनिया के सर्वाधिक बड़े पुस्तक मेलों में शामिल है। इस बार यह 10 से 18 फरवरी 2024 तक है। हालांकि फेडरेशन आफ इंडियन पब्लिशर्स (एफआईपी) भी हर साल अगस्त में दिल्ली के प्रगति मैदान में ही पुस्तक मेला लगा रहा है और इसमें लगभग सभी ख्यातिलब्ध प्रकाशक आते हैं, बावजूद इसके नेशनल बुक ट्रस्ट के पुस्तक मेले की मान्यता अधिक है।



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

वैश्वीकरण के दौर में हर चीज बाजार बन गई है, लेकिन पुस्तकें, खासकर हिंदी की, अभी इस श्रेणी से दूर हैं। पिछले कुछ सालों से नई दिल्ली पुस्तक मेला पर बाजार का असर देखने को मिल रहा है। किताबों के स्वत्वाधिकार के आदान-प्रदान के लिए दो दिन "राइटर्स टेबल" का विशेष आयोजन होता है। यह बड़ी बात है कि केवल किताब खरीदने के लिए तो दर्जनों वेबसाईट उपलब्ध हैं जिस पर घर बैठे आदेश दो और घर बैठे डिलेवरी लो, इसके बावजूद इसके बावजूद यहां 1200 से 1400 प्रतिभागी होते हैं और कई चाह कर भी हिस्सेदारी नहीं कर पाते क्योंकि जगह नहीं होती। हालांकि यह पुस्तक मेला एक उत्सव की तरह होता है, जहां किताब का व्यापार मात्र नहीं, कई तरह के समागम होते हैं। लेकिन यह नई दिल्ली पुस्तक मेले का 31 वां आयोजन है और इसे अब बदलना होगा। पिछले साल से यह मेल प्रगति मैदान के नए बने हॉल में हो रहा है और इतने विशाल परिसर में कोई स्टाल तलाशना बहुत जटिल है। पेइचिंग पुस्तक मेले में बड़े-बड़े हाल्स को चौराहों की तरह विभाजित किया जाता है और बीच के रास्ते पर बड़े बड़े प्लेट लटकते हैं जो पंक्ति और स्तंभ में शामिल विक्रेताओं के नंबर स्पष्ट दिखते हैं। अंग्रेजी के हिस्से में लोग विदेश से आए रद्दी में से किताबों को बेहद कम दाम पर बेचते हैं, उनके यहां भीड़ भी होती है लेकिन ऐसे दृश्य किसी मेले के 'विश्व स्तरीय' होने पर सवाल उठाते हैं।

> वैश्वीकरण के दौर में हर चीज बाजार बन गई है, लेकिन पुस्तकें अभी इस श्रेणी से दूर हैं। पिछले कुछ सालों से पुस्तक मेला पर बाजार का असर देखने को मिल रहा है।

यह बात भी तेजी से चर्चा में है कि इस पुस्तक मेले में विदेशी भागीदारी लगभग ना के बराबर होती जा रही है। यदि श्रीलंका और नेपाल को छोड़ दें तो विश्व बैंक, संयुक्त राष्ट्र श्रम संगठन, स्वास्थ्य, यूनीसेफ आदि के स्टाल विदेशी मंडप में अपनी प्रचार सामग्री प्रदर्शित करते दिखते हैं। फ्रेंकफर्ट और अबुधाबी पुस्तक मेला के स्टाल भागीदारों को आकर्षित करने के लिए होते हैं। इक्का-दुक्का स्टालों पर विदेशी पुस्तकों के नाम पर केवल 'रिमेंडर्स' यानी अन्य देशों की फालतू या पुरानी पुस्तकें होती हैं। ऐसी पुस्तकों को प्रत्येक रविवार को दरियागंज में लगने वाले पटरी-बाजार से आसानी से खरीदा जा सकता है। पहले पाकिस्तान से दस प्रकाशक आते थे लेकिन बीते एक दशक से पाकिस्तान के साथ बाकी तिजारत तो जारी है लेकिन एक दूसरे के पुस्तक मेलों में भागीदारी बंद हो गई। हालांकि विदेशी तो बहुत दूर है, हमारे मेले में संविधान में अधिसूचित सभी 22 भारतीय भाषाओं के स्टाल्स भी नहीं होते। पहले राज्यों के प्रकाशक संघों को निशुल्क स्टाल और आवास की व्यवस्था की जाती थी तो ढेर सारे भाषाई प्रकाशक यहां आते थे।

नई दिल्ली पुस्तक मेला की छवि पर एक दाग वहां हर हाल में बजने वाले प्रवचन और हल्ला-गुल है। बीते कुछ सालों से हर बार वहां कुछ संगठन उधम करते हैं और सारा साहित्यिक जगत सांप्रदायिक विवाद में धूमिल हो जाता है। समझना होगा कि किताबें लोकतंत्र की तरह हैं- आपको अपनी पसंद का विषय, लेखक, भाषा चुनने का हक देती हैं। यह मेल ही है तो है जहां गांधी- और सावरकर, चे-गोवएरा और भागवत गीता साथ साथ रहते हैं और पाठक निर्णय लेता है कि वह किसे पसंद करे। या तो इस तरह के धार्मिक स्टाल्स को लगाने ही नहीं देना चाहिए या फिर उन्हें किसी एक जगह एक साथ कर देना चाहिए। पुस्तक मेला के दौरान बगैर किसी गंभीर योजना के सेमिनारों, पुस्तक लोकार्पण आयोजनों का भी अंबार होता है। यह बात भी अब किसी से छिपी नहीं है कि अब एक ही तरह की विचारधारा के लोगों को आयोजक द्वारा निर्धारित "लेखक मंच" में समय दिया जाता है। असल में यह स्थान भागीदार प्रकाशकों के लिए बना था कि वे अपने स्टाल पर लोकार्पण आदि न करें और इससे वहां भीड़ न जमा हो। लेकिन लेखक मंच राजनीतिक मंच बन गया और प्रकाशक यथावत अपने स्टाल पर आयोजन करते हैं। बाल मंडप में भी बच्चे स्कूल्स से बुलाए जाते हैं जबकि यह स्थान इस तर्क का होना चाहिए कि मेले में आए बच्चे स्वतः यहां की गतिविधियों में शामिल हों।

छुट्टी के दिन मध्यवर्गीय परिवारों का समय काटने का स्थान, मुहल्ले व समाज में अपनी बौद्धिक ताबेदारी सिद्ध करने का अवसर और बच्चों को छुट्टी काटने का नया डेस्टीनेशन भी होता है- पुस्तक मेला। यह बात दीगर है कि इस दौरान प्रगति मैदान के खाने-पीने के स्टालों पर पुस्तक की दुकानों से अधिक बिक्री होती है। पार्किंग, मैदान के भीतर खाने-पीने की चीजों के बेतहाशा दाम, हाल के भीतर मोबाईल का नेटवर्क कमजोर होने, भीड़ के आने और जाने के रास्ते एक ही होने जैसी कई ऐसी दुविधाएं हैं जिनसे यदि निजात पा ले तो सही मायने में नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेल "विश्व" स्तर का होगा।

एक नजर

नशे के खिलाफ अभियान तेज करने की मांग

बनबसा। थाना परिसर में पुलिस अधीक्षक अजय गणपति की अध्यक्षता में हुई बैठक में गौरव सैनानी कल्याण समिति ने नशे के खिलाफ अभियान तेज करनी की मांग की है। समिति के अध्यक्ष कैप्टन भानी चंद ने पुलिस अधीक्षक के समक्ष क्षेत्र में युवा पीढ़ी में बढ़ते स्मैक तथा अन्य नशे पर चिंता जताई तथा पुलिस के द्वारा की जा रही कार्रवाई को और तेज करने की मांग की। वहीं भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश भट्ट ने बाहर से आने वाले लोगों के सत्यापन करने की मांग उठाई। पुलिस अधीक्षक ने मौके पर थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह जगवाण को नशे के कारोबारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिये। इस मौके पर गौरव सैनानी कल्याण समिति के अध्यक्ष कैप्टन भानी चंद, जिला पंचायत सदस्य पुष्कर कापड़ी, भुपाल भट्ट, भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश भट्ट, बलवीर प्रजापति आदि उपस्थित थे।

लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक 12 फरवरी को

टनकपुर। आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को लेकर जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत पांडेय की अध्यक्षता में जनपद में नियुक्त दोनों विधानसभाओं के सभी जोनल और सेक्टर ऑफिसर के साथ 12 फरवरी को जिला कार्यालय सभागार में अपराह्न 12 बजे बैठक की गई। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी आरसी आर्या ने सभी जोनल और सेक्टर ऑफिसर को बैठक में उपस्थित होने को कहा।

लंबित मांगों पर कार्रवाई नहीं होने पर उपनल कर्मचारी खोलेंगे मोर्चा

अल्मोड़ा। उत्तराखंड उपनल कर्मचारी संघ के सदस्यों ने प्रदेश सरकार पर उनके साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया है। संगठन के सदस्यों ने कहा कि वह अपनी लंबित मांगों के लिए लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। संगठन ने कहा है कि अगर उनकी मांगों पर शीघ्र कोई कार्रवाई नहीं की गई तो वह उग्र आंदोलन शुरू कर देंगे। उपनल कर्मचारियों की अल्मोड़ा में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि वह लंबे समय से सरकार से उपनल कर्मचारी को नियमित करने और उनके वेतन में वृद्धि की मांग कर रहे हैं, लेकिन उनकी मांगों पर सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। संगठन के सदस्यों का कहना था कि उपनल कर्मचारियों ने अल्प वेतन में 15 से 18 साल विभिन्न विभागों में अपनी सेवा दी हैं। वर्तमान में अधिकांश की उम्र 40 से 45 साल हो गई है, लेकिन अब सरकार उन्हें नियमित करने के बजाय बाहर का रास्ता दिखाने की कोशिश कर रही है। उपनल कर्मियों ने कहा है कि अल्प वेतन के कारण वह अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वहन भी ईमानदारी से नहीं कर रहे हैं। ऐसे में सरकार उनकी मांगों पर कार्रवाई करने के बजाय उनकी उपेक्षा कर रही है। जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संगठन ने सरकार से हाईकोर्ट के निर्णय को लागू करने, वेतन में 20 फीसदी वृद्धि करने, महंगाई भत्ता देने और कर्मचारियों को नियमित करने की मांग की है। मांगों पर कार्रवाई ना होने पर संगठन ने आंदोलन की चेतावनी भी दी है। बैठक के दौरान सदस्यों ने 12 फरवरी को प्रस्तावित कार्य बहिष्कार को सफल बनाने का निर्णय भी लिया। बैठक में जिलाध्यक्ष मनीष वर्मा, जिला महामंत्री शेखर भट्ट, कुंदन सिंह, निशांत गोस्वामी समेत अनेक उपनल कर्मचारी मौजूद रहे।

आवंटित भूमि में उद्योग न लगाने वाले उद्यमियों को नोटिस दें : डीएम

उद्योग विभाग की बैठक में दिए निर्देश, नोटिस की अवधि पूर्ण होने पर निरस्तीकरण होगा

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : नवीन कलक्ट्रेट में बुधवार को उद्योग मित्र की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें जिलाधिकारी विनीत तोमर ने उद्योग विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मिनी औद्योगिक आस्थान के लिए विभाग द्वारा जिन उद्यमियों को भूमि आवंटित की गयी है। अगर उन उद्यामियों की ओर से आवंटित भूमि में उद्योग स्थापित नहीं किया गया है तो उन्हें नोटिस जारी किया जाए। नोटिस की समयावधि पूर्ण होने के उपरांत आवंटित भूमि के निरस्तीकरण की कार्रवाई अमल में लायी जाए।

नवीन कलक्ट्रेट में बुधवार को बैठक लेते जिलाधिकारी विनीत तोमर। ● अमृत विचार

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जनपद में पंजीकृत उद्यम इकाइयों एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम नीति तथा विशेष एकीकृत औद्योगिक प्रोत्साहन नीति के अंतर्गत आने वाले उद्यमियों के ब्याज उपादान के दावों, विद्युत उपादान दावों, पूंजी निवेश सहायता दावों एवं अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि उद्यमियों द्वारा आवेदन करते समय सही जानकारी विभाग को उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि आवेदनकर्ता के आवेदन पत्र में किसी प्रकार की कोई त्रृटि हो तो संबंधित को पत्राचार कर उसका निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी ने महाप्रबंधक उद्योग को निर्देश दिए कि उपादान दावे के लिए जो समिति गठित की गयी है वह बैठक से पूर्व सभी मामलों पर समिति द्वारा सहमति के उपरांत ही दावों को बैठक में प्रस्तुत करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिन उद्यमियों द्वारा उद्योग हेतु आवेदन पत्र विभाग में दिए हैं। वह उद्यमी समय से प्रोजेक्ट रिर्पोट प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बिना किसी ठोस कारण के आवेदनों को निरस्त न किया जाए। उन्होंने संबंधित उद्यमियों को भी कहा कि ब्याज उपादान एवं विद्युत उपादान के दावों को ससमय प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने बैठक में निर्देश दिए कि विभाग एवं बैंक आपस में तालमेल बनाकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि जिन बैंकों द्वारा ब्याज उपादान की रिपोर्ट समय से विभाग को नहीं भेजी रही है। उन बैंकों के आगामी बैठक में अवश्य रूप से बुलाया जाय। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि जिन इकाइयों के ब्याज उपादान हेतु निदेशालय से बजट की मांग की जानी है इसके लिये समय-समय पर पत्राचार किया जाए। महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र मीरा बोरा ने बताया कि पूर्व में आयोजित बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन में एमएसएमई नीति के अंतर्गत 7 इकाइयों के ब्याज उपादान दावे स्वीकृत किए गए थे, जिसके सापेक्ष निदेशालय से बजट की मांग कर ली गयी है। उन्होंने कहा कि विशेष एकीकृत औद्योगिक प्रोत्साहन नीति 2008 के अंतर्गत 01 इकाई को ब्याज उपादान स्वीकृत किया गया था, जिसका बजट उपलब्ध हो जाने पर संबंधित इकाई को भुगतान कर दिया गया है। बैठक में मुख्य कोषाधिकारी जगत जोशी समेत अन्य अधिकारी एवं उद्यमी उपस्थित रहे।

जंगलों की आग पर व्यक्त की चिंता

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : बिंसर अभ्यारण प्रशासन की ओर से ताकुला विकास खंड के सुनोली में वनाग्नि सुरक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में वक्ताओं ने जंगलों में लग रही आग पर चिंता व्यक्त की और जंगलों को आग से बचाने के हरसंभव प्रयास करने का संकल्प भी लिया।

गोष्ठी को संबोधित कर वक्ताओं ने कहा कि कई दशकों में जंगलों और गांवों के रिश्तों में काफी परिवर्तन आया है। गांवों में मवेशियों की संख्या कम होने से जंगलों से घास का उठान नहीं हो पा रहा है। जिस कारण वनाग्नि की घटनाओं में तेजी आ रही है। वक्ताओं ने ग्रामीणों से कहा कि वह अपने आसपास होने वाली दावानल की घटनाओं पर नजर रखें और खरपतवार जलाते समय सावधानी बरतें और उसे अपने खेतों से बाहर ना आने दें। गोष्ठी के दौरान संवेदनशील क्षेत्रों में अग्नि बटियाओं का निर्माण करने, सीजनल फार वाचरों की संख्या बढ़ाने और उनकी नियुक्ति फरवरी महीने से कर उन्हें समय से मानदेय दिए जाने, ग्रामीणों के परंपरागत अधिकार बहाल करने के साथ ही जंगली जानवरों की सुरक्षा के लिए कारगर कदम उठाने की बात कही गई। गोष्ठी की अध्यक्षता लोक प्रबंध समिति के अध्यक्ष ईश्वर जोशी व संचालन वन दारोगा जीवन सिंह बोरा ने किया। इस मौके पर गंगा देवी, हेमंत कुमार, ममता भाकुनी, सुशील कांडपाल, किरन भाकुनी, पूरन सिंह, पूजा बोरा, त्रिलोक मेहता, नंदा बल्लभ जोशी, गिरीश जोशी आदि मौजूद रहे।

स्कूली बच्चों ने वनों को आग से बचाने की शपथ ली

छीनीगोठ विद्यालय में वन विभाग की टीम ने छात्र-छात्राओं को किया जागरूक।

टनकपुर : चम्पावत वन प्रभाग की ओर से चलाए जा रहे वनाग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। छीनीगोठ हाईस्कूल में वन क्षेत्राधिकारी रमेश चंद्र जोशी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम के तहत शिक्षक त्रिलोचन जोशी के संचालन में भाषण प्रतियोगिता आयोजित हुई। बच्चों ने वन जीव सुरक्षा और वनाग्नि से रोकथाम पर सुझाव रखे। प्रतियोगिता में मनीषा धामी प्रथम, ज्योति जोशी द्वितीय, कोमल बिष्ट तृतीय और अंश गहतोड़ी को सांत्वना पुरस्कार के लिए चयन हुआ। इस अवसर पर शिक्षक त्रिलोचन जोशी द्वारा स्कूल स्टाफ और बच्चों को वनों को आग से बचाने की शपथ दिलवाई। कार्यक्रम में वन क्षेत्राधिकारी रमेश चंद्र जोशी, वन आरक्षी हिमानी रावत, बसंती देवी, रोहित मेहता वन दरोगा चंद्रशेखर सकलानी, चंद्रशेखर उप्रेती, ओम प्रकाश, वन श्रमिक मोहम्मद उमर, जुबेर, ओम प्रकाश, प्रधानाध्यापक बेचन यादव, शिक्षक पल्लव जोशी, अखबर अली, पवन कुमार, बिजेंद्र मथेला मौजूद रहे।

त्रिस्तरीय पंचायतों का कार्यकाल बढ़े

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : जिले के पंचात प्रतिनिधियों ने त्रिस्तरीय पंचातयों का कार्यकाल दो साल बढ़ाने की मांग की है। इस मामले में पंचायत प्रतिनिधियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी को ज्ञापन भेजा है और उस पर तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन में कहा है कि कोरोना में पंचायतों में विकास कार्य प्रभावित हुए हैं, इसलिए सरकार को इस मांग को गंभीरता से लेकर कार्यकाल बढ़ाना चाहिए। सीएम धामी को भेजे ज्ञापन में पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा है कि कोरोना काल में दो साल के दोरान उन्हें विकास के कार्य करने का अवसर नहीं मिला है।

इस दौरान पंचायत प्रतिनिधियों ने फ्रंटलाइन स्वंयसेवी बनकर काम किया और सरकार की पूरी पूरी मदद की। ऐसे में पंचायत प्रतिनिधियों को काम के लिए अतिरिक्त समय मिलना चाहिए। पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि सरकार को अध्यादेश लाकर पंचायतों के दो वर्ष के कार्यकाल को बढ़ाने की कार्रवाई करनी चाहिए। पंचायत प्रतिनिधियों ने ज्ञापन में एक राज्य एक चुनाव के फार्मूले को लागू करने की मांग उठाई है। पंचात प्रतिनिधियों ने सीएम से आग्रह किया कि वह उनकी इस मांग पर गंभीरता से गौर कर पंचायतों का कार्यकाल बढ़ाने की कार्रवाई करें। ताकि गांवों का विकास हो सके। ज्ञापन में प्रधान संगठन जिलाध्यक्ष धीरेंद्र सिंह, देव सिंह भोजक, किशन सिंह बिष्ट, हेम भंडारी, हरेंद्र शैली, अर्जुन सिंह, बीना देवी, ममता मेहरा, नीलम देवी, राजेंद्र सिंह, रमेश राम, मुकेश आर्या, पल्लवी देवी समेत विभिन्न ग्राम पंचायतों के प्रधान और बीडीसी सदस्यों ने हस्ताक्षर किए हैं।

पति से तंग होकर आई महिला को रेस्क्यू कर नेपाल के एनजीओ के सुपुर्द किया

बनबसा। नेपाल से गुमशुदा महिला को रीडस संस्था ने रेस्क्यू कर नेपाल के एनजीओ के सुपुर्द किया। संस्था के समन्वयक जनक चंद ने बताया कि 25 नवंबर 2023 को महेंद्र नगर, वार्ड नंबर 18, जिला कंचनपुर नेपाल की रहने वाली 26 वर्षीय दुर्गा थारू चौधरी घर से नाराज होकर 6 वर्षीय बच्चे को छोड़कर भारत आ गई। इसकी सूचना महिला के पति ने जिला कार्यालय प्रहरी महेंद्र नगर में दर्ज कराई। जनक चंद ने बताया कि इसके बाद नेपाल एनजीओ द्वारा उनसे संपर्क किया गया और महिला को खोजने की मदद मांगी गई। संस्था ने काफी खोजबीन के बाद महिला को खटीमा कोतवाली के सहयोग से सितारगंज से रेस्क्यू कर उज्जवला केंद्र बनबसा में रखा। महिला ने बताया कि वह पति के द्वारा प्रताड़ित किए जाने से तंग होकर घर से भाग गई। संस्था द्वारा महिला को समझा बुझाकर के नेपाल एनजीओ महेंद्र नगर के सुपुर्द कर दिया गया। इस मौके पर संस्था प्रकाश चंद्र, विनीता रजवार मौजूद रहे।

एनआई एक्ट के आरोपी को किया गिरफ्तार

अल्मोड़ा। सल्ट पुलिस ने डूंगरा निवासी एक फरार वारंटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार वह एनआई एक्ट से संबंधित वारंटी है, जो लंबे समय से फरार था। न्यायालय से जारी गिरफ्तारी वारंट के अनुसार एनआई एक्ट से संबंधित वारंटी रामकिशन पुत्र चिंतामणि, निवासी डूंगरा, सल्ट अल्मोड़ा, जो काफी समय से फरार चल रहा था। उक्त को गत दिवस दबिश देकर उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। पुलिस टीम में अपर उप निरीक्षक दीवान सिंह बिष्ट व हेड कांस्टेबल सुरेश चंद्र शामिल रहे।

महिलाओं ने समस्याओं के हल का संकल्प लिया

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : द्वाराहाट विधानसभा क्षेत्र के बेटुली गांव में महिला एकता परिषद की ओर से पानी बोओ पानी उगाओ अभियान के तहत बैठक की गई। इसमें संगठन के सदस्यों ने क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा करने के साथ ही उनके निराकरण के लिए प्रयास का संकल्प लिया।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि पलायन से आज खेत बंजर हो रहे हैं, जल स्तर लगातार घट रहा है। आए दिन जंगलों में आग की घटनाएं देखने को मिल रही हैं। उन्होंने रस्किन नदी के घटते जल स्तर पर भी चिंता जताई। साथ ही कहा कि गांवों में तेंदुओं व बंदरों का आतंक बढ़ गया है। तेंदुए दिन के समय भी लोगों पर हमला कर रहे हैं।

साथ ही वह अब तक कई मवेशियों को भी निवाला बना चुका है, लेकिन सरकार इन समस्याओं के निस्तारण के लिए कोई ठोस नीतियां नहीं बना रही है। बैठक में महिला एकता परिषद की महासचिव मधुबाला कांडपाल के नेतृत्व में एसडीएम द्वाराहाट के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजने का निर्णय भी लिया गया। बैठक में भावना देवी, लता देवी, मुन्नी देवी, दीपा देवी, किरण, अंबुली देवी, सावित्री देवी, पूजा देवी, हीरा देवी, भगवती देवी, पुष्पा देवी, पार्वती देवी, आशा, तारा, उमा, बेदुली ग्राम प्रधान सीनू आर्य आदि मौजूद रहे।

बच्चों को पढ़ाया सड़क सुरक्षा का पाठ

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : राउमा विद्यालय उचौलीगोठ में 34वें सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम के तहत पुलिस टीम की ओर से जन जागरूकता अभियान चलाकर छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया।

चौकी ठूलीगाड़ के उप निरीक्षक हरीश प्रसाद ने जागरूकता अभियान चलाकर, छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी। इस दौरान छात्र-छात्राओं को युवाओं में बढ़ रहे नशे की लत व उसके दुष्प्रभाव, महिलाओं के विरुद्ध घरेलू हिंसा के अपराध, बच्चों के प्रति होने वाले अपराध और वर्तमान में बढ़ रहे साइबर क्राइम व ऑनलाइन धोखाधड़ी आदि के संबंध में जानकारी देकर इनसे बचाव के लिए जागरुक किया गया। उत्तराखंड पुलिस द्वारा संचालित उत्तराखंड पुलिस एप व गौरा शक्ति के संबंध में भी जानकारी दी गयी। पुलिस हेल्प लाइन नम्बरों 1090,112 ,1930 के विषय में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सत्य प्रकाश यादव, सुरेंद्र प्रताप, रामपाल शर्मा, अनिल कुमार, गिरीश जोशी, संजय पाठक, कमला लोहिया आदि मौजूद रहे।

टनकपुर के गांव उचौलीगोठ विद्यालय में पुलिस ने सड़क सुरक्षा को लेकर छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। ● अमृत विचार

वर्ग पहेली-336

बाएं से दाएं

1.1. टांकने की क्रिया 2. टांकने की मज़दूरी या पारिश्रमिक।

3.1. घास-फूस या टीन से बनाया हुआ छोटा घर 2. छोटी-सी कुटी या झोपड़ी।

4.1. किसी को पास आने के लिए आवाज़ देना, पुकारना 2. किसी को बोलने में प्रवृत्त करना 3. किसी से कुछ कहना या कहलाना।

6. स्त्रियों को दी जाने वाली एक प्रकार की गाली।

8.1. अंधेरी, अंधकार भरी 2. शिकारी जंतुओं अथवा घोड़ों की आंख पर बांधने की पट्टी।

ऊपर से नीचे

2.1. तेज़ी से आगे बढ़ना, जल्दी-जल्दी चलना 2. झपटना।

3. टाल-मटोल, ना-नुकर करना; कार्य को आगे के लिए स्थगित करते जाना, खिसकाते जाना।

5. केलास संबंधी, सफ़ेद एवं पारदर्शक क्रिस्टल वाला।

7. गहनों पर नगीने जड़ने का काम करने वाला, जड़िया।



वर्ग पहेली - 335 का हल

■	1 मँ	■	■	■	■	2 ढि
3 ष	ड	रि	4 पु	■	■	ला
■	वा	■	रो	■	■	ना
■	■	5 सं	हि	ति	■	■
6 द	ढ़ी	भू	त	■	7 श	■
■	■	त	■	■	फ़ी	■
8 शि	फा	■	9 त	पा	क	■

सुडोकू-53

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	5			7		3		
8			2				7	4
		7		1		6		
6								9
	7	2				8		
				6				1
		3		2		5		
9	4				7			2
		6		9			8	

सुडोकू - 52 का हल

2	5	3	8	4	1	6	9	7
6	4	8	2	9	7	3	5	1
1	7	9	3	6	5	4	8	2
8	2	6	7	5	4	1	3	9
9	3	4	6	1	2	8	7	5
5	1	7	9	8	3	2	4	6
4	8	2	1	7	9	5	6	3
7	6	1	5	3	8	9	2	4
3	9	5	4	2	6	7	1	8

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 8 फरवरी, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 11.17 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराषाढ़ा 9 फरवरी 02.14 तक तत्पश्चात श्रवण।

मेष — आज वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। आप लोगों के बीच में आदरणीय रहेंगे। शाम को शरीर में थकान और सुस्ती महसूस हो सकती है। अपने आहार को पौष्टिक रखें और स्वास्थ्य का ध्यान दें। मेहनत के साथ ही आराम को भी महत्व दें।

वृष — आज विदेश में रह रहे परिजनों से कुछ अच्छी सूचना मिल सकती है। अपना लक्ष्य पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। गुरुजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। बच्चों की उन्नति से उत्साहित रहेंगे। जीवनसाथी के साथ आप कहीं घूमने जा सकते हैं।

मिथुन — आज लोग आपसे धन उधार तो लेना चाहेंगे पर उसे लौटाने की मंशा नहीं रखेंगे। समय से काम पूरा न होने के कारण क्रोधित हो सकते हैं। सभी जिम्मेदारियों को अपने ऊपर लादने से बचें। आज आप मेहनत करते रहें, परिणाम जल्द ही आपको प्राप्त होगा।

कर्क — आज आपकी देखभाल और नरम रवैये से जीवनसाथी आपके प्रति समर्पित रहेगा। कारोबार में निवेश बढ़ा सकते हैं। कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त मेहनत के बाद सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। व्यवसाय के उद्देश्य से की गयी यात्रा सफल रहेगी।

सिंह — आज नई नौकरी ढूंढ रहे हैं, तो आज का दिन अनुकूल है। कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। जॉब में प्रमोशन मिलने की प्रबल सम्भावना है। प्रतियोगी परीक्षा में आशानुकूल सफलता मिल सकती है। विरोधी शान्त रहेंगे।

कन्या — आज सिनेमा और वेबसीरीज आदि में आप काफी रुचि लेंगे। विद्यार्थी एकाग्रचित्त होकर अपनी पढ़ाई पर ध्यान देंगे। आज आप मित्रों से ज्यादा अपेक्षा न करें। संक्रमण से जुड़ी बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं।

तुला — आज सम्पत्ति के मामलों में गतिरोध आ सकता है। शाम के समय किसी निकटस्थ व्यक्ति से झगड़ा हो सकता है। कोई पुरानी बात निकल कर सामने आ सकती है। यदि तनाव में हैं, तो अपने जीवनसाथी से अपने मन की बात कहें।

वृश्चिक — आज आप अपने प्रोफेशनल और दांपत्य जीवन दोनों में संतुलन रख पायेंगे। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन उचित नहीं है। आपके काम की बाधाएं दूर होंगी। रिसर्च क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन उपलब्धि भरा रहेगा। आमदनी के नए स्रोत प्राप्त होंगे।

धनु — आज आपको खरीदारी में अतिरिक्त पैसे खर्च करने पड़ सकते हैं। जीवनसाथी का मूड भी खराब हो सकता है। प्रेम प्रसंग को लेकर जल्दबाज़ी न करें। लोग आपकी बातों का गलत मतलब न निकाल लें, इसका ध्यान रखें। माता की सेहत का ध्यान रखें।

मकर — आज बच्चे माता-पिता के प्रति आज्ञाकारी रहेंगे। बुजुर्ग लोगों के सुझाव को अवश्य मानें। उच्च प्रतिष्ठित लोगों से आपके संपर्क मजबूत होंगे। यदि आप परिस्थितियों का सही उपयोग कर पाते हैं, तो दिन आपके लिए काफी अनुकूल रहेगा।

कुंभ — आज तनाव को अपने ऊपर हावी न होने दें। लवमेट्स को रिश्ते में गम्भीरता लाने की आवश्यकता है। महत्वपूर्ण कार्यों को फिलहाल दो दिनों के लिए टाल देना उचित होगा। विवादित विषयों को शुरू करने से बचें। रात में यात्रा करने से बचें।

मीन — आज समाजसेवा में आप काफी रुचि लेंगे। पार्टी व पिकनिक के लिए जा सकते हैं। वैवाहिक संबंधों में थोड़ी अनबन के बाद सब कुछ सामान्य हो जायेगा। मैनेजमेन्ट संबंधी कार्यों के लिए दिन विशेष है। कारोबार में योजनाएं बदलनी पड़ सकती है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- पृथ्वी — सुबह : 09.00
- गद्दार — रात : 09.00

SONY SMAX
- मलंग — सुबह : 10.44
- पीकू — रात : 07.00

Ulsan Gold
- वीरता द पॉवर — दोपहर : 12.15
- कलंक — रात : 06.45

ZEE CINEMA
- हीरो — सुबह : 07.10
- दिवार — रात : 07.00

colors CINEPLEX
- कभी खुशी कभी गम — सुबह : 08.24
- राजा हिन्दुस्तानी — शाम : 06.58

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर रात-07.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पत्नी- तुमने मेरे साथ धोखा किया है?
पति- क्यों जानेमन क्या हुआ?
पत्नी- तुमने बताया ही नहीं कि तुम्हारी रानी नाम की पहले से एक पत्नी है।
पति- ससुर जी को बताया तो था कि तुझे बिल्कुल रानी की तरह रखूंगा।

पप्पू गुस्से में बैंक से बाहर निकलते हुए बड़बड़ा रहा था...
दूध वाले हड़ताल करते हैं, तो दूध सड़क पर फेंक देते हैं...!
टमाटर वाले हड़ताल करते हैं, तो टमाटर सड़क पर फेंक देते हैं...!
न जाने बैंक वालों को कब अक्ल आएगी...!

एक नजर

ठेका कर्मियों ने मांगी बकाया राशि

टनकपुर। जल संस्थान में कार्यरत ठेका कर्मियों ने पांच माह की बकाया धनराशि दिए जाने की मांग की है। उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजा है। बुधवार को टनकपुर कैंप कार्यालय में जल संस्थान के ठेका कर्मियों ने ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि उन्हें ठेकेदार द्वारा अप्रैल से अगस्त 2023 तक पांच माह की बकाया धनराशि नहीं दी है, जबकि सितंबर माह से बढ़े हुए वेतन का भुगतान किया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि धनराशि में अप्रैल माह से ही बढ़ोत्तरी हो चुकी है, लेकिन ठेकेदार द्वारा पिछली राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है। इससे कर्मचारियों के सम्मुख आर्थिक संकट पैदा हो गया है। उन्होंने पांच माह का बकाया भुगतान दिलाए जाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में यूनियन के अध्यक्ष ललित खत्री, सौरभ कुमार, विनोद आर्या, राजेंद्र सिंह बिष्ट, योगेश चन्द, प्रकाश जोशी, नारायण पांडेय, पुष्कर मेहता आदि मौजूद रहे।

बकाएदार की जमीन की नीलामी स्थगित

अल्मोड़ा। बहुउद्देशीय वित्त निगम की बकाएदार मुक्ति दत्ता से वसूली के लिए बिनसर स्थित भूमि की नीलामी अब नहीं होगी। प्रशासन ने इसके आदेश जारी किए हैं। दो दिन पूर्व एसडीएम जयवर्धन शर्मा ने जानकारी दी थी कि महिला जनजागृति समिति स्नो व्यू स्टेट कसारदेवी की सचिव मुक्ति दत्ता ने बहुउद्देशीय वित्त निगम से 96,45,423 रुपये का कर्ज लिया था। वर्तमान में महिला के पास बहुउद्देशीय वित्त निगम का 36,61,765 का बकाया है। कर्ज की अदायगी को महिला की बिनसर स्थित छह नाली दो मुट्ठी भूमि की नालीमी के लिए लिए 17 फरवरी की तिथि तय की गई थी।

प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के लिए अभियान शुरू

देहरादून। उत्तराखंड को नशा मुक्त बनाने की दिशा में भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) महानगर देहरादून ने धामी अगेंस्ट ड्रग अभियान शुरू किया है। जिसके तहत भाजयुमो के पदाधिकारियों ने नशा तस्करों पर नकेल कसने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सुझाव भेजे हैं। रैली निकालकर नशे के विरुद्ध जागरूक करने के साथ ही भाजयुमो ने जिलाधिकारी को सुझाव पत्र सौंपा है।

बाघ के पुनः हमलों की आशंका के चलते उठाया कदम, ग्रामीणों की सुरक्षा के मद्देनजर जिलाधिकारी ने दिया आदेश

दहशत : पौड़ी गढ़वाल जिले के 10 गांवों में नाइट कर्फ्यू

संवाददाता, पौड़ी (गढ़वाल)

अमृत विचार : पौड़ी गढ़वाल जिले के 10 गांवों में 9 फरवरी तक कर्फ्यू लगा दिया गया है। यह कर्फ्यू शाम 6 बजे से सुबह 6 बजे तक प्रभावी रहेगा। इस अवधि को कोई भी ग्रामीण आवाजाही नहीं कर पाएगा। कर्फ्यू 7 फरवरी शाम 6 बजे से प्रभावी होगा।

गुलदार और बाघ के निरंतर हमलों को देखते हुए जिलाधिकारी पौड़ी डॉ. आशीष चौहान ने यह आदेश जारी किया है। कर्फ्यू का निर्णय उपजिलाधिकारी श्रीनगर और उप वन संरक्षक पौड़ी की संस्तुति के क्रम में किया गया। जिलाधिकारी पौड़ी के आदेश के मुताबिक नाइट कर्फ्यू श्रीनगर शहर से सटे ग्राम श्रीकोट समेत ढिकवाल गांव, सरणा, बुघाणी, जलेथा, भटोली, ग्वाड़, रैतपुर, कोठगी, खिर्सू में लागू रहेगा। जिलाधिकारी के पात्र के मुताबिक इन क्षेत्रों में गुलदार/बाघ के पुनः हमलों की आशंका है। लिहाजा, वन विभाग की ओर से कर्फ्यू के दौरान गुलदार/बाघ को पकड़ने के लिए तमाम उपाय किए जाएंगे। इस तरह की फौरी व्यवस्था

के साथ ही गुलदार और बाघ के हमलों से नागरिकों को बचाने के लिए ठोस प्रयास भी करने होंगे। क्योंकि, वन्यजीवों के आतंक से त्रस्त और पीड़ितों का आक्रोश भी बढ़ता जा रहा है।

दो बच्चों को शिकार बना चुके बाघ व गुलदार

तीन फरवरी को ग्राम ग्वाड़, पट्टी चलणस्यूं, तहसील श्रीनगर में 11 वर्षीय अंकित सिंह पुत्र श्री राकेश सिंह को गुलदार द्वारा हमला करके मार दिया गया था। उसके पश्चात 4 फरवरी को 4 वर्षीय अयान अंसारी पुत्र सलामुद्दीन अंसारी निवासी ग्लास हाउस रोड, श्रीनगर को रात्रि लगभग 9 :00 बजे गुलदार घर के आंगन से उठा कर लगभग 20 मीटर घसीटते हुए ले गया। परिजनों एवं आसपास के लोगों द्वारा शोर-गुल कर बालक को गुलदार के चंगुल से किसी तरह छुड़ाया गया। बालक को संयुक्त चिकित्सालय लाने पर चिकित्सकों द्वारा अयान अंसारी को मृत घोषित कर दिया गया था, 6 फरवरी की प्रात : 4 :30 बजे नर्सरी रोड से पौड़ी बस अड्डा एवं प्रात : 7 :00 बजे बुधाणी रोड में बाघ-गुलदार की चहलकदमी और घुर्राने की जानकारी मिली। साथ ही 6 फरवरी की दोपहर को 1 :30 बजे गंगा दर्शन मोड़ पर बाघ-गुलदार द्वारा गाय को अपना शिकार बनाया गया। इसी क्रम में उपजिलाधिकारी, श्रीनगर ने 7 से 9 फरवरी तक रात्रि कर्फ्यू लगाये जाने हेतु आख्या दी थी।

गुलदार दिखने से लोगों में दहशत

लोहाघाट। नगर के ठाड़ाढुंगा वार्ड में गुलदार दिखने से लोगों में दहशत बनी हुई है। सीसीटीवी फुटेज में गुलदार के कुत्ते के पीछे भागने का वीडीओ भी वायरल हो रहा है।

पूर्व ब्लॉक प्रमुख योगेश मेहता ने बताया कि रात के वक्त अचानक कुत्तों के भौंकने की लगातार आवाज आई। लोगों ने बाहर निकलकर देखा तो गुलदार सड़क पर घूम रहा था। क्षेत्र के लोगों ने वन विभाग से गुलदार को पकड़े के लिए पिंजरा लगाने की मांग की है। वन विभाग के रेंजर दीप जोशी ने बताया कि वायरल वीडीओ साफ नहीं है। जिस कारण गुलदार या बाघ में अंतर करना मुश्किल हो रहा। बाघ तराई में ज्यादा दिखता है।

नवोदय विद्यालय सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में स्थापित होने चाहिए : रतूड़ी

मुख्य सचिव ने उत्तरकाशी तथा रुद्रप्रयाग में प्रस्तावित विद्यालयों के निर्माण के टैंडर के निर्देश दिए

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने बुधवार को विधानसभा भवन में उत्तरकाशी के दिवारीखोल तथा रुद्रप्रयाग के तिलवाड़ा में प्रस्तावित राजीव गांधी नवोदय आवासीय विद्यालय की ईएफसी (व्यय वित्त समिति) की बैठक में इन प्रोजेक्ट्स के सम्बन्ध में नाबार्ड से स्वीकृति लेकर जल्द टैंडर की प्रक्रिया आरम्भ करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने इन विद्यालयों के भवनों के निर्माण के साथ-साथ ही इनमें विभिन्न स्टाफ की भर्तियों के अनुमोदन, फर्नीचर आदि की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कार्यदायी संस्था सिंचाई विभाग तथा ब्रिडकुल को इन विद्यालयों में दिव्यांग बच्चों के लिए सभी आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था करने, रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, सोलर पैनल

एवं सोलर लाइट तथा उरेडा की सहायता से वाटर हीटर लगाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने निर्देश दिए कि इन विद्यालयों में छात्राओं की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए।

विशेषकर विद्यार्थियों की सुरक्षा के दृष्टिगत सीएस ने प्रस्तावित नवोदय विद्यालयों में निर्माण के दौरान इलेक्ट्रिकल विंग का सर्टिफिकेशन लेने के भी निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने इन विद्यालयों में पुख्ता वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम बनाने, किचन गार्डन तथा कम्पोस्टिंग की व्यवस्था अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही सीएस ने इन विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की सुविधा तथा ऑनलाइन शिक्षा के लिए बेहतरीन वाईफाई सुविधा उपलब्ध करवाने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने इन विद्यालयों में बच्चों से मिलने आने वाले अभिभावकों के लिए अतिथि कक्षों की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए हैं।

ये हैं कार्यदायी संस्थाएं : 210 छात्र-छात्राओं की क्षमता तथा 3973.25 लाख रुपये की लागत से बनने वाले उत्तरकाशी के दिवारीखोल में प्रस्तावित राजीव गांधी नवोदय विद्यालय की कार्यदायी संस्था सिंचाई विभाग है। रुद्रप्रयाग के तिलवाड़ा में प्रस्तावित 4486.77 लाख की लागत से निर्मित होने वाले राजीव गांधी नवोदय आवासीय विद्यालय की कार्यदायी संस्था ब्रिडकुल है। बैठक में अपर सचिव रंजना राजगुरू, विजय कुमार जोगदण्डे सहित कार्यदायी संस्था सिंचाई विभाग व ब्रिडकुल के सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

निर्माण कार्य को 18 महीने के भीतर पूरा करने को कहा

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने उत्तरकाशी के दिवारीखोल तथा रुद्रप्रयाग के तिलवाड़ा में प्रस्तावित राजीव गांधी नवोदय आवासीय विद्यालयों के निर्माण कार्य को 18 महीने के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य में नवोदय विद्यालयों को सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में स्थापित किया जाना चाहिए। उत्तरकाशी के दिवारीखोल तथा रुद्रप्रयाग के तिलवाड़ा में प्रस्तावित राजीव गांधी नवोदय आवासीय विद्यालयों के आरम्भ होने से दूरस्थ एवं दुर्गम पर्वतीय क्षेत्रों के स्थानीय बच्चों को लाभ मिलेगा। इन विद्यालयों में बच्चों को अच्छी सुविधाएं दी जानी चाहिए।

सीएम की जनसभा को ऐतिहासिक बनाने में जुटे कार्यकर्ता

लोहाघाट। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के 11 फरवरी के दौरे को ऐतिहासिक बनाने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूरी ताकत झोंक दी है। बुधवार को उन्होंने नगर पालिका सभागार में बैठक कर जनसभा स्थल तक अधिक से अधिक लोगों को लाने पर चर्चा की।

बैठक की अध्यक्षता कर भाजपा जिलाध्यक्ष निर्मल माहरा ने बताया कि सीएम जीआइसी हेलीपैड से शिशु मंदिर तक रोड शो निकालेंगे, जिसमें पूर्व सैनिक, एनएसएस और एनसीसी कैडेट्स के साथ छलिया नृतक भी शामिल होंगे। शिशु मंदिर में समूह की महिलाएं खड़ी होली गायन करेंगी। उन्होंने बताया कि सीएम के कार्यक्रम को देखने के लिए कई जगह एलईडी स्क्रीन लगाई जाएंगी। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति राय, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मोहित पाठक, ब्लाक प्रमुख विनीता फर्त्याल, नेहा ढेक, सुमनलता, रेखा देवी, पूर्व विधायक पूरन सिंह फर्त्याल, निवर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा, सीएम कैंप कार्यालय प्रभारी केदार सिंह बृजवाल, सतीश खर्कवाल, सुभाष बगौली आदि मौजूद रहे।

जागरूकता से ही बढ़ेगा मत प्रतिशत : पुरुषोत्तम

संवाददाता, देहरादून

▸▸ मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने नोडल अधिकारियों के साथ निर्वाचन संबंधी तैयारियों को लेकर की बैठक

अमृत विचार : मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने लोकसभा चुनाव में वोट प्रतिशत को बढ़ाने के लिए वोटर जागरूकता कार्यक्रम पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए स्वीप गतिविधियों के साथ ही प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया का सहयोग लिया जाए।

सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं को वोटर जागरूकता कार्यक्रमों से जोड़ा जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में नोडल अधिकारियों के साथ निर्वाचन संबंधी तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। डॉ. पुरुषोत्तम ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से दी गई समय-सीमा के भीतर सभी तैयारियां पूरी की जाएं। उन्होंने कहा कि सिक्योरिटी मैनेजमेंट प्लान और आयोग के मानकों के अनुरूप स्टेट डिप्लॉयमेंट प्लान बना लिया जाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन से जुड़े कार्मिकों की ट्रेनिंग सबसे महत्वपूर्ण है। यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि कार्मिक पूरी गंभीरता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. पुरुषोत्तम ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सी विजिल जैसी अनेक महत्वपूर्ण पहल की गई हैं। लोगों तक इसकी जानकारी अधिकाधिक पहुंचाई जाए। वोट प्रतिशत को बढ़ाने के लिए बूथ वार रणनीति बनाई जाये। बैठक में संयुक्त निर्वाचन अधिकारी नमामि बंसल, प्रताप शाह, राज्य पुलिस नोडल अधिकारी, सीएपीएफ नीलेश आनंद भरणे, पी. रेणुका देवी, पुलिस उप महानिरीक्षक, अपराध एवं कानून व्यवस्था डॉ. ललित नारायण मिश्रा, अपर निदेशक, शहरी विकास विभाग तीरथ पाल, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी, देहरादून स्मार्ट सिटी प्रा.लि, डॉ. सुनिता टम्टा आदि अधिकारी उपस्थित थे।

देहरादून में सड़क से बर्फ हटाती जेसीबी। ● अमृत विचार

बर्फबारी से तीन ग्रामीण मार्ग बन्द

देहरादून। बर्फबारी के कारण बुधवार को तीन ग्रामीण मार्ग बन्द हो गये। लोक निर्माण विभाग अस्थाई खंड चकराता के अभियन्ता ने बताया कि बंद होने वाले मार्गों में लौखण्डी-लोहारी मोटर मार्ग चकराता में, सैंज-कूनैन मोटर मार्ग त्यूनी में व लेवरा मोटर मार्ग बर्फबारी के कारण बन्द हो गया है। उपरोक्त मार्गों को यातायात हेतु खोलने के लिए एक-एक जेसीबी मौके पर रवाना हो गयी हैं। सभी बंद मार्गों के गुरुवार सांय 6 बजे तक खुलने की संभावना है।

देवभूमि व्यापार मंडल का चुनाव 25 फरवरी को

अल्मोड़ा : अमृत विचार

▸▸ 12 को नामांकन फार्म की बिक्री, 13 को जमा, 14 को पत्रों की जांच, 15 को नाम वापसी व 16 को चुनाव चिन्ह आवंटन

देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल की नगर इकाई के आम चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी त्रिलोचन जोशी ने बताया कि देवभूमि नगर व्यापार मंडल इकाई की चुनाव प्रक्रिया नंदा देवी मंदिर परिसर के गीता भवन में आयोजित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि नगर इकाई के छह पदों अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महिला उपाध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष एवं उपसचिव पदों के लिए चुनाव कराए जाएंगे, 12 फरवरी को नामांकन फार्म की बिक्री, 13 फरवरी को नामांकन पत्र जमा, 14 फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच, 15 फरवरी को प्रत्याशी की नाम वापसी, 16 फरवरी को चुनाव चिन्ह आवंटन और 25 फरवरी रविवार को मतदान होगा। जोशी ने बताया कि नामांकन फार्म बिक्री, नामांकन पत्र जमा करने, नामांकन पत्र जांच, प्रत्याशी नाम वापसी और चुनाव चिन्ह आवंटन का समय सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। मतदान सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगा। 25 फरवरी को ही 3 बजे से मतगणना आरंभ होगी एवं परिणाम शाम साढ़े 6 बजे तक घोषित होगा। जोशी ने कहा कि देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के नगर इकाई चुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराने के लिए यूसुफ तिवारी एवं विनीत बिष्ट को सह निर्वाचन अधिकारी मनोनीत किया। साथ ही साथ पूरी चुनाव प्रक्रिया के सफल संचालन के लिए 35 सदस्यीय चुनाव संचालन समिति का भी गठन किया गया।

सीसीटीवी की निगहबानी में होंगी लोकसभा चुनाव की प्रक्रियाएं

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर निर्वाचन विभाग ने अभी से कमर कसनी शुरू कर दी है। चुनावों को पूरी पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराया जा सके। इसके लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है।

निर्वाचन विभाग ने चुनावों की सभी प्रक्रियाओं को पारदर्शिता से पूरा करने के लिए अभी से सभी व्यवस्थाएं करनी शुरू कर दी हैं। इसके लिए अल्मोड़ा जिले में चुनाव सभी सभी प्रक्रियाएं सीसीटीवी कैमरों की निगहबानी में आयोजित होंगी। कैमरे स्थापित करने के लिए प्रशासन ने टैंडर प्रक्रिया भी शुरू कर दी है।

लोकसभा चुनावों के दौरान किसी भी प्रकार की कोई

अनियमितता सामने ना आए और सभी कार्य पूरी पारदर्शिता से हो सकें। इसके लिए अल्मोड़ा जिले में व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। प्रशासन ने लोकसभा चुनावों के लिए अलग-अलग स्थानों पर होने वाली सभी प्रक्रियाओं में पादर्शिता बरतने के उद्देश्य से ऐसे सभी स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्णय लिया है। इसके लिए चुनावसे सभी जुड़े स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे और अन्य जरूरी संयंत्र स्थापित किए जाएंगे। प्रशासन इसके लिए करीब 20 लाख रुपये खर्च करेगा। निर्वाचन विभाग के निर्देश पर इसके लिए प्रशासन ने टेंडर प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। निर्चाचन आयोग ने इस कार्य के लिए टेंडर डालने की अंतिम तिथि 14 फरवरी निर्धारित की है। जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत तोमर ने बताया कि चुनावों में किसी प्रकार की लापरवाही सामने ना आए इसके लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

निर्वाचन विभाग के अधिकारियों ने बताया है कि कार्यदायी संस्थाएं टेंडर प्रक्रिया की सभी शर्तें जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। जबकि जिले की वेबसाइड पर भी सभी जानकारियां ऑनलाइन प्राप्त की जा सकती है। यह कार्य पूरा करने के लिए तीन महीने का समय निर्धारित किया गया है।

एक लाख 93 हजार 611 छात्र देंगे बोर्ड परीक्षा

रामनगर। सेंट्रल बोर्ड आफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) की 10वीं व 12वीं की 15 फरवरी से शुरू होने जा रही परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों के एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं। सीबीएसई के देहरादून रीजन में इस बार 460 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसमें 320 उत्तराखंड जबकि पश्चिमी क्षेत्र के 140 केंद्र शामिल हैं। बोर्ड परीक्षा में कुल 193611 छात्र-छात्राएं परीक्षा देंगे। इसमें 10वीं में 100748 जबकि 12वीं के 92863 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल होंगे।

सीबीएसई के दून रीजन की बात करें तो उत्तराखंड के सभी 13 जिलों के अलावा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के आठ जिले के सरकारी व निजी श्रेणी के 1412 स्कूल शामिल हैं। 10वीं की बोर्ड परीक्षा 15 फरवरी से शुरू होकर 13 मार्च तक चलेगी। वहीं 12वीं की बोर्ड परीक्षा 15 फरवरी से दो अप्रैल तक होगी।

तैयारी मां पूर्णागिरि धाम मेले में एसपी ने सुरक्षा, यातायात और पार्किंग बंदोबस्त का जायजा लिया

तीसरी आंख रखेगी शरारतियों पर नजर

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : होली के बाद 26 मार्च से शुरू होने जा रहे देश के सुप्रसिद्ध मां पूर्णागिरि धाम मेले की तैयारी अभी से शुरू हो गई है। पुलिस अधीक्षक अजय गणपति कुंभार ने मेला क्षेत्र का मुआयना करने के साथ ही मेले की कानून व्यवस्था, यातायात और पार्किंग के बंदोबस्त पर चर्चा की।

मेला अवधि में पूर्णागिरि मेला क्षेत्र में ठुलीगाड़, भैरव मंदिर की स्थाई चौकियों के अलावा काली मंदिर के पास एक अस्थाई पुलिस चौकी भी बनाई जाएगी। मेला क्षेत्र में अराजक तत्वों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी की नजर रहेगी। मेला 26 मार्च से शुरू होकर 15 जून तक चलेगा।

एसपी अजय गणपति ने कहा कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए हिफाजत के सभी जरूरी

पूर्णागिरि क्षेत्र का जायजा लेते एसपी अजय गणपति कुंभार। ● अमृत विचार

उपाय किए जाएंगे। पर्याप्त संख्या में पुलिस, पीएसी, होमगार्ड, पीआरडी, महिला पुलिस कर्मी, जल पुलिस और खुफिया पुलिस बल तैनात किया जाएगा। आग से बचाव और भगदड़ न हो, इसके लिए प्रभावी प्रबंध किए जाएंगे। बैरियर प्वाइंट, एनाउंसमेंट सिस्टम, संचार व्यवस्था को

▸▸ 26 मार्च से शुरू होकर 15 जून तक लगेगा मेला

▸▸ श्रद्धालुओं के लिए हिफाजत के सभी उपाय करने के निर्देश दिए

चाक-चौबंद किया जाएगा। एसपी अजय गणपति ने मेले के बेस कैंप टनकपुर, शारदा घाट और शारदा बैराज आदि का भी जायजा लिया गया। मंदिर समिति के अध्यक्ष पंडित किशन तिवारी, सचिव सुरेश तिवारी, पूर्व अध्यक्ष पंडित भुवन पांडे के अलावा पुजारियों और व्यापारियों ने सुझाव रखे।

टनकपुर के प्रभारी निरीक्षक चंद्रमोहन सिंह, ठुलीगाड़ चौकी प्रभारी हरीश प्रसाद सहित कई पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। बाद में टनकपुर कोतवाली में हुई गोष्ठी में क्षेत्र की समस्याओं के निदान के अलावा साइबर अपराध, नशे के बढ़ते प्रकोप से बचाव को लेकर जागरूकता और अन्य प्रभावी कदम उठाए जाने पर जोर दिया गया। पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112, 9411112984 पर सूचना देने के अलावा उत्तराखण्ड पुलिस एप व गौरा शक्ति एप की जानकारी दी गई। बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष शाहिद सिद्दकी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

वालीबॉल में विजयी बना आमबाग गांव

टनकपुर। युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए एसएसबी की 57वीं वाहिनी द्वारा टनकपुर से लगे गांव आमबाग स्थित सैलानी मैदान में ग्रामीण क्षेत्र की वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में गांव आमबाग, छीनीगोठ और ज्ञानखेड़ा के युवा खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

फाइनल मुकाबले में आमबाग ने छीनीगोठ को हराकर सद्भावना वालीबॉल प्रतियोगिता अपने नाम की। इससे पूर्व एसएसबी के कमांडेंट मनोहर लाल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ किया।

उन्होंने विजेता और उप विजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कृत भी किया। इस मौके पर छीनीगोठ की ग्राम प्रधान पूजा जोशी, ज्ञानखेड़ा के ग्राम प्रधान नरी राम, पूर्व बीडीसी सदस्य हरिओम सेठी, दीपक चन्द, भगवान चन्द, हरीश चन्द समेत तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

मंदिर का रास्ता न खुलवाने पर कलक्ट्रेट में लोगों का प्रदर्शन

संवाददाता, पिथौरागढ़

अमृत विचार : जिला मुख्यालय के बिण क्षेत्र और विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने मंदिर का आम रास्ता सेना द्वारा बंद किए जाने को लेकर बुधवार को कलक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। उन्होंने डीएम को ज्ञापन सौंपकर मांग की कि यदि आगामी 10 फरवरी तक रास्ता नहीं खुलवाया गया तो क्षेत्रवासी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि सेना ने स्थानीय सेरादेवल मंदिर का आम परंपरागत रास्ता बंद कर दिया है, जिससे कि आम लोग और श्रद्धालु पूजा, अर्चना और दर्शन के लिए मंदिर नहीं जा पा रहे हैं। लोगों ने जिलाधिकारी रीना जोशी से कहा कि पूर्व में भी वह उनसे मिलकर और कई बार ज्ञापन देकर समस्या को उठा चुके हैं लेकिन अब तक जिला प्रशासन ने सेना से वार्ता कर

मंदिर का मार्ग खुलवाने की मांग को लेकर डीएम को ज्ञापन सौंपते गुस्साए लोग।

मामले का कोई स्थाई समाधान नहीं निकला है, जिस कारण क्षेत्रवासियों में रोष व्याप्त है। उन्होंने जल्द सेना से वार्ता कर रास्ता न खुलवाने पर आगामी 11 फरवरी से धरना प्रदर्शन और आंदोलन की चेतावनी दी है। प्रदर्शनकारियों ने ज्ञापन की एक प्रति कार्यवाही के लिए पुलिस अधीक्षक को भी सौंपी। प्रदर्शन में भीम सिंह महर, व्यापार संघ पिथौरागढ़ के पूर्व अध्यक्ष शमशेर महर, ग्राम कुशौली से चंद्रशेखर भट्ट, भीम सिंह सौन, बीजेपी नेता रघुवीर सिंह, अनिल रावल, पंकज कसनियाल, प्रवीन उपरारी, भूपेश जोशी, जाग उठा पहाड़ के प्रदेश संयोजक और राज्य आंदोलनकारी गोपू महर, प्रदीप रावत, भागीरथी थापा, मुन्नी भंडारी और रितिका कसनियाल समेत अनेक लोग शामिल थे।

भारत-नेपाल मैत्री सेवा बस की सीज

मैत्री सेवा की आड़ में अवैध वाहनों के संचालन का आरोप, एसडीएम से कार्रवाई की मांग

संवाददाता, बनबसा/टनकपुर

टनकपुर तहसील में एसडीएम आकाश जोशी को ज्ञापन देते बनबसा के वाहन संचालक। ● अमृत विचार

अमृत विचार : पुलिस ने नेपाल से दिल्ली तक चलने वाली मैत्री सेवा की बस में अनियमितता पाये जाने पर उसे सीज कर दिया। बनबसा थाना अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह ने बताया की चैकिंग के दौरान भारत-नेपाल मैत्री बस सेवा में चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं होने, क्षमता से अधिक सवारी होने, बनबसा बस स्टैंड से सवारी भरने पर व्यापारियों और टैक्सी चालकों की शिकायत पर बस को सीज कर दिया।

दूसरी ओर भारत-नेपाल मैत्री बस सेवा की आड़ में अवैध वाहनों के संचालन का आरोप लगाकर बनबसा के वाहन संचालकों में आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। बुधवार को कई वाहन संचालक टनकपुर तहसील पहुंचे, जहां उन्होंने एसडीएम आकाश जोशी को इस संबंध में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि नेपाल के लोगों व पर्यटकों के आवागमन के लिए भारत-नेपाल सरकार की ओर से मैत्री बस सेवा का संचालन किया गया। आरोप लगाया कि बस सेवा की आड़ में नेपाल के वाहन स्वामियों द्वारा निर्धारित मानक के विपरीत कई बसों का अवैध ढंग से संचालन किया जा रहा। नेपाल सीमा क्षेत्र में भारतीय वाहन संचालकों के साथ नेपाल प्रशासन द्वारा मारपीट व अभद्रता की जा रही है। बनबसा पुल की क्षमता से अधिक वजन के वाहन यहां से गुजर रहे हैं, जिससे कभी भी यहां बड़ा हादसा घट सकता है। आरोप है कि मैत्री बसों में सुरक्षा एजेंसियों की ओर से कई बार नशीले पदार्थों व अन्य सामग्री की तस्करी को पकड़ा जा चुका है। एसडीएम के माध्यम से वाहन संचालकों ने इन बिंदुओं पर जांच कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में भाजपा के बनबसा मंडल अध्यक्ष कमलेश भट्ट, दीपक सक्सेना, चंदन रौतेला, रफी अंसारी आदि मौजूद रहे।

लक्ष्मी ने उत्तीर्ण की राज्य पात्रता परीक्षा

बनबसा। राजकीय महाविद्यालय बनबसा की प्राचार्य डॉ. आभा शर्मा के निर्देशन में शोधरत लक्ष्मी बिष्ट ने 7 जनवरी को आयोजित राज्य पात्रता परीक्षा (यूसेट) संस्कृत विषय से पहले ही प्रयास में उत्तीर्ण कर गांव और महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया।

लक्ष्मी बिष्ट के पिता माधो सिंह कृषक और माता नंदादेवी गृहणी हैं। राजकीय इंटर कॉलेज खेत, धारचुला से ये उपलब्धि प्राप्त करने वाली पहली छात्रा बनी लक्ष्मी बचपन से ही मेधावी छात्रा रही हैं। इन्होंने इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई राजकीय इंटर कॉलेज खेत, धारचूला व स्नातकोत्तर लक्ष्मण सिंह महर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पिथौरागढ़ से वर्ष 2018 में सर्वाधिक अंकों के साथ उत्तीर्ण की। वर्तमान में लक्ष्मी कुमाऊं विश्विद्यालय नैनीताल से प्रो. डॉ.आभा शर्मा प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय बनबसा के मार्गदर्शन में शोधरत हैं। इन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता–पिता, प्रो. डॉ. आभा शर्मा, डॉ. दिनेश चंद्र पाण्डेय आदि को दिया।

क्लास में अचानक चीखने लगीं छात्राएं

संवाददाता, चमोली

अमृत विचार : जिले के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, गौचर में क्लासेज चल रही थीं, कि तभी कई छात्राएं एक साथ चीखने और चिल्लाने लगीं।

एक के बाद एक कई छात्राओं की चीख-पुकार से पूरा स्कूल गूंज उठा। छात्राएं अजीब हरकतें भी कर रही थीं। ये देख टीचर और स्कूल स्टाफ घबरा गए। वहीं परिजनों को जब घटना की जानकारी मिली तो वो स्कूल की तरफ दौड़ पड़े। स्कूल में अजीबो-गरीब स्थिति बन गई थी। छात्र और शिक्षक खौफ में थे। वहीं कई छात्राएं बेहोश भी हो गई थीं। मामला इस कदर बिगड़ा कि आनन फानन में स्कूल की छुट्टी करनी पड़ी। अभिभावकों ने बताया कि वो अपनी बेटियों को बेहोशी की हालत में घर लाए, कई बच्चियों को रास्ते में रोते-बिलखते देखा गया। जीजीआईसी गौचर की अध्यापिका के मुताबिक, छात्राएं क्लास रूम से बाहर निकल रही थी। तभी एक बालिका जोर–जोर से चिल्लाने लगी। देखते ही देखते क्लास की अन्य बालिकाएं भी चिल्लाने लगी। बाद में अभिभावकों को सूचना दी गई। घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं।

बच्चियों के परिजन मामले को भूत-प्रेत से जुड़ा बता रहे हैं। लोगों का कहना है कि कई साल पहले इस स्कूल में एक छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। हालांकि, विद्यालय परिवार ने घटना के भूत-प्रेत से जुड़ा होने से इनकार किया है। बताया जा रहा है कि इससे पहले भी कई बार कुछ बालिकाएं कक्षा में बेहोश हुई हैं, लेकिन पूरे स्कूल की छात्राओं के एक साथ चिल्लाने की यह पहली घटना है। घटना की जानकारी उच्चाधिकारियों को दे दी गई है।

सिंचाई कार्यालय में तालाबंदी आज

टनकपुर। बरसात के दिनों में हमेशा ग्रामीण क्षेत्रों में जल निकासी की व्यवस्था न होने से ग्रामीणों में आक्रोश है। आक्रोशित ग्रामीणों ने इस मसले को लेकर 8 फरवरी को टनकपुर स्थित सिंचाई विभाग कार्यालय में तालाबंदी करने और धरना प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। ग्रामीणों ने शासन प्रशासन को भी अवगत करा दिया है।

बरसात के दिनों में गांव आमबाग, ककरालीगेट, ज्ञानखेड़ा, मोहनपुर, बिचई आदि ग्रामीण क्षेत्रों में जल निकासी की व्यवस्था न होने से किरोडा नाले व अन्य छोटे नालों का पानी गांव में घुसकर एक ओर जहां फसलों को भारी नुकसान होता है वही जल भराव से लोगों के घरों तक पानी घुस जाता है जिससे आवाजाई में भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के तमाम ग्रामीण अंचलों से भारी संख्या में ग्रामीण यहां पहुंचेंगे।

उत्तर प्रदेश

अब मुझे सुनाई देगी बांसुरी की आवाज

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के अध्यक्ष डॉ.प्रवीण तोगड़िया ने कहा कि किसी भी हिंदू को राम मंदिर का क्रेडिट लेने का अधिकार है। कहा कि बिना निमंत्रण लाठी गोली खाने के लिए चार बार आठ लाख कारसेवक आए थे। उनके कारण ही बाबरी ढांचा ढहा,तब मंदिर बना है। बाबरी नहीं ढहती तो मंदिर कैसे बनता।

संभल के तिवारी सराय में प्रेस वार्ता के दौरान अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया ने कहा कि पहले से मुझे सपने में भगवान राम का धनुष दिखाई देता रहा है। अब कुछ दिनों में मेरे कान में डमरू और बांसुरी की आवाज आने वाली है। इसलिए काशी, मथुरा में भी जय जयकार होने वाली है। इससे पूर्व कार सेवकों के सम्मान कार्यक्रम में डॉ.प्रवीण तोगड़िया ने कहा कि हमने राम मंदिर डंके की चोट पर बना लिया। जब मुझे पूछते थे मंदिर बनेगा तो कहता था कि मंदिर बनेगा। कोई चाहेगा तो भी मंदिर बनेगा और कोई नहीं चाहेगा तो भी उनकी छाती पर पांव रखकर मंदिर बनेगा।

1989 में आठ करोड़ लोगों ने दिया सवा रुपया

संभल। डॉ .प्रवीण तोगड़िया ने कहा कि 1989 में हमने कहा कि मंदिर एक व्यक्ति के पैसे से नहीं बनेगा। मंदिर तो आपके पसीने के सवा रुपये से बनेगा। आठ करोड़ घरों में गए तो आठ करोड़ लोगों ने सवा रुपया दिया। 1990 से 2022 तक पैसे से मंदिर के पत्थर गढ़ने का काम किया। 60 हजार घन फिट पत्थर तैयार किए। जब सुप्रीम कोर्ट ने जमीन दे दी तो हमारे पत्थर तैयार थे। पत्थर से पत्थर लगा दिया और 22 जनवरी को भव्य मंदिर खड़ा हो गया। राम मंदिर हिंदुओं के पसीने, आंसू और खून का स्मारक है। उन्होंने लोगों को हर सप्ताह मंगलवार और शनिवार को हनुमान चालीसा पाठ करने का संकल्प दिलाया।

कार सेवकों को किया सम्मानित

संभल। डॉ .प्रवीण तोगड़िया ने प्राचीन मुन्नी माता मंदिर में दर्शन किया। कार्यक्रम में मदद के लिए लोगों को हिंदू हेल्पलाइन नंबर और अपना मोबाइल नंबर नोट कराया। इतना ही नहीं, अपनी फेसबुक पर लोगों को जोड़ा। कार्यक्रम में कार सेवकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री ईश्वरी प्रसाद, क्षेत्रीय महामंत्री मनोज व्यास, प्रांत संगठन मंत्री प्रमोद कुमार, प्रदेश महामंत्री गौरव राघव, प्रांत उपाध्यक्ष अशोक गौतम, जिलाध्यक्ष अशोक त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।

बेटे की प्रताड़ना से बुजुर्ग ने छोड़ा घर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : बूढ़े पिता को पड़ोसी के साथ मिलकर बेटे-बहू ने कई बार पीटा। इधर, तीन फरवरी को बुजुर्ग के सिर पर फावड़े से वार कर जानलेवा हमला कर दिया था। वह सिविल लाइंस थाने गया था, मेडिकल परीक्षण भी कराया। लेकिन, पुलिस की तरफ से कार्रवाई नहीं हुई।

बुजुर्ग चुन्नू सिंह ने बुधवार को एसएसपी कार्यालय पहुंचकर गुहार लगाई कि बेटे-बहू और पड़ोसी के विरुद्ध कार्रवाई की जाए और उन्हें घर से न निकाला जाए। पीड़ित बुजुर्ग ने बताया कि बेटे-बहू व पड़ोसी के उत्पीड़न से त्रस्त होकर तीन फरवरी के बाद से वह अपने घर न जाकर चचेरे भाई रघुवीर के यहां शरण लिए हैं। बुजुर्ग ने बताया कि जैसे-तैसे दिन कहीं काट लेते हैं और फुटपाथ के ठेलों पर रोटी खाकर पेट भर लेते हैं लेकिन, जाड़े की रात में दिक्कत रहती है। उन्होंने बताया कि शनिवार को जब बेटे-बहू व पड़ोसी ने मारा तो वह फकीरपुरा पुलिस चौकी गए थे लेकिन, सुनवाई नहीं हुई।

चुन्नू सिंह ने बताया कि बुढ़ापे के कारण अब वह बीमार रहते हैं। 13 साल पहले पत्नी हमेंद्रा देवी की मृत्यु हो गई थी। परिवार में चार बेटियां व एक बेटा है। सभी की शादी हो गई है। बुजुर्ग ने बताया कि गरीबी के कारण वह घर-मकान नहीं बना पाए लेकिन, फिर भी रहने को एक कमरा बना है। इसमें उनका इकलौता बेटा व बहू रहते हैं। बताया कि बेटे का करीब पांच साल पहले लखीमपुर खीरी जिले के शाहबगंज के एक परिवार में विवाह किया था।

दो बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत

किरतपुर, (बिजनौर) अमृत विचार : शादी समारोह में शामिल हुए पिता को ग्राम जंदरपुर गजरौला लेने जा रहे युवक की बाइक अनियंत्रित होकर दूसरी बाइक से टकरा गई। इसमें बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। मंगलवार की देर शाम ग्राम मंडावली सैदु में मस्जिद के सामने दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इसमें बाइक सवार कृष्ण (25) निवासी रतनपुर मंडावर गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि दूसरी बाइक सवार दिव्यांशु (22) निवासी ग्राम छितावर की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को तुरंत जिला अस्पताल भेजा। हादसे की सूचना पर दिव्यांशु के परिवार में कोहराम मच गया।

शिक्षक समेत तीन पर दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, बीसलपुर(पीलीभीत)

अमृत विचार: शादी का झांसा देकर छात्रा से एक साल तक यौन शोषण करना शिक्षक को महंगा पड़ा। सीओ के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने शिक्षक समेत तीन के खिलाफ दुष्कर्म और छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज की है। आरोप है कि छात्रा का गर्भपात भी कराया गया।

दियोरियाकलां कोतवाली क्षेत्र के एक ग्रामीण ने कोतवाली बीसलपुर में तहरीर देकर बताया कि उसकी पुत्री नगर में किराए पर कमरा लेकर कंप्टीशन की तैयारी कर रही थी। क्षेत्र के एक बेसिक विद्यालय में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत शाहजहांपुर जनपद के बंडा थाना क्षेत्र के ग्राम कमलापुर निवासी रजनीश भारती उसकी सहेली का मौसेरा भाई है। दोनों की मुलाकात हो गई। शादी का झांसा देकर आरोपी ने पुत्री को प्रेमजाल में फंसा लिया। 10 नवंबर 2023 को पीलीभीत के शनि मंदिर में उसके साथ विवाह कर लिया।

कहा था कि परिवार से स्वीकृति लेकर पूरे रीति रिवाज से जल्द विवाह करेगा। एक साल तक शारीरिक संबंध बनाए, जिसमें पीड़िता गर्भवती भी हो गई। उसके बाद शिक्षक ने बहाना बनाकर गर्भपात करा दिया और शादी से मुकर गए। आरोपी के दो साथी अवनीश व गौरव ने भी छेड़छाड़ की। कोतवाल अशोक पाल ने बताया कि मामले की सीओ के निर्देश पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। विवेचना में साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

नगर निकायों के 55 अध्यक्ष भाजपा में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व बृजेश पाठक के समक्ष बुधवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर समाजवादी पार्टी, बसपा, आप और कांग्रेस छोड़कर नगरपालिका के 20 और नगर पंचायत के 35 अध्यक्ष समेत 24 ब्लाक प्रमुख, 185 जिला पंचायत सदस्य और 155 नगर निगम के पार्षदों ने समारोहपूर्वक भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इनके साथ 10 हजार समर्थकों ने भी सदस्यता ग्रहण की है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मोदी और योगी सरकार के कामकाज से प्रभावित होकर लोग तेजी से भाजपा के साथ जुड़ रहे हैं।

श्री चौधरी ने शामिल होने वाले नेताओं से विश्वास जताया कि भाजपा की अद्वितीय एवं प्रेरणादायी नीतियों, लोककल्याणकारी योजनाओं व उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित करेंगे। आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाकर मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाकर विकसित भारत बनाने के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित करेंगे।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सभी का भाजपा परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि 100 फीसदी वोट में 60 फीसदी वोट हमारा है, बाकी 40 फीसदी वोट में बंटवारा है और बंटवारे में भी हमारा है। हमें हर बूथ पर कमल खिलाना है और भाजपा जिताना है। हर बूथ पर विपक्षी दलों की जमानत जब्त करने का काम करना है।

शाहजहां के 369वें उर्स पर कब्र पर चंदन केवड़े की लेप लगायी

आगरा, एजेंसी : विश्वप्रसिद्ध ताजमहल में शाहजहां के 369 वें उर्स के दूसरे दिन बुधवार को कब्र पर चंदन-केवड़े की लेप लगाई गई। इस दौरान ताजमहल में पर्यटकों और जायरीन की भारी भीड़ रही। खुद्दाम कमेटी के अध्यक्ष हाजी ताहिरउद्दीन ताहिर ने बताया कि अपराह्न दो बजे कब्रों को गुस्ल कराया गया और फिर चंदन-केवड़े की लेप लगायी गई।

फातिहा पढ़ी और मिलाद शरीफ सुनाया गया। उन्होंने बताया कि उर्स के अंतिम दिन गुरुवार को कुरानख्वानी, फातिहा के साथ कब्र पर सतरंगी हिन्दुस्तानी 1560 मीटर की चादर चढ़ाई जाएगी। अंत में लंगर वितरण होगा। ताजमहल के संरक्षण सहायक प्रिंस बाजपेयी ने बताया कि गुरुवार को ताजमहल में प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक रौंदी, युवक की मौत

संवाददाता, नगीना

अमृत विचार : ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्राली समेत फरार हो गया।

नगीना-बढ़ापुर मार्ग स्थित थाना क्षेत्र के ग्राम चमरावाला निवासी राहुल तथा रविंद्र उर्फ आर्यन बुधवार की दोपहर करीब 12 बजे शहर से अपने गांव जा रहे थे। ग्राम काजीवाला में गन्ना सेंटर के पास ट्रैक्टर-ट्राली ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इसके बाद चालक ट्रैक्टर-ट्राली लेकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सरकारी एंबुलेंस के जरिए गंभीर रूप से घायल राहुल (22) को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल रविंद्र उर्फ आर्यन (28) को भी सीएचसी लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद रविंद्र को जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया गया। सूचना पाकर राहुल के परिजन भी रोते-बिलखते अस्पताल पहुंच गए।

उधर नगीना धामपुर फोरलेन एक्सप्रेस वे पर स्विफ्ट डिजायर कार की टक्कर से ई-रिक्शा पलट कर क्षतिग्रस्त हो गई। चालक सुधीर व उसमें सवार अनिल घायल हो गए।अनिल को बिजनौर रेफर कर दिया गया है।

थाना क्षेत्र के ग्राम हसनअलीपुर निवासी सुधीर अपनी ई-रिक्शा में गांव नैजोवाली गांवड़ी निवासी अनिल के साथ गांव कालाखेड़ी से तंदूर लेकर जा रहा था। सेंट मैरी स्कूल के पास धामपुर की दिशा से तेज गति से आ रही स्विफ्ट डिजायर कार ने उसे टक्कर मार दी।

हाईवे पर महिला की मौत, तीन घायल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : शहजादनगर क्षेत्र में हाईवे पर मंगलवार रात कार आगे चल रह रहे अज्ञात वाहन में घुसने से महिला की मौत हो गई। हादसे में दंपती सहित तीन लोग घायल हो गए। तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां बालक की हालत गंभीर होने पर उसे मुरादाबाद रेफर कर दिया गया।

परिजन महिला का शव लेकर घर रवाना हो गए। जिला बरेली के हाफिज गंज थाना क्षेत्र के गांव तिगरा से बहू के मायके वाले भी मुरादाबाद पहुंच गए हैं।

जिला मुरादाबाद में बंसत विहार क्षेत्र के खुशहालपुर निवासी मीना अरोड़ा (52) ने अपने बेटे राहुल की शादी जिला बरेली में गांव तिगरा निवासी हरविन्दर की बेटी खुशी (22) से 28 जनवरी को की थी। मंगलवार सुबह मीना अरोड़ा अपने बेटे राहुल, बहू खुशी, बेटे के दोस्त अभिषेक और आठ साल के धेवते को लेकर बहू के मायके गई थीं। बुधवार रात 13 बजे वहां से लौटते समय नेशनल हाईवे पर एक होटल के सामने आगे चल रहे अज्ञात वाहन चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। जिससे कार अज्ञात वाहन में घुस गई। जिससे मीना की मौत हो गई। जबकि कार सवार अन्य लोग घायल हो गए। सूचना के बाद मौक पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। जहां चिकित्सक ने मीना को मृत घोषित कर दिया। मृतका के धेवते की हालत गंभीर होने पर उसे मुरादाबाद रेफर कर दिया। खुशी और उसके पति राहुल का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। बाद में परिजन शव लेकर चले गए।

कार की अगली सीट पर नहीं बैठती मां तो बेटे की नहीं बचती जान

मां की मौत के बाद बेटे और उसके रिश्तेदारों का रो–रोकर बुरा हाल है। लोगों का कहना था कि बरेली से आते समय राहुल का दोस्त अभिषेक कार चला रहा था, जबकि सास–बहू और उनका धेवता पीछे वाली सीट पर बैठा था। लेकिन मीना ने अपने बेटे से कहकर कार को रुकवा लिया। उसे पीछे बैठाकर खुद आगे वाली सीट पर बैठ गई। कुछ ही देर में कार आगे चल रहे अज्ञात वाहन में जाकर घुस गई। अगर मां आगे वाली सीट पर नहीं बैठती तो बेटे की जान जा सकती थी।

> देर रात हाईवे पर बरेली से आ रही एक कार शहजादनगर थाने के निकट वाहन में पीछे से जा घुसी। इसके चलते कार में बैठी महिला की मौत हो गई जबकि, परिवार के अन्य सदस्य घायल हो गए हैं। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।
>
> **– अमर सिंह राठौर, प्रभारी, थाना शहजादनगर**

गलत ढंग से हुए 32 अधिकारियों के तबादले रद

लखनऊ, अमृत विचार : बिना मुख्यमंत्री से अनुमोदन कराए खनन विभाग में हुई 32 अधिकारियों के स्थानांतरण आदेश को रद्द कर दिया गया है।

यह जानकारी विधान परिषद में नेता सदन व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने दी। उन्होंने विभागीय जांच में जो भी दोषी होगा उस पर कार्रवाई की जाएगी। विस्तृत जांच रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। वार्षिक स्थानांतरण नीति के तहत 30 जून के बाद किसी अधिकारी या कर्मचारी का तबादला करने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अनुमोदन लेने का प्रविधान है। फिर भी खनन विभाग में 30 जून के बाद 32 अधिकारियों के स्थानांतरण कर दिए गए थे।

लखनऊ में प्रधानमंत्री मोदी करेंगे ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का उद्घाटन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में हुए इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को सदन में रखते हुए बताया कि आगामी 19 फरवरी को राजधानी लखनऊ में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इस दौरान 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश को धरातल पर उतारा जाएगा।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में थल, जल और नभ में इन्फ्रास्ट्रक्चर में वृद्धि हुई है। वहीं, इस बात की भी जानकारी दी कि बहुत जल्द ही उप्र 21 एयरपोर्ट वाला देश का पहला राज्य बनने जा रहा है। योगी ने कहा कि प्रदेश अब बिजनेस हब और निवेश का ड्रीम डेस्टिनेशन बन चुका है। कानून व्यवस्था अच्छी और सरकार की नियत साफ हो तो देश और दुनिया के निवेशक निवेश के लिए आना चाहते हैं। जीआईएस 2023 इसका श्रेष्ठ उदाहरण है, जिसमें लगभग 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले। आगामी 19 फरवरी को प्रधानमंत्री द्वारा 10 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी होने जा रही है। उसी समय रिपोर्ट भी पढ़ेंगे कि पिछले निवेश से कितनी नौकरियां लगी हैं, कितने रोजगार का सृजन हुआ है और यूपी में इसका क्या असर पड़ा है।

योगी ने कहा कि यह सब इसलिए संभव हुआ है क्योंकि यूपी में सुदृढ़ कानून-व्यवस्था, ईज ऑफ डुइंग बिजनेस, निवेश अनुकूल नीतियां, सिंगल विंडो सिस्टम तथा जवाबदेह और पारदर्शी नीतियां हैं।

विपक्ष को यूपी की विकास गाथा को स्वीकार करना चाहिए

योगी ने एक प्रमुख इंग्लिश अखबार में प्रकाशित रिपोर्ट का भी उल्लेख किया जिसमें बताया गया कि तमिलनाडु के तिरुपुर जिले में यूपी के दो लाख से अधिक लोग कार्य करते थे, मगर पिछले सात साल में उनमें से 60 हजार लोग वापस यूपी में जा चुके हैं, क्योंकि उन्हें वहीं रोजगार मिल गया है। मुख्यमंत्री ने विपक्ष को इंगित करते हुए कहा कि यूपी की इस विकास गाथा को सभी को स्वीकार करना चाहिए।

शिक्षक ने छात्र के सिर में मारा पेपर तो किया हंगामा

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज में एलएलबी की परीक्षा के दौरान बुधवार को जमकर हंगामा हुआ। प्रश्नपत्र बांटने को लेकर कक्ष निरीक्षक ने एक परीक्षार्थी के सिर में प्रश्नपत्र मार दिया। इस पर वहां मौजूद छात्र नेता और छात्रों ने हंगामा कर दिया। आसपास के कक्ष से भी छात्र इकट्ठे हो गए। सूचना पर प्रॉक्टोरियल बोर्ड की टीम मौके पर पहुंची और छात्रों को समझाकर मामला शांत किया। एलआईयू भी बरेली कॉलेज पहुंच गई। वहीं कुछ शिक्षकों का कहना है कि छात्रनेता ने नकल करने से रोकने पर हंगामा किया। एलएलबी तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा दोपहर 2:30 बजे शुरू हुई। एक कक्ष में शाहजहांपुर के एक निजी स्कूल के प्रिंसिपल भी परीक्षा दे रहे थे।

पीएनबी के दो अफसरों को किया गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बुधवार को पीएनबी के गढ़मुक्तेश्वर शाखा के प्रबंधक और फील्ड अफसर को 20 हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार किया है। इस संबंध में मेरठ एवं हापुड में स्थित आरोपियों के परिसरों पर तलाशी भी ली गई।

सीबीआई को मिली एक शिकायत के आधार पर बैंक अफसरों के खिलाफ मामला दर्ज किया।

आरोप है कि शिकायतकर्ता ने पीएमईजीपी योजना के तहत सिलाई मशीनों की खरीद के लिए केवीआईसी ऋण के लिए पंजाब नेशनल बैंक, गढ़मुक्तेश्वर शाखा, हापुड में आवेदन किया था। बैंक द्वारा ऋण, स्वीकृत किया गया था। ऋण राशि दो लाख रुपये का भुगतान के लिए शाखा प्रबंधक और फील्ड अफसर (क्षेत्राधिकारी) ने घूस मांगी।

यह भी आरोप है कि बैंक कर्मियों ने शिकायतकर्ता से कहा कि दो लाख की बजाए चार लाख रुपये का ऋण स्वीकृत किया जाएगा।

इसके लिए उन्होंने ऋण राशि का 25 फीसदी की दर से एक लाख रुपये की घूस मांगी। इस शिकायत के आधार पर सीबीआई ने जाल बिछाया एवं बैंक के दोनों अफसरों को पहली किस्त के रूप में बीस हजार रुपये घूस लेते समय रंगे हाथ दबोच लिया।

हत्या की झूठी सूचना देने वाला गैंगस्टर गिरफ्तार

बरेली, अमृत विचार : गैंगस्टर ने युवक का मोबाइल लूटकर उसकी होने वाली पत्नी को फोन कर हत्या की झूठी सूचना दे दी। इससे परेशान होकर युवती ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

पुलिस ने मोबाइल लूटने और झूठी सूचना देने वाले गैंगस्टर आकाश ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। झूठी सूचना पर युवती ने फंदा लगाकर जान दे दी थी। आकाश को बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल को गोली मारने के मामले में भी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। वह जमानत पर जेल से बाहर आया था।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 990 फ्लैग 1110 डीएमओ 825 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 900।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 1835, राज श्री 1360, फॉर्चून कि. 1705, रविन्द्रा 1755, फॉर्चुन ली0 1565, जय जवान 1405, सचिन 1420, सूरज 1430, अवसर 1500, राग गोल्ड 1500, गृहणी 1390, क्लासिक (किलो) 1595, मोर 1550, चक्र टिन 1650, ब्लू 1510, आशीर्वाद मस्टर्ड 1665, स्वास्तिक 1805, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 35800, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 600-800, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10500, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, के पी मंसूरी 4300, महबूब सेला 4750, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10800, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10600, मूंग धोवा काला क्राउन 10900, राजमा चित्रा 12500-14100, राजमा भूटान नया 9900, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6950-7700, मलका छाँटी 7300, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-11900, दाल चना 6900, लाल हिंदुस्तान 7000, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 7900, चना अकोला 8000, डबरा 9000-13800, सच्चा हीरा 14200, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 12500, अरहर पटका मोटा 12800, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15400, **चीनी**-डालमियां 4060, पीलीभीत 4040, नवाबगंज 4030, बहेड़ी (नई) 4040 रुपये।

भारत 2027 में कच्चे तेल की मांग में वृद्धि का सबसे बड़ा केंद्र होगा: आईईए

अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने रिपोर्ट में कहा-पड़ोसी देश चीन को भी छोड़ देगा पीछे

बेतुल (गोवा), एजेंसी

भारत 2027 में वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की मांग में वृद्धि के केंद्र के रूप में चीन से आगे निकल जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने यह अनुमान लगाते हुए कहा है कि दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था में परिवहन तथा उद्योग की खपत स्वच्छ ऊर्जा और विद्युतीकरण पर बड़े जोर के बावजूद इस वृद्धि को गति देगी।

पेरिस स्थित एजेंसी ने बुधवार को यहां भारत ऊर्जा सप्ताह में जारी एक 2030 तक भारतीय तेल बाजार परिदृश्य पर एक विशेष रिपोर्ट में कहा कि देश की कच्चे तेल कर मांग 2023 में 54.8 लाख बैरल प्रति दिन (बीपीडी) से बढ़कर 2030 में 66.4 लाख बीपीडी हो जाएगी। चीन वर्तमान में तेल की मांग का सबसे बड़ा चालक है और भारत इस सूची में नंबर दो पर है। पेट्रोलियम मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, घरेलू खपत करीब 50 लाख बैरल प्रति दिन (बीपीडी) है। आईईए के निदेशक (ऊर्जा बाजार एवं सुरक्षा) किसुके सदामोरी ने कहा-त्वरित हरित ऊर्जा कदमों के बावजूद 2030 तक भारत की तेल मांग तीव्र गति से बढ़ेगी। भारत की वृद्धि दर 2027 में चीन से आगे निकल जाएगी।

डीजल पर कंपनियों को तीन रुपये प्रति लीटर का घाटा, पेट्रोल पर मुनाफा घटा

कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में हालिया मजबूती आने से सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों को डीजल पर प्रति लीटर लगभग तीन रुपये का घाटा हो रहा है जबकि पेट्रोल पर उनके मुनाफे में कमी आई है। तेल उद्योग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि पेट्रोल पर मुनाफे में कमी आने और डीजल पर घाटा होने से पेट्रोलियम विपणन कंपनियां खुदरा कीमतों में कटौती करने से परहेज कर रही हैं। अप्रैल, 2022 से ही पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं हुआ है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) का देश के करीब 90 प्रतिशत ईंधन बाजार पर नियंत्रण है। इन कंपनियों ने पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों में स्वेच्छा से कोई बदलाव नहीं किया है।

एआई पर भारत और अमेरिका को सहयोग बढ़ाने की जरूरत: नडेला

मुंबई। दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के प्रमुख सत्या नडेला ने बुधवार को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से संबंधित नियमों और अन्य मानदंडों पर भारत और अमेरिका के बीच सहयोग बढ़ाने की वकालत की। भारत में पले-बढ़े नडेला ने कहा कि एआई पर भारत और अमेरिका के बीच व्यापक साझेदारी से आर्थिक वृद्धि के समान वितरण में भी मदद मिल सकती है। नडेला ने यहां माइक्रोसॉफ्ट के एक कार्यक्रम में शिरकत करते हुए कहा कि एआई एक शक्तिशाली नई प्रौद्योगिकी है जिसे दुनिया के हर कोने में तेजी से 'प्रसारित' करने की जरूरत है। भारत की दो दिवसीय यात्रा पर आए सत्या नडेला ने कहा कि मुझे लगता है कि खास तौर पर भारत और अमेरिका के लिए यह जरूरी है कि वे इस पर सहयोग करने में सक्षम हों और संबंधित मानदंडों एवं नियमों को तय करें।

नीति आयोग ने एलएनजी को परिवहन ईंधन के रूप में प्रोत्साहन देने की वकालत

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **रिपोर्ट में कहा-देश का ट्रक बाजार उत्सर्जन को कम करने के लिए अग्रसर**

नीति आयोग ने मध्यम और भारी वाणिज्यिक वाहनों में परिवहन ईंधन के रूप में तरल प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय और गैर-वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करने की वकालत की है। आयोग ने 'मध्यम और भारी वाणिज्यिक वाहनों में परिवहन ईंधन के रूप में एलएनजी' शीर्षक वाली रिपोर्ट में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) क्षेत्र में ऊर्जा दक्षता सेवाओं (ईईएसएल) की तरह एलएनजी ट्रक खरीदने के लिए एक मांग एग्रीगेटर कंपनी स्थापित करने का सुझाव दिया है।

आयोग ने कहा कि भारत का तेजी से बढ़ता ट्रक बाजार उत्सर्जन को कम करने और वृद्धि के लिए निवेश को प्रोत्साहित करने की अपार संभावनाएं प्रदान करता है। इस बाजार के 2022 में 40 लाख ट्रक से बढ़कर 2050 तक लगभग 1.7 करोड़ ट्रक होने की उम्मीद है। आयोग ने सुझाव दिया कि एलएनजी को बढ़ावा देने के लिए गैर-वित्तीय प्रोत्साहन के रूप में एलएनजी वाहनों के लिए प्राथमिकता वाली लेन पहुंच प्रदान की जा सकती है। इसमें कहा गया-प्रमुख शहरों और सड़कों को पहचानने की जरूरत है और ऐसी प्राथमिकता वाली लेन पहुंच का परीक्षण पहले प्रमुख शहरों और सड़कों पर किया जा सकता है। आयोग ने यह भी सुझाव दिया है कि वैकल्पिक ईंधन की स्वीकार्यता को प्रोत्साहित करने के लिए एलएनजी पर चलने वाले हेवी-ड्यूटी ट्रकों को शहरों में प्रवेश करने की अनुमति दी जा सकती है जबकि डीजल ट्रकों पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	72,000
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,400
गिन्नी (प्रति नग)	48,000-48,200
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,400
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	64,250
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	72,200
चांदी तैयार	72,300
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	64,100
सोना जेवरात गिन्नी	63,100
चांदी पक्की	714(अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,300
चांदी आभूषण	72,200।

हल्द्वानी मंडी

चावल-शरबती 84-86 मसूरी 68 1121 बासमती 99, **दाल दलहन**-काला चना 98-116 साबुत चना दाल 61-64 मूंग साबुत 94 राजमा 200 दाल उड़द 100-115 साबुत मसूर दाल 73 मसूर दाल 71-73 उड़द साबुत 100-116 काबुली चना 75-165 अरहर साबुत 106-112 अरहर दाल 128 लोबिया/करमानी 80-81 सोयाबीन 40-42 मूंगफली 75-77 मटर (सूखी) 50-61 मक्का 25 रुपये।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव-दाल चना: 75 से 76 रुपये मसूर: 88 से 90 रुपये मलका: 82 से 85 रुपये अरहर: 118 से 125 रुपये उड़द: 95 से 101 रुपये धोआ उड़द: 110 से 120 रुपये मूंग धोआ: 104 -106 रुपयेमूंग छिलका: 102 रुपये मूंग साबुत: 100 रुपये चना देसी: 80 चना कावली: 145 से 160 राजमा लाल: 155 राजमा चित्ता: 145 लोबिया लाल: 94 लोबिया सफेद 98 रुपये।

डब्ल्यूटीओ में श्रम, गैर व्यापारिक मुद्दे पर नहीं होनी चाहिए चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **भारत की ओर से एक अधिकारी ने की टिप्पणी**

भारत अपने इस रुख पर कायम है कि श्रम एवं पर्यावरण जैसे मामले गैर-व्यापारिक मुद्दे हैं और उनकी चर्चा विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में नहीं होनी चाहिए। भारत की ओर से एक अधिकारी ने बुधवार को यह बात कही।

अधिकारी ने कहा कि पर्यावरण-अनुकूल विकास की आड़ में व्यापार बाधाएं खड़ी नहीं की जानी चाहिए और इन मुद्दों की चर्चा संयुक्त राष्ट्र जैसे विभिन्न बहुपक्षीय मंचों पर की जा सकती है। डब्ल्यूटीओ के 164 सदस्य देशों के व्यापार मंत्री इस महीने के अंत में कृषि जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिए अबू धाबी में एकत्रित होंगे। इस लिहाज से भारत की यह टिप्पणी महत्वपूर्ण है। विकसित देश इन गैर-व्यापारिक मुद्दों पर औपचारिक बातचीत शुरू करने पर जोर दे रहे हैं और वे अबू धाबी बैठक में भी इन मुद्दों को उठाने का प्रयास करेंगे। डब्ल्यूटीओ का 13वां मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (एमसी) 26-29 फरवरी को संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में होगा।

जनवरी में शाकाहारी थाली हुई महंगी और मांसाहारी थाली की लागत हो गई कम

मुंबई, एजेंसी

▸▸ **एमआईएंडए रिसर्च की रिपोर्ट से हुआ खुलासा**

घर में बनी शाकाहारी थाली जनवरी महीने में सालाना आधार पर पांच प्रतिशत महंगी हो गई जबकि मांसाहारी थाली 13 प्रतिशत सस्ती हो गई। बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिटिक्स (एमआईएंडए) रिसर्च की तरफ से जारी 'राइस रोटी रेट' अनुमान के मुताबिक, जनवरी में दाल, चावल, प्याज और टमाटर जैसी वस्तुओं के दाम बढ़ने से घर में बनी शाकाहारी थाली महंगी हो गई। वहीं पोल्ट्री दरों में गिरावट से मांसाहारी थाली के दामों में गिरावट आई। रिपोर्ट कहती है कि प्याज और टमाटर की कीमतों में पिछले महीने सालाना आधार पर क्रमशः 35 प्रतिशत और 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी होने से शाकाहारी थाली की लागत बढ़ गई है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, शाकाहारी थाली में 12 प्रतिशत की हिस्सेदारी रखने वाले चावल के दाम जनवरी महीने में 14 प्रतिशत बढ़े जबकि नौ प्रतिशत हिस्सा रखने वाली दालों की कीमतें 21 प्रतिशत तक बढ़ गईं। इस बीच मांसाहार के शौकीन लोगों के लिए पिछला महीना लागत के लिहाज से राहत लेकर आया। पिछले साल के समान महीने में इस साल जनवरी में उत्पादन बढ़ने से ब्रॉयलर मुर्गे की कीमतें 26 प्रतिशत गिरने से मांसाहारी थाली की लागत में गिरावट दर्ज की गई।

राष्ट्रीय

एक नजर

लोकसभा में अंतरिम बजट पारित

नई दिल्ली। लोकसभा में बुधवार को 2024-25 के लिए 47.66 लाख करोड़ रुपये का अंतरिम बजट ध्वनिमत से पारित हो गया। साथ ही केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के लिए 1.8 लाख करोड़ रुपये के बजट को भी ध्वनिमत से मंजूरी दे दी गयी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दोनों बजट, अनुदान की अनुपूरक मांगों और संबंधित विनियोग विधेयकों पर चर्चा का जवाब दिया। सीतारमण ने कहा कि केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा 2024-25 में घटाकर 5.1 प्रतिशत पर लाने का लक्ष्य है।

इंदौर में विस्फोटक पदार्थ से जुड़े 20 प्रतिष्ठान सील

इंदौर (मप्र)। हरदा के पटाखा गोदाम में भीषण विस्फोट के बाद हरकत में आए इंदौर प्रशासन ने अलग-अलग गड़बड़ियां मिलने पर पटाखों के दो कारखानों समेत विस्फोटक पदार्थों के कारोबार से जुड़े 20 प्रतिष्ठानों को सील कर दिया। जांच दलों में शामिल अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पिछले 36 घंटे के दौरान जिले भर में पुलिस और प्रशासन की संयुक्त जांच मुहिम के दौरान पटाखों और विस्फोटक पदार्थों के कारोबार से जुड़े 20 प्रतिष्ठानों को सील किया गया। अधिकारियों के मुताबिक इनमें राऊ क्षेत्र में पटाखे बनाने वाले दो कारखाने शामिल हैं जहां अलग-अलग मानकों का उल्लंघन पाया गया। उन्होंने बताया कि प्रतिष्ठानों में से एक पटाखा गोदाम रिहायशी क्षेत्र में था, जबकि अन्य गोदामों में स्वीकृत सीमा से ज्यादा पटाखों का भंडारण पाया गया।

कांग्रेस आउटडेटेड और आरक्षण की जन्मजात विरोधी

राज्यसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चर्चा के जवाब में बोले-अब उसकी कोई वारंटी भी नहीं रही

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस पर हमले तेज करते हुए आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टी पुरानी पड़ चुकी है और अब उसकी कोई 'वारंटी' भी नहीं रही। उन्होंने देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी पर देश को बांटने वाले विमर्श गढ़ने का भी आरोप लगाया। राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने लोकसभा चुनाव में जीत के साथ तीसरा कार्यकाल मिलने का भरोसा जताया और अगले पांच साल के लिए अपने दृष्टिकोण को रेखांकित किया।

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को 'आउटडेटेड' और आरक्षण का 'जन्मजात विरोधी' बताया तथा उसके पतन के लिए संवेदनाएं प्रकट करते हुए 'प्रार्थना' की कि वह अगले आम चुनाव में 40 सीट ही बचा ले। करीब डेढ़ घंटे के अपने संबोधन के दौरान उन्होंने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' पर निकले कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर भी निशाना साधा और उन्हें 'कांग्रेस के युवराज' के नाम से संबोधित करते हुए उन्हें ऐसा 'नॉन स्टार्टर' बताया जो न तो 'लिफ्ट' हो पा रहे हैं और ना ही 'लांच'। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण में भारत के आत्मविश्वास, उज्ज्वल भविष्य के प्रति उसके विश्वास और आमजन के सामर्थ्य को बहुत ही कम शब्दों में लेकिन बहुत ही शानदार तरीके से देश के सामने प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने कहा-कांग्रेस के 10 सालों में भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की पांच नाजुक अर्थव्यवस्थाओं में शुमार थी।

देश को बांटने वाला विमर्श गढ़ना बंद करे कांग्रेस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस और उसके नेतृत्व वाली कर्नाटक सरकार से देश को उत्तर और दक्षिण में बांटने वाला विमर्श ना गढ़ने का आग्रह करते हुए कहा कि यह देश के भविष्य को खतरे में डालता है। राज्यसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए उन्होंने अफसोस जताया कि कर्नाटक सरकार विज्ञापनों के जरिए इस तरह की कहानी गढ़ रही है। प्रधानमंत्री, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के नेतृत्व में दिल्ली के जंतर-मंतर पर कांग्रेस के उस धरने का जिक्र कर रहे थे।

प्रधानमंत्री ने पेश की मोदी 3.0 योजना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को लगातार तीसरी बार अपनी सरकार 'मोदी 3.0' बनने का भरोसा जताते हुए अगले पांच साल की रूपरेखा पेश की जिसमें गरीबों, युवाओं, मध्यम वर्ग, किसानों, ऊर्जा आत्मनिर्भरता सहित विभिन्न क्षेत्रों के लक्ष्य रखे गये ताकि भारत 2047 तक 'स्वर्णिम युग को छू सके।' उन्होंने कहा कि मोदी 3.0 सरकार भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा देगी। प्रधानमंत्री ने कहा-गरीबों को दी जाने वाली पांच लाख रुपये की बीमा सहायता आगे भी जारी रहेगी।

जनता अब उन्हें सबक सिखाने वाली है : खरगे

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राज्यसभा में उस पर किए गए तीखे प्रहार के बाद पलटवार करते हुए दावा किया कि मोदी इस बात को लेकर डरे हुए हैं कि आगामी लोकसभा चुनाव में जनता उन्हें सबक सिखाने जा रही है। वहीं महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री ने मल्लिकार्जुन खरगे पर हमला करने का फैशन बना लिया है।

भाजपा में शामिल हुए तमिलनाडु के 15 पूर्व विधायक और एक पूर्व सांसद

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **शामिल होने वाले नेताओं में अधिकांश अन्नाद्रमुक से**

तमिलनाडु के 15 पूर्व विधायक और एक पूर्व सांसद समेत कई नेता बुधवार को यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी इस दक्षिणी राज्य में अपनी स्थिति मजबूत करने की लगातार कोशिश कर रही है। भाजपा में शामिल होने वाले इन नेताओं में अधिकांश भाजपा की पूर्व सहयोगी ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) से हैं।

केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर और एल मुरुगन तथा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई की मौजूदगी में इन नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। अन्नामलाई ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा में शामिल होने वाले ये नेता काफी अनुभवी हैं और सभी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथ मजबूत करना चाहते हैं। उन्होंने दावा किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित है और मोदी लगातार तीसरी बार सत्ता में आएंगे। उन्होंने राज्य की सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) और उसकी मुख्य प्रतिद्वंद्वी अन्नाद्रमुक पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि वे तमिलनाडु में हो रही घटनाओं को देख रहे हैं। द्रविड़ राज्य में अपनी पार्टी के वैचारिक रुख पर मजबूत स्थिति और आरोपित पार्टियों की तीखी आलोचना के कारण युवा नेता ने दावा किया-तमिलनाडु भारतीय जनता पार्टी के रास्ते पर जा रहा है।

अजित पवार गुट ने कोर्ट में कैविएट दायर की

नई दिल्ली। अजित पवार गुट ने उच्चतम न्यायालय में बुधवार को कैविएट दायर की और निर्वाचन आयोग द्वारा उसे असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) घोषित करने के आदेश को शरद पवार गुट की ओर से चुनौती दिये जाने की स्थिति में उसका पक्ष भी सुने जाने का अनुरोध किया। वकील अभिकल्प प्रताप सिंह के जरिए कैविएट यह सुनिश्चित करने के लिए दायर की गयी है कि अगर शरद पवार गुट उच्चतम न्यायालय का रुख करता है तो अजित पवार गुट के खिलाफ एकतरफा आदेश पारित न किया जाए और उसका भी पक्ष सुना जाए। निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को घोषणा की कि अजित पवार गुट ही असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) है। चुनाव निकाय का यह निर्णय पार्टी संस्थापक शरद पवार के लिए एक बड़ा झटका है।

अमानतुल्ला खान को याचिका वापस लेने की मिली अनुमति

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्ला खान को उनके खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय द्वारा धन शोधन की एक जांच और उन्हें समन दिए जाने के खिलाफ दायर याचिका वापस लेने की बुधवार को अनुमति दे दी।

धन शोधन का मामला

न्यायमूर्ति रेखा पल्ली और न्यायमूति रजनीश भटनागर की पीठ ने याचिका वापस लिए जाने पर इसे खारिज कर दिया। याचिकाकर्ता के खिलाफ धन शोधन की जांच दिल्ली वक्फ बोर्ड में भर्ती में कथित अनियमितताओं से जुड़ी है। ऐसा आरोप है कि खान ने दिल्ली वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष पद पर काम करते हुए नियमों और सरकारी दिशा निर्देशों का उल्लंघन करते हुए 32 लोगों की अवैध रूप से भर्ती की थी। ईडी ने दिल्ली विधानसभा में ओखला निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले खान के परिसरों पर छापे मारे थे। उसने दावा किया है कि खान ने अवैध धन अर्जित किया था।

कोर्ट ने संजय सिंह की जमानत याचिका खारिज की

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धन शोधन मामले में गिरफ्तार आप के नेता संजय सिंह को जमानत देने से बुधवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने आदेश सुनाते हुए कहा, "इस स्तर पर आरोपी को जमानत देने का कोई आधार नहीं बनता है।" फैसले की विस्तृत प्रति की प्रतीक्षा है। ईडी द्वारा 4 अक्टूबर, 2023 को गिरफ्तार किए गए सिंह ने इस आधार पर जमानत का अनुरोध किया था कि वह तीन महीने से अधिक समय से हिरासत में हैं और इस अपराध में उनकी कोई भूमिका नहीं दिखाई गई है। जांच एजेंसी ने जमानत याचिका का विरोध किया और दलील दी कि सिंह 2021-22 की नीति अवधि से संबंधित दिल्ली शराब घोटाले से उत्पन्न अपराध की आय को प्राप्त करने उपयोग करने में शामिल थे।

बीआरओ के मजदूरों को मुआवजे पर छूट को मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रस्ताव के लिए दी सहमति**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के आकस्मिक वेतनभोगी मजदूरों (सीपीएल) को अनुग्रह राशि के एकमुश्त भुगतान के लिए दुर्घटना के समय 179 कार्य दिवस पूरे करने के प्रावधान से छूट के प्रस्ताव को बुधवार को मंजूरी दे दी। मौजूदा प्रावधानों के तहत, जिन आकस्मिक वेतनभोगी मजदूरों ने बीआरओ में कम से कम 179 दिन काम किया है, उन्हें पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि एकमुश्त भुगतान के दायरे में रखा गया है।

रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा-रक्षा मंत्री ने बीआरओ/सामान्य अभियांत्रिकी रिजर्व फोर्स (जीआरईएफ) में काम करने वाले आकस्मिक वेतनभोगी मजदूरों को अनुग्रह राशि के एकमुश्त भुगतान के लिए दुर्घटना के समय 179 कार्य दिवस पूरे करने के प्रावधान से छूट के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। अभी तक 179 कार्य दिवसों की इस बाध्यता के कारण, दिवंगत सीपीएल के कई परिवार इस अनुदान से वंचित रहे हैं। बीआरओ इकाइयां दूर-दराज, बर्फ से घिरे, ऊंचाई वाले क्षेत्रों में स्थित हैं, जहां कोई उचित सार्वजनिक और चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं।

मंत्रालय ने कहा कि प्रतिकूल वातावरण, दुर्गम पहाड़ी इलाके, खतरनाक कार्य स्थल और व्यावसायिक स्वास्थ्य खतरे जैसे कारक आकस्मिक वेतनभोगी मजदूरों के जीवन के लिए भारी खतरा पैदा करते हैं। मंत्रालय ने कहा-आकस्मिक वेतन भोगी मजदूरों की काम करने के दौरान हुई मौतों के मामलों को ध्यान में रखते हुए, मानवीय आधार पर न्यूनतम 179 कार्य दिवसों की शर्त में छूट इनके परिवारों के लिए एक बड़ी राहत होगी, जो सरकारी ड्यूटी के दौरान अपने कमाऊ सदस्य को खो देते हैं।

उपमुख्यमंत्री शिवकुमार के खिलाफ मामला दर्ज करने का निर्देश

बेंगलुरु। कर्नाटक में बेंगलुरु की एक विशेष अदालत ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं के प्रदर्शन की एक फर्जी तस्वीर का कथित तौर पर इस्तेमाल करने के लिए पुलिस को उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार के साथ-साथ कांग्रेस की राज्य इकाई के आईटी प्रकोष्ठ के प्रमुख बी.आर. नायडू के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने का निर्देश दिया है। भाजपा नेताओं ने वर्ष 1992 में बाबरी मस्जिद विध्वंस आंदोलन का हिस्सा रहे कार सेवक श्रीकांत पुजारी की गिरफ्तारी को लेकर हाल ही में हुए प्रदर्शन में हिस्सा लिया था भाजपा के प्रदर्शनकारियों ने हाथ में तख्तियां ली हुईं थीं।

सिद्धारमैया व कांग्रेसियों ने केंद्र के खिलाफ किया प्रदर्शन

▸▸ **जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करके राज्य के लिए मांगी राशि**

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली में जंतर-मंतर पर केंद्र के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और अन्य कर्नाटक कांग्रेस नेता। ● एजेंसी

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के नेतृत्व में कांग्रेस की प्रदेश इकाई के कई नेताओं ने कर राजस्व वितरण में राज्य के साथ हुए ''अन्याय'' को लेकर बुधवार को केंद्र के खिलाफ यहां जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया और प्रदेश के हिस्से की राशि तत्काल जारी करने की मांग की। इस विरोध प्रदर्शन में उपमुख्यमंत्री और कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार, राज्य के कई सांसद, मंत्री और विधायक शामिल हुए। कांग्रेस का आरोप है कि पिछले कुछ वर्षों में कर राजस्व में उसके प्रदेश के हिस्से की राशि के हस्तांतरण और सहायता अनुदान में कर्नाटक के साथ ''अन्याय'' किया गया है।

विरोध प्रदर्शन में शामिल कांग्रेस नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार 15वें वित्त आयोग के तहत कर्नाटक को कथित तौर पर हुए 1.87 लाख करोड़ रुपये के नुकसान की भरपाई करे। सिद्धारमैया ने कहा कि यह विरोध भाजपा के खिलाफ नहीं, बल्कि कर्नाटक के साथ भेदभाव के खिलाफ है। उन्होंने भाजपा के इस आरोप को खारिज किया कि इस विरोध प्रदर्शन का उद्देश्य उत्तर-दक्षिण विभाजन को बढ़ावा देना है।

सिद्धारमैया ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा-हम भारत सरकार द्वारा कर्नाटक और अन्य दक्षिणी राज्यों के साथ किए गए भेदभाव का मुद्दा उठा रहे हैं। इसीलिए मैंने भाजपा और जनता दल (एस) के सभी सांसदों को पत्र लिखकर इस आंदोलन में भाग लेने के लिए कहा था। उन्होंने कहा कि 14वें वित्त आयोग के तहत राज्यों, खासकर कर्नाटक को कर राजस्व बांटने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले फॉर्मूले को 15वें वित्त आयोग ने बदल दिया था।

पंत को आईपीएल खेलने का पूरा भरोसा: पोटिंग

मेलबर्न, एजेंसी

दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने कहा कि ऋषभ पंत इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र में खेलने को लेकर आश्वस्त हैं, लेकिन यह आक्रामक क्रिकेटर फिलहाल विकेट कीपिंग से दूर रह सकता है। पंत दिसंबर 2022 में भीषण कार दुर्घटना में गंभीर रूप से चोटिल हुए थे। उन्होंने कहा कि ऋषभ को पूरा भरोसा है कि वह मैच खेलने के लिए फिट होंगे। वह टीम में किस क्षमता में रहेंगे इसे लेकर हम अभी पूरी तरह से आश्वस्त नहीं है।

पोंटिंग ने कहा कि आपने सोशल-मीडिया पर उनसे जुड़ी चीजें देखी होगी, वह सक्रिय है और अच्छी तरह से चल-दौड़ रहा है। आईपीएल शुरू होने में सिर्फ छह सप्ताह बचे है ऐसे में इस साल हमें उनसे विकेट कीपिंग करवाना मुश्किल होगा। उन्होंने कहा कि हम बस यही उम्मीद कर सकते है कि वह खेलने के लिए उपलब्ध रहे। हो सकता है कि वह सभी मैच ना खेले लेकिन अगर वह 14 लीग मैचों में से 10 मैच भी खेलता है तो यह टीम के लिए बोनस की तरह होगा।

पंत अगर विकेट के पीछे अपनी की भूमिका निभाने में सक्षम नहीं हुए तो वह बल्लेबाज के रूप में खेल सकते हैं या आगामी आईपीएल में उनका इस्तेमाल 'इम्पैक्ट प्लेयर' के रूप में हो सकता है। आईपीएल का आगामी सत्र मार्च के आखिर में शुरू हो सकता है। पोंटिंग ने कहा कि मैं गारंटी देता हूं कि अगर मैंने अभी उससे खेलने के बारे में पूछा तो वह कहेगा, मैं हर मैच खेलने के लिए तैयार हू, मैं हर मैच में कीपिंग और चौथे क्रम पर बल्लेबाजी के लिए तैयार हूं। हम हालांकि अभी इस मामले में और इंतजार करना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि वह कमाल का खिलाड़ी है। वह स्पष्ट रूप से हमारा कप्तान है।

मेजर लीग क्रिकेट में वाशिंगटन फ्रीडम के मुख्य कोच होंगे रिकी

सिडनी, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग को अमेरिका की मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के दूसरे सत्र से पहले बुधवार को वाशिंगटन फ्रीडम फ्रेंचाइजी का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। पोंटिंग इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीम दिल्ली कैपिटल्स के भी मुख्य कोच। उन्होंने भारतीय-अमेरिकी व्यवसायी संजय गोविल के स्वामित्व वाली वाशिंगटन फ्रीडम के साथ दो साल का करार किया है। ऑस्ट्रेलिया के सबसे सफल कप्तानों में शामिल पोंटिंग फ्रेंचाइजी में ग्रेग शेफर्ड की जगह लेंगे। इस टी-20 लीग का दूसरा सत्र छह टीमों के बीच जुलाई में खेला जाएगा। पोंटिंग ने कहा कि मैं 2024 में वाशिंगटन फ्रीडम से जुड़ने के लिए बेहद उत्साहित हूं। अमेरिका में क्रिकेट वास्तव में बढ़ रहा है और मैं मेजर लीग क्रिकेट का हिस्सा बनने का इंतजार कर रहा हूं।

राज्यस्तरीय बालिका हैंडबाल स्पर्धा 15 से

लखनऊ, अमृत विचार: राज्य स्तरीय सब जूनियर बालिका (अंडर-15) हैंडबाल प्रतियोगिता केडी सिंह बाबू स्टेडियम में 15 से 18 फरवरी तक आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर की टीमें हिस्सा लेंगी। लखनऊ मंडल के क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अजय सेठी के अनुसार इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली लखनऊ टीम के गठन को ट्रायल भी बाबू स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे। जिला स्तर पर चयन ट्रायल 13 फरवरी और मंडल स्तर पर ट्रायल 14 फरवरी को आयोजित होंगे। इस ट्रायल में शामिल होने वाले बालिकाओं का जन्म एक जनवरी 2009 के बाद होना चाहिए।

इंग्लैंड ने टेस्ट क्रिकेट में फूंकी जान: बॉथम

मेलबर्न, एजेंसी

महान आल राउंडर इयान बॉथम को लगता है कि बेन स्टोक्स की अगुआई में इंग्लैंड की अति आक्रामक 'बैजबॉल' तकनीक ने टेस्ट क्रिकेट में जान फूंक दी है। ब्रैंडन मैकुलम के मुख्य कोच और स्टोक्स के कप्तान बनने के बाद इंग्लैंड ने पारंपरिक प्रारूप के खेलने के तरीके को नए सिरे से परिभाषित किया है।

बॉथम ने कहा कि आपको बस दर्शकों की तरफ देखने की जरूरत है। दर्शकों ने अब टेस्ट क्रिकेट देखने के लिए वापसी करना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि भारत में 20-30 साल पहले भारत के खिलाफ खेलते हुए मैदान भरे रहते थे। अचानक से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) आया, फिर इसने और वनडे क्रिकेट के कारण टेस्ट में दर्शकों की संख्या में गिरावट आई, लेकिन अब लोग वापसी कर रहे हैं और 'बैजबॉल' क्रिकेट देखना चाहते हैं।

पूर्व कप्तान ने कहा कि इंग्लैंड ने 'बैजबॉल' तरीके से खेलने के बाद से हारने की तुलना में ज्यादा टेस्ट मुकाबलों में जीत हासिल की है। आखिरकार आप मनोरंजन करने के लिए हो और अगर आप चाहते हो कि लोग मैच देखने आएं तो आपको उनका मनोरंजन करना पड़ेगा। वे ऐसे खिलाड़ी को नहीं देखना चाहेंगे जो काफी कम रन जुटाए। आप ऐसे क्रिकेटर को देखना चाहोगे जो मैच में आक्रामक बल्लेबाजी से दबदबा बनाए। इंग्लैंड के लिए 1977 से 1992 के बीच 102 टेस्ट मैच खेलकर 383 विकेट चटकाने और 5200 रन बनाने वाले बॉथम ने कहा कि आप एक या दो मैच गंवाओगे ही, लेकिन इंग्लैंड ने 15 मैच खेले और 12 जीते। टेस्ट क्रिकेट अब पहले से बेहतर हो गया है। अब अन्य टीम भी इंग्लैंड की तरह खेलना चाहती हैं। इसका अन्य टीमों पर प्रभाव पड़ रहा है। अकसर देखा है कि जब टीम के 3 या 4 विकेट गिर गए तो गेंदबाजी करने वाली टीम थोड़ी 'रिलैक्स' होती दिखती है। जब आपने दबाव बना लिया है तो आपको ऐसा ही रखते हुए अपना काम करना चाहिए।

खेल डायरी

बेंगलुरु ओपन में डेविस कप नायकों पर होगी निगाह

बेंगलुरु, एजेंसी। पाकिस्तान के खिलाफ डेविस कप मुकाबले में भारत की जीत के नायक रहे रामकुमार रामनाथन और एन श्रीराम बालाजी सहित कई शीर्ष खिलाड़ी 12 से 18 फरवरी के बीच यहां होने वाले बेंगलुरु ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपना भाग्य आजमाएंगे। डेविस कप में नहीं खेलने वाले भारत के चोटी के एकल खिलाड़ी सुमित नागल को भी उनकी 137वीं रैंकिंग के कारण प्रतियोगिता में सीधा प्रवेश दिया गया है। बेंगलुरु ओपन में 257वीं रैंकिंग तक के खिलाड़ियों को सीधा प्रवेश मिला है। पिछले महीने ऑस्ट्रेलियाई ओपन में नागल ने मुख्य ड्रॉ के पहले दौर में दुनिया के 27वें नंबर के खिलाड़ी अलेक्जेंडर बुब्लिक को हराया था। युगल में रामकुमार ने हमवतन साकेत मायनेनी के साथ, जबकि बालाजी ने जर्मनी के आंद्रे बेगेमैन के साथ जोड़ी बनाई है। रामकुमार और माइनेनी ने 2022 में यहां युगल खिताब जीता। पाकिस्तान के मोहम्मद शोएब के खिलाफ जीत दर्ज करके डेविस कप में शानदार आगाज करने वाले निकी पूनाचा ने हमवतन ऋत्विक चौधरी बोलिपल्ली के साथ जोड़ी बनाई है।

सैफ अंडर-19 के फाइनल में पहुंचे भारत-बांग्लादेश

ढाका, एजेंसी। भारतीय फुटबॉल टीम गुरुवार को यहां जब सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप के फाइनल में मेजबान बांग्लादेश से भिड़ेगी तो उसकी निगाह मिथक तोड़कर खिताब हासिल करने पर होगी। भारत में महिला फुटबॉल में सुधार के बावजूद आयु वर्ग की प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। भारतीय टीम को सैफ प्रतियोगिताओं में एक से अधिक बार खिताब से हाथ धोना पड़ा था। वह पिछले साल सैफ अंडर-20 प्रतियोगिता के फाइनल में बांग्लादेश से हार गयी थी। ऐसे में भारतीय टीम के पास अपने रिकॉर्ड में सुधार करने का यह शानदार मौका है। भारतीय टीम ने वर्तमान प्रतियोगिता में अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। उसने ग्रुप चरण में भूटान (10-0) और नेपाल (4-0) को आसानी से हराया था लेकिन बांग्लादेश से वह एकमात्र गोल से हार गयी थी। भारतीय टीम ने ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहने के कारण फाइनल में जगह बनाई। भारत अब बदला चुकता करने के लिए मैदान पर उतरेगा लेकिन बांग्लादेश को पराजित करना इतना आसान नहीं है।

पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों की पैरालंपिक जाने पर नजर

मुंबई, एजेंसी। भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी मानसी जोशी, मंदीप कौर और पलक कोहली की निगाहें 20 से 25 तक पटाया में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन से इस साल के अंत में होने वाले पैरालंपिक में जगह बनाने पर लगी हैं। भारत ने पिछले साल हांगझोउ पैरा एशियाई खेलों में ऐतिहासिक 111 पदकों में से 21 पदक बैडमिंटन में हासिल किए थे, जिसमें मानसी और मंदीप ने एकल में कांस्य पदक जीते थे। महिलाओं की एसएल3-एसयू5 युगल स्पर्धा में मानसी ने टी मुरुगेसन के साथ रजत पदक और मंदीप ने मनीषा रामदास के साथ कांस्य पदक जीता था। मानसी ने कहा कि हम सभी विश्व चैम्पियनशिप में खेलेंगे जिसके लिए हम 17 फरवरी को जा रहे हैं। यह फाइनल है, यह पैरालंपिक क्वालीफिकेशन वर्ष का अंत है। क्वालीफिकेशन प्रक्रिया 31 मार्च को खत्म हो रही है, इस दिन से हमारी रैंकिंग और 'रेस टू पेरिस' यही पर रूक जाएगी। इसलिए यह विश्व चैम्पियनशिप हम सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

स्नेहा सिंह ने हासिल की दो शॉट की बढ़त

विशाखापत्तनम, एजेंसी। भारतीय गोल्फर स्नेहा सिंह ने बुधवार को यहां महिला प्रो गोल्फ टूर के चौथे चरण के शुरूआती दौर में चार होल में तीन बर्डी की बदौलत दो शॉट की बढ़त हासिल की। इस सत्र के दूसरे चरण की विजेता स्नेहा ने दो अंडर 70 का कार्ड खेला और वह अंडर पार का कार्ड खेलने वाली एकमात्र गोल्फर थीं। उनकी चिर प्रतिद्वंद्वी हिताशी बख्शी 72 के कार्ड से खुशी खानिजाऊ के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। रिद्धिमा दिलावड़ी 74 के कार्ड से अकेले चौथे स्थान पर हैं।

शीर्ष पर पहुंचने वाले भारत के पहले तेज गेंदबाज बने बुमराह

11 महीने से सूची में शीर्ष पर चल रहे रविचंद्रन अश्विन की ली जगह

आईसीसी टेस्ट रैंकिंग

रैंकिंग	खिलाड़ी	रेटिंग
1	जसप्रीत बुमराह	881
2	कगिसो रबाडा	851
3	आर अश्विन	841
4	पैट कमिन्स	828
5	जोश हेजलवुड	818
6	प्रभात जयसूर्या	783
7	जेम्स एंडरसन	780
8	नाथन लियॉन	746
8	रवींद्र जडेजा	746
8	ओली रॉबिन्सन	746

दुबई, एजेंसी

इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में शानदार प्रदर्शन के बाद जसप्रीत बुमराह बुधवार को आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज बन गए। विशाखापत्तनम में इस 30 साल के गेंदबाज ने 9 विकेट लेकर पैट कमिंस, कागिसो रबाडा और रविचंद्रन अश्विन को पीछे छोड़ दिया। वह टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले देश के चौथे खिलाड़ी है। इससे पहले स्पिनर बिशन सिंह बेदी, अश्विन और रविंद्र जडेजा शीर्ष पर पहुंचने में सफल रहे हैं। बुमराह ने इस रैंकिंग में अश्विन की जगह ली जो 11 महीने से इस सूची में शीर्ष पर थे। टेस्ट मैच में 499 विकेट लेने वाले अश्विन तीसरे स्थान पर खिसक गए। बुमराह के नाम 881 रेटिंग अंक है। वह सबसे ज्यादा रेटिंग अंक हासिल करने के मामले में अश्विन (904) और जडेजा (899) के बाद चौथे स्थान पर है। अश्विन और जडेजा मार्च 2017 में संयुक्त रूप से शीर्ष पर थे। बल्लेबाजों की सूची में विशाखापत्तनम में दोहरा शतक जड़ने वाले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल 37 पायदान ऊपर 29वें स्थान पर पहुंच गए जबकि दूसरी पारी में शतक लगाने के बाद शुभमन गिल 14 पायदान ऊपर चढ़कर करियर के सर्वश्रेष्ठ 38वें स्थान पर पहुंच गए। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जैक क्राउली विशाखापत्तनम टेस्ट के बाद आठ स्थान ऊपर चढ़कर 22वें पायदान पर आ गये है। उन्होंने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 76 और 73 रन की पारी खेली थी। इंग्लैंड के लेग स्पिनर रेहान अहमद 70वें स्थान पर पहुंचे हैं, जबकि इंग्लैंड के दूसरे खिलाड़ी बने टॉम हार्टले सूची में सुधार करने में सफल रहे।

भारत के तीन स्पिनर्स बिशन सिंह बेदी अश्विन और जडेजा को मिल चुका है खिताब

हम खिलाड़ियों से संवाद को प्राथमिकमा दे रहे हैं: रूट

विशाखापत्तनम, एजेंसी

इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट ने कहा कि बेन स्टोक्स के नेतृत्व में इंग्लैंड की टीम में अब बैठक करने की जगह खिलाड़ियों से संवाद करने को प्राथमिकता दी जाती है।

इंग्लैंड और भारत के बीच खेली जा रही 5 मैचों की श्रृंखला अभी 1-1 से बराबर है। जो रूट ने कहा कि हम अब टीम बैठक नहीं करते हैं। यह टीम में होने वाली अच्छी चीजों में से एक है कि हम खेल से दूर अपनी सारी बातचीत कैसे करते हैं। एक-दूसरे के साथ समय बिताने का लुत्फ उठाते हुए चर्चा करना पसंद करते हैं। इस पूर्व कप्तान ने कहा कि हमें अब 'मीटिंग रूम' में नहीं बैठना होता है। मुझे लगता है कि आप खाने के टेबल पर या कॉफी पीते समय अपनी भावनाओं को ज्यादा अच्छे से व्यक्त कर सकते हैं। इंग्लैंड की टीम श्रृंखला के पहले मैच की पहली पारी में 190 रन से पिछड़ने के बावजूद जीत दर्ज करने में सफल रही। टीम को हालांकि दूसरे मैच में हार का सामना करना पड़ा। रूट ने कहा कि हमारी टीम नतीजे की परवाह किए बिना उस अंदाज में खेलना जारी रखेगी जो उसे आता है। इसने हमें पिछले कुछ समय से सफलता दिलाई है। इससे हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पा रहे हैं। हम पहले भी ऐसी स्थिति (पहले टेस्ट की पहली पारी में बड़े अंतर से पिछड़ने के बाद वापसी) में रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछली बार हमने इंग्लैंड में भारत का सामना किया था। उस टेस्ट मैच में भी हम बड़े अंतर से पिछड़ रहे थे लेकिन हमने वापसी कर जीत दर्ज की। ऐसा कई बार हो चुका है।

नतीजे की परवाह किए बिना उसी अंदाज में खेलेंगे जो हमें आता है

द. कोरिया को हराकर जॉर्डन एशियाई कप के फाइनल में

अल-रेयान (कतर), एजेंसी। यजन अल नैमत और मूसा तमारी के गोल के दम जॉर्डन ने खिताब के प्रबल दावेदार द. कोरिया को 2-0 से हराकर पहली बार एशियाई कप फुटबॉल के फाइनल में जगह बनाई। अहमद बिन अली स्टेडियम में मंगलवार को खेले गए सेमीफाइनल का पहला हाफ गोल रहित रहने के बाद अल नैमत और तमारी ने दूसरे हाफ में गोल किए, जिससे जॉर्डन ने इतिहास रच दिया। इसके साथ की द. कोरिया के कोच जुर्गेन क्लिंसमैन का टीम को तीसरी बार चैम्पियन बनाने का सपना भी टूट गया। जॉर्डन के कोच हुसैन अम्मौता ने कहा कि मैंने अपने खिलाड़ियों से कहा था कि वह द. कोरियाई टीम का जितना सम्मान करना चाहिए उससे अधिक न करें। मुझे लगता है कि इससे खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ा। हमारे पास गंवाने के लिए कुछ नहीं था। फाइनल में जॉर्डन के सामने ईरान और गत चैम्पियन कतर के बीच खेले जाने वाले सेमीफाइनल मैच के विजेता की चुनौती होगी। खिलाड़ी के तौर पर 1990 में वेस्ट जर्मनी के लिए विश्व कप जीत चुके द. कोरिया के कोच क्लिंसमैन ने इस हार की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि किसी टीम के लिए टूर्नामेंट कैसा होगा इसके लिए कोच जिम्मेदार होता है।

नहीं रहे क्रिकेटर नीरू कपूर खेल जगत में शोक की लहर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश के बेहतरीन स्ट्रोक क्रिकेटर नीरू कपूर (81 वर्षीय) ने बुधवार की सुबह दुनिया को अलविदा कह दिया। उनके निधन की सूचना मिलते ही राजधानी का खेल जगत शोक में डूब गया। विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों और खेल संघों के पदाधिकारियों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया। गुरुवार को उनका अंतिम संस्कार गुलाला घाट पर किया जाएगा। परिजनों के अनुसार वह पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। नीरू कपूर की अस्पताल में मृत्यु हुई। सांस लेने में दिक्कत के कारण उन्हें तीन दिन पहले मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

पूर्व खिलाड़ियों और खेल संघों के पदाधिकारियों ने जताया शोक

बॉलीवुड हलचल

'सारिपोधा सनिवारम' का शेड्यूल पूरा

मुंबई, एजेंसी। नेचुरल स्टार नानी की एक्शन फिल्म 'सारिपोधा सनिवारम' का दूसरा शेड्यूल पूरा हो गया है। यह फिल्म विवेक आत्रेया द्वारा निर्देशित और डीवीवी दानय्या द्वारा डीवीवी एंटरटेनमेंट के तहत निर्मित है। निर्माताओं ने तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की, जिसमें दूसरे शेड्यूल के पूरा होने का खुलासा किया गया। डीवीवी एंटरटेनमेंट ने लिखा कि सारिपोधा सनिवारम ने महत्वपूर्ण दूसरा शेड्यूल पूरा किया। एक सुखद मनोरंजन अनुभव की गारंटी जल्द ही आपके पास आने वाली है। सारिपोधा सनिवारम में एसजे सूर्या और प्रियंका अरुल मोहन भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। फिल्म का संगीत जेक बेजॉय द्वारा तैयार किया गया है, जबकि संपादन कार्तिका श्रीनिवास द्वारा किया गया है। सिनेमैटोग्राफी का प्रबंधन मुरली जी द्वारा किया गया है।

16 फरवरी को रिलीज होगी फिल्म प्यार के बंधन



मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा के सुपर स्टार खेसारीलाल यादव और अभिनेत्री यामिनी सिंह की फिल्म प्यार के बंधन 16 फरवरी को रिलीज होगी। यशी फिल्म्स प्रा. लि. प्रस्तुत फिल्म प्यार के बंधन के निर्माता अभय सिन्हा और निर्देशक अनंजय रघुराज हैं। अभय सिन्हा ने बताया कि यह बेजोड़ फिल्म है। इसको रेणु विजय फिल्म्स एंटरटेनमेंट और निशांत उज्जवल इस फिल्म का वितरण कर रहे हैं। खेसारीलाल यादव ने कहा कि यह फिल्म बंसत ऋतु, के महीना में आ रही है। यामिनी ने कहा कि यह पारिवारिक फिल्म है और इसका निर्माण भव्यता से किया गया है।

श्रीमद रामायण में काम करना अद्भुत अनुभव : सुजय

मुंबई, एजेंसी। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित हो रहे शो श्रीमद् रामायाण में श्रीराम की भूमिका निभा रहे सुजय रेऊ ने कहा है कि श्रीमद् रामायण में काम करना उनके लिए अद्भुत अनुभव रहा है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के दिव्य महाकाव्य 'श्रीमद् रामायण' भगवान श्रीराम के जीवन और शिक्षाओं का वर्णन करती है। भगवान श्रीराम का किरदार निभा रहे सुजय रेऊ ने बताया कि एक एक्टर के रूप में, शाही पोशाक से वनवास की साधारण पोशाक में बदलाव एक गहरा बदलाव रहा है, लेकिन भगवान श्रीराम के गुणों को मूर्त रूप देना निरंतर जारी है, जो सभी स्थितियों में सौम्यता और हौसला बनाए रखते हैं, जो महाकाव्य कथा का केंद्र है। इस शो में काम करना एक बहुत ही अद्भुत अनुभव रहा है, यह न केवल मुझे अपनी कला को विकसित करने में मदद कर रहा है बल्कि इस दिव्य चरित्र की शूटिंग के दौरान मिली सीख के साथ मुझे अपने व्यक्तित्व को आकार देने में भी मदद कर रहा है। माता सीता की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री प्राची बंसल ने कहा कि माता सीता अटूट भक्ति का प्रतीक है, यह साबित करती हैं कि सच्चा प्रेम चुनौतियों से परे है, भगवान श्रीराम और माता सीता का बंधन सभी के लिए एक सच्ची प्रेरणा है कि वे जीवन की परीक्षाओं का सामना करते हुए अपने जीवनसाथी के साथ खड़े रहें। श्रीमद् रामायण, हर सोमवार से शुक्रवार रात 9 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित किया जाता है।

अमेजन प्राइम पर रिलीज होगी करन की वेबसीरीज 'लव स्टोरियां'

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड फिलमकार करण जौहर की वेबसीरीज 'लव स्टोरियां' 14 फरवरी को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। वेब सीरीज 'लव स्टोरियां' में छह एपिसोड होंगे, जिसमें सच्ची प्रेम कहानियां दिखाई जाएंगी। धर्माटिक एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन तले बनी वेब सीरीज 'लव स्टोरियां' वैलेंटाइन-डे पर 14 फरवरी को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम पर रिलीज होगी। अमेजन प्राइम वीडियो ने इंस्टाग्राम अकाउंट से वेब सीरीज 'लव स्टोरियां' का पोस्टर शेयर कर कैप्शन में लिखा है, 'इस वैलेंटाइन हम आपके लिए ऐसी कहानियों को लेकर आए हैं, जो आपको प्यार पर विश्वास करने के लिए मजबूर कर देंगी। ये फेयरीटेल रोमांस के मेकर्स द्वारा बनाई गई हैं।' वेब सीरीज 'लव स्टोरियां' की कहानियों को 6 निर्देशक अक्षय इंडिकर, अर्चना फड़के, कॉलिन डी'कुन्हा, हार्दिक मेहता, शाजिया इकबाल और विवेक सोनी के जरिए दिखाया जाएगा। वहीं, वेब सीरीज 'लव स्टोरियां' को करण जौहर, अपूर्व मेहता और सोमेन मिश्रा धर्माटिक एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के बैनर तले बनाया गया है।

यश कुमार की तीन फिल्मों का हुआ भव्य मुहूर्त

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार यश कुमार की तीन फिल्मों का मुहूर्त संपन्न हो गया। यश कुमार की तीनों फिल्मों का निर्माण उनके होम प्रोडक्शन की कंपनी यश कुमार एंटरटेनमेंट की प्रस्तुति होगी, जिसकी निर्माता निधि मिश्रा हैं। यश कुमार की जिन तीन फिल्मों का मुहूर्त हुआ है, उनमें दिल तो बच्चा है जी, जानवर और इंसान 2 और दामाद जी किराए पर हैं 2 है। यश कुमार ने बताया कि तीनों फिल्में अलग-अलग और बेहतरीन पटकथाओं पर आधारित है। उन्होंने कहा है कि जानवर और इंसान 2 और दामाद जी किराए पर है 2 का पहला भाग बेहद सफल रहा था। तब दर्शकों ने दोनों फिल्मों को खूब सारा प्यार और आशीर्वाद दिया था और फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। इस वक्त हमने इस फिल्म के सीक्वल को बनाने का निर्णय लिया था जिसके लिए अब हम तैयार हैं और यह जल्द ही आपके सामने होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

अमेरिका: राज्य ने माना हिंदू धर्म का हिस्सा नहीं जातीय भेदभाव

वाशिंगटन, एजेंसी

▸▸ अमेरिकी हिंदू संगठन एचएएफ ने बताया बड़ी जीत

कैलिफोर्निया राज्य सरकार के नागरिक अधिकार विभाग ने कहा कि जाति और जाति आधारित भेदभाव हिंदू धर्म का जरूरी हिस्सा नहीं है। इसके साथ ही विभाग ने सिलिकान वैली तकनीकी दिग्गज पर भेदभाव का आरोप लगाने वाली अपनी 2020 की शिकायत में संशोधन किया है।

अमेरिका में हिंदुओं के अधिकारों के लिए काम करने वाले संगठन हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन (एचएएफ) ने शिकायत में संशोधन को बड़ी जीत करार दिया। एचएएफ ने बताया कि कैलिफार्निया नागरिक अधिकार विभाग ने स्वेच्छा से दिसंबर के पहले सप्ताह में सिस्को सिस्टम्स के खिलाफ शिकायत में संशोधन करने के लिए प्रस्ताव दायर किया। शिकायत में सिस्को सिस्टम में

जाति आधारित भेदभाव किए जाने का आरोप लगाया गया था। इसमें कहा गया था कि जाति और जाति आधारित भेदभाव हिंदू धर्म की शिक्षाओं और प्रथाओं का अनिवार्य हिस्सा है। हालांकि अब शिकायत में से गलत व असंवैधानिक बात को हटा लिया गया है और यह भारतवंशियों धार्मिक अधिकारों के रक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम है। हालांकि एचएएफ ने कहा कि नागरिक अधिकार विभाग के बयान के कई हिस्से अभी परेशान करने वाले हैं।

रक्षा-अंतरिक्ष क्षमताओं को बढ़ावा देने को कर रहे काम : सीडीएस

नई दिल्ली। सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने डिफेंस स्पेस इकोसिस्टम के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया है। बुधवार को उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है जब देश को इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर होना चाहिए। वे एसआईए-इंडिया द्वारा आयोजित डेफसैट सम्मेलन और एक्सपो के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। निजी क्षेत्र के अंतरिक्ष उद्यमियों से अपील करते हुए सीडीएस ने कहा कि वे लोग मल्टी-सेंसर उपग्रहों और ग्राउंड स्टेशनों के एक मजबूत नेटवर्क को विकसित करने में भागीदार बने ताकि सशस्त्र बलों की खुफिया और निगरानी क्षमता को बढाया जा सके। आगे बोलते हुए उन्होंने यह भी बताया कि रक्षा अंतरिक्ष क्षेत्र में विकसित और आत्मनिर्भरता हासिल करने की दिशा में सशस्त्र बल लगातार काम कर रहे हैं।

इस साल भारतीयों को अमेरिका के रिकॉर्ड वीसा

भारत और अमेरिकी के बीच बढ़ती मित्रता के चलते अमेरिकी सरकार ने भारतीयों को रिकॉर्ड संख्या में वीसा जारी करने के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं। भारत में कार्यरत अमेरिकी दूतावास ने वित्त वर्ष 2023 में 11 लाख लोगों को अमेरिकी वीसा जारी किया। जबकि इससे पहले, वित्त वर्ष 2022 में 6.34 लाख और 2021 में 2.56 लाख लोगों को ही वीसा जारी किया गया था।

40% आवेदकों को व्यक्तिगत इंटरव्यू से छूट

- भारतीयों को वीसा में देरी के मुद्दे को 2021 के बाद से पीएम नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कई बार उठाया। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन को 2022 में खुद इस मामले में हस्तक्षेप करना पड़ा।
- एक अधिकारी ने बताया कि इसके बाद मंत्रालय में उच्च स्तरीय बैठकों का दौर शुरू हुआ और भारतीयों को वीसा जारी करने में आ रही समस्याओं की पहचान और उन्हें दूर करने की रणनीति तैयार हुई। एडवांस टेक्नोलॉजी और डेटा एनालिटिक्स से वीसा प्रोसेस की इफिशिएंसी बढ़ाई।
- अमेरिकी विदेश मंत्रालय, गृह विभाग, व्हाइट हाउस सभी ने एक साथ मिलकर भारतीयों को वीसा बढ़ाने के लिए तेज रफ्तार से काम किया।
- अमेरिकी विदेश विभाग ने कुशलता से काम करने और क्षमता बढ़ाने के लिए अधिक कर्मचारियों को नियुक्त किया।
- अमेरिकी विदेश मंत्रालय की तरफ से वीसा आवेदन करने वाले कई लोगों के लिए रिमोट इंटरव्यू को मंजूरी दी गई। इसके तहत अमेरिकी विदेश मंत्रालय की तरफ से छात्रों, अस्थायी श्रमिकों और कम जोखिम वाले कई आवेदकों के लिए व्यक्तिगत इंटरव्यू की अनिवार्यता को खत्म कर दिया गया। इसकी जगह रिमोट इंटरव्यू किए गए। 2023 में गैर- आप्रवासी वीसा प्राप्त करने वाले 40% लोगों को व्यक्तिगत साक्षात्कार की जरुरत नहीं पड़ी, जिससे उनके स्लॉट उन लोगों के लिए स्लॉट खुल गए, जिन्हें इसकी ज्यादा आवश्यकता थी।

अफगानिस्तान: गाना सुनना भी गुनाह, 10 को किया गिरफ्तार

काबुल। अफगानिस्तान में तालिबान ने अपने शासन के बाद आम लोगों पर प्रतिबंध थोपना जारी रखा है। तालिबान ने कई तरह के प्रतिबंध लगाए हैं और हाल ही में गाने सुनने पर लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

तखर प्रांत के सूत्रों ने बताया कि अफगानिस्तान के येंगी काला जिले में गाने सुनने और संगीत वाद्ययंत्र बजाने के लिए कम से कम 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि तालिबान ने पिछले दो साल से अफगानिस्तान के लोगों पर प्रतिबंध लगाना जारी रखा है। सूत्रों ने बताया कि लोग अपने घरों में भी सुरक्षित नहीं है। बताया गया कि तालिबान के लड़ाकों ने सोमवार को येंगी कला जिले के सफी मंगल गांव में एक घर पर छापा मारा और कम से कम 10 लोगों को हिरासत में लिया है।

एक नजर

ब्रिटेन: भारतीय मूल की राजनीतिज्ञ श्रीला फ्लेदर का निधन

लंदन। भारतीय मूल की शिक्षिका एवं राजनीतिज्ञ श्रीला फ्लेदर का 89 वर्ष की उम्र में मंगलवार को ब्रिटेन में निधन हो गया। श्रीला शिक्षिका एवं राजनीतिज्ञ होने के साथ ही हाउस ऑफ लॉर्ड्स में अपनी खूबसूरत साड़ियों के लिए जानी जाती थीं और वह विंडसर की बैरोनेस फ्लेदर तथा बर्कशायर की मेडेनहेड के रूप में एक लाइफ पीयर थीं। लाइफ पीयर वह पदवी होती है जो किसी अन्य स्थानांतरित नहीं की जा सकती। उन्होंने विश्व युद्ध के दौरान लगभग 50 लाख राष्ट्रमंडल सैनिकों द्वारा युद्ध में दी गई सेवा के लिए श्रद्धांजलि स्वरूप लंदन के हाइड पार्क कॉर्नर में मोरियल गेट्स के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

दक्षिणी फिलीपींस में भूस्खलन, 6 लोगों की मौत, 46 अन्य लापता

मनीला। दक्षिणी फिलीपींस में सोने की खदान वाले एक गांव में भूस्खलन होने से कम से कम 6 लोगों की मौत हो गई जबकि 46 अन्य लापता हो गए। अधिकारियों के मुताबिक लापता होने वाले लोगों में सोने की खदान में काम करने वाले मजदूर भी शामिल हैं। सेना के जवानों, पुलिस और स्वयंसेवकों ने संयुक्त रूप से मिलकर मंगलवार रात डवाओ डी ओरो प्रांत के सुदूर शहर मैको के पहाड़ी गांव मसारा में भूस्खलन की चपेट में आने से घायल हुए 31 ग्रामीणों को वहां से निकाला। उन्होंने बताया कि राहत कार्य जारी है।

सीरिया में इजराइल ने किया मिसाइलों से हमला, 7 लोगों की मौत, 13 घायल

दमिश्क। सीरिया में होम्स प्रांत के मध्य इलाकों में इजराइल ने मिसाइलों से हमला किया है। हमले में सात लोगों की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हैं। होम्स में स्वास्थ्य निदेशक डॉ. मुस्लिम अल-अतासी ने स्थानीय मीडिया को बताया कि होम्स शहर में आवासीय इमारत पर हमला किया गया है। जिसमें मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। सीरियाई रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को कहा था कि उत्तरी लेबनानी क्षेत्र त्रिपोली से होम्स शहर और उसके आसपास के विभिन्न स्थलों को निशाना बनाकर मिसाइल हमला किया।

पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने जर्मनी में कपड़ों के कचरे का बनाया पहाड़

बर्लिन। जर्मनी में बर्लिन फैशन वीक के पहले ही दिन विरोध में ग्रीनपीस कार्यकर्ताओं ने बैंडेनबर्ग गेट के बाहर कपड़ों के कचरे का पहाड़ खड़ा कर दिया। ये कपड़े अफ्रीकी देश घाना के अकरा के बाजार से लाए गए थे। यूरोप और अमेरिका अपने कपड़े अफ्रीका में डंप कर देते हैं।

पड़ोसी देश में मतदान आज, 5 हजार प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला मतपेटियों में होगा बंद

...तो पाक में चुनाव से होगा सत्ता परिवर्तन

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान में आम चुनाव के लिए आज मतदान होगा। चुनावी सरगर्मियों का आज अंतिम दिन है। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ, बिलावल भुट्टो जरदारी की पार्टी समेत कई पार्टियां चुनावी मैदान में हैं। वहीं मुख्य विपक्षी पार्टी पीटीआई इस बार के दूर-दूर तक दिखाई नहीं दी। पाकिस्तान के 76 सालों के इतिहास में सबसे घातक और अविश्वशनीय चुनाव माना जा रहा है।

लेकिन पूरी दुनिया को मालूम है कि रिजल्ट क्या आएगा? पाक में नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएलएन के नेतृत्व वाली हाइब्रिड सरकार बनने के आसार हैं। हाइब्रिड इसलिए क्योंकि पहले सरकारें सत्ता में आने के बाद सेना से समझौता करती थीं, लेकिन इस बार चुनाव से पहले की सेना और राजनीतिक दलों का गठजोड़ हो गया है। सरकार किसी की भी बने, लेकिन नियंत्रण सेना के पास ही रहेगा। शाहबाज शरीफ ने स्पेशल इंवेस्टमेंट फैसिलिटेशन काउंसिल (एसआईएफसी) बनाई थी, तब जनरल असीम मुनीर का तर्क यह था कि हमारे मित्र मुस्लिम राष्ट्र केवल सैन्य नेतृत्व वाली व्यवस्था के माध्यम से पाकिस्ताान में निवेश करने के इच्छुक हैं।

6 लाख से ज्यादा सुरक्षाकर्मी रहेंगे तैनात

पाकिस्तान में लगभग 6 लाख से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। रेडियो पाकिस्तान ने बताया कि मतदाताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगभग 6 लाख से अधिक सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। इनमें पुलिस, नागरिक सशस्त्र बल और सशस्त्र बल के जवान शामिल हैं। त्रिस्तरीय व्यवस्था के तहत सशस्त्र बल के जवान मतदान केंद्रों के बाहर ड्यूटी करेंगे। मतदान गुरुवार सुबह आठ बजे शुरू होगा और शाम पांच बजे तक बिना किसी अंतराल के जारी रहेगा। पारदर्शी मतपेटियों और अन्य प्रासंगिक चुनाव सामग्री को अंदर डालने से पहले मतपेटियों, मतपत्रों और मतपत्रों पर मुहर लगने पर उनकी गोपनीयता बनाए रखने के लिए विशेष स्क्रीनों के परिवहन की प्रक्रिया देश भर में जिला और उप-जिला स्तरों पर सुचारू रूप से चल रही थी।

तीन बड़े राजनैतिक किरदारों के समीकरण

बहुमत मिला तो नवाज पीएम, वर्ना शाहबाज : नेशनल असेंबली में पीएमएलएन को बहुमत मिला तो नवाज चौथी बार पीएम बनने का मौका नहीं जाने देंगे। गठबंधन करना पड़ा तो शाहबाज पीएम संभव हैं।

जरदारी का जोड़-तोड़ में कोई मुकाबला नहीं : जोड़-तोड़ में आसिफ अली जरदारी का मुकाबला नहीं। पीटीआई के सभी प्रत्याशी निर्दलीय लड़ रहे हैं। इसी दम पर पीपीपी को सरकार बनाने की उम्मीद है।

इमरान जेल में लेकिन प्रचार में ताकत झोंकी : पीटीआई के नेताओं को भले ही रैली करने का मौका नहीं मिला हो। इमरान खान सोशल मीडिया और रिकॉर्डेड टेलीफोन मैसेज के जरिए प्रचार कर रहे हैं।

24.15 करोड़ आबादी के साथ दुनिया का 5वां सबसे ज्यादा आबादी वाला देश है पाकिस्तान

5,121 प्रत्याशी नेशनल असेंबली के चुनाव में

8 फरवरी को वोटिंग 12.8 करोड़ मतदाता 266 सांसद बनेंगे

4,806 पुरुष 312 महिला 2 ट्रांसजेंडर उम्मीदवार होंगे शामिल

167 रजिस्टर्ड राजनीतिक दल

90,582 पोलिंग स्टेशन पूरे देश में

किस धर्म के कितने वोटर

96.28%	मुस्लिम
1.59%	ईसाई
1.6%	हिन्दू
0.58%	अन्य

बलूचिस्तान में चुनाव से एक दिन पहले दो धमाके, 40 की मौत

पशिन में बम विस्फोट के बाद घटनास्थल पर मौजूद लोग।

क्वेटा, एजेंसी

पाकिस्तान में बुधवार को आम चुनाव से पहले बलूचिस्तान प्रांत में चुनाव कार्यालयों को निशाना बनाकर दो अलग-अलग जगह बम विस्फोट हुए हैं।

हमले में 40 लोग मारे गए और 30 अन्य घायल हो गए। पहली घटना में, पिशिन जिले में निर्दलीय उम्मीदवार असफंदयार खान काकड़ के कार्यालय के बाहर एक भीषण विस्फोट में 20 लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हो गए। एक घंटे से भी कम समय के बाद, किला अब्दुल्ला क्षेत्र में जमीयत उलेमा इस्लाम (जेयूआई) के चुनाव कार्यालय के बाहर एक और बम विस्फोट हुआ, जिसमें 10 लोगों की जान चली गई और 22 अन्य घायल हो गए। दोनों विस्फोटों की जिम्मेदारी किसी समूह या व्यक्ति ने नहीं ली है।

पांगुर में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अब्दुल्ला जेहरी ने कहा, निर्दलीय उम्मीदवार असफंदयार खान काकड़ के कार्यालय के बाहर भीषण बम विस्फोट हुआ। इस घटना में कम से कम 27 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि बम उम्मीदवार के चुनाव कार्यालय के बाहर एक बैग में रखा गया था जिसमें टाइमर लगा था। पाकिस्तान में आठ फरवरी को आम चुनाव होना है और इससे पहले बलूचिस्तान में हिंसा चरम पर है।

जबरन वसूली मामले में गिरफ्तार आरोपियों से मिले 200 से ज्यादा दस्तावेज, जांच में जुटी ईडी

मुंबई, एजेंसी। मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने बुधवार को कहा कि उसे जबरन वसूली के लिए गिरफ्तार किए गए लोगों से 200 से ज्यादा दस्तावेज और कागजात मिले हैं। इन दस्तावेजों की जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कर रहा है। आरोपी कथित तौर पर एक रियल एस्टेट डेवलपर से 164 करोड़ रुपये वसूलने की कोशिश कर रहे थे।

पुलिस ने पहले बताया था कि जबरन वसूली के मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों रियल एस्टेट डेवलपर को चेतावनी दी थी कि ईडी उनके खिलाफ कार्रवाई करेगी। उन्होंने रियल एस्टेट डेवलपर को जान से मारने की धमकी भी दी थी। एक अधिकारी ने बताया कि अपराध शाखा ने जांच के दौरान आरोपियों से विभिन्न मामलों से जुड़े 200 से ज्यादा दस्तावेज और कागजात को जब्त किया है। जिनकी जांच ईडी कर रही है। उन्होंने बताया कि आरोपियों से पूछताछ के दौरान यह जानकारी सामने आई। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार लोगों के पास से मिले दस्तावेजों में महादेव सट्टेबाजी एप मामले से जुड़े कागजात भी शामिल हैं। इस मामले में तीस से ज्यादा को लोगों को आरोपी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि बांद्रा पुलिस में पिछले महीने भारतीय दंड संहिता की धारा के तहत मामला दर्ज किया गया था। मुंबई अपराध शाखा इस मामले की जांच कर रही है।

ईडी टीम पर हमले की जांच मामले में एकल पीठ के आदेश पर लगाई रोक

कोलकाता। कलकत्ता हाई कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में पिछले माह ईडी के अधिकारियों पर हुये हमले की जांच के लिए सीबीआई और राज्य पुलिस के संयुक्त विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने के एकल पीठ के आदेश पर बुधवार को रोक लगा दी।

मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने ईडी की अपील पर यह आदेश दिया। ईडी ने अपनी याचिका में मामले की जांच केवल सीबीआई से कराने की अपील की थी।

कथित राशन वितरण घोटाला मामले में पांच जनवरी को ईडी अधिकारियों की एक टीम जब संदेशखाली में तृणमूल नेता शाहजहां शेख के आवास की तलाशी लेने गई थी उसी दौरान भीड़ ने उन पर हमला कर दिया था, जिसमें एजेंसी के तीन अधिकारी घायल हो गए थे।

अदन में एक ही दिन में दो पोतों पर हूती विद्रोहियों का हमला, अमेरिका से भारत आ रहा था एक जहाज

नई दिल्ली, एजेंसी। हूती विद्रोहियों ने एक ही दिन में दो जहाजों पर ड्रोन से हमले किए। हमले की जानकारी देते हुए ब्रिटिश सेना के मैरिटाइम ट्रेड ऑपरेशन (यूकेएमटीओ) ने बताया कि हमास-इजराइल के युद्ध के बाद हमास के समर्थन में जहाजों को निशाना बनाने के ईरान समर्थित लड़ाकों के अभियान में यह नवीनतम हमला है। यूकेएमटीओ ने बताया कि मंगलवार को यमन के दक्षिणी बंदरगाह शहर अदन के पास जहाज पर हमला हुआ। सुरक्षा फर्म एंब्रे ने इसकी पहचान मार्शल आइलैंड्स के ध्वज और ग्रीक स्वामित्व वाले जहाज के रूप में की है, जो अमेरिका से भारत की ओर आ रहा है।

एंब्रे के मुताबिक जहाज के स्टारबोर्ड की ओर से 50 मीटर दूर जोरदार विस्फोट हुआ था। हालांकि, इससे न तो जहाज के ढांचे को क्षति पहुंची है और न कोई हताहत हुआ है। हमले के बाद हूती विद्रोहियों के एक सैन्य प्रवक्ता, ब्रिगेडियर जनरल याह्या सारी ने दावा किया कि विद्रोही बलों ने लाल सागर में दो जहाजों पर हमला किया, जिनमें से एक अमेरिकी और एक ब्रिटिश था। हालांकि, हूतियों ने भारत आ रहे जहाज पर हुए हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। अदन में हमले के बारे में एंब्रे ने बताया कि दूसरा हमला ब्रिटिश कंपनी मॉर्निंग टाइड के मालवाहक जहाज पर किया गया जिस पर बारबाडोस का ध्वज लगा है।

यूएई में मंदिर...

अबू धाबी : बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था के आध्यात्मिक गुरु महंत स्वामी महाराज संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में पहले हिंदू मंदिर के भव्य उद्घाटन के लिए अबू धाबी पहुंच गए हैं। आध्यात्मिक नेता खाड़ी देश में पहले हिंदू मंदिर के ऐतिहासिक उद्घाटन की अध्यक्षता करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 फरवरी को मंदिर का उद्घाटन करेंगे। मोदी अबू धाबी के भव्य शेख जायद स्पोर्ट्स स्टेडियम में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करने के लिए भी तैयार हैं। 'अहलान मोदी' मतलब 'हैलो मोदी' वाले इस कार्यक्रम में 50 हजार से अधिक लोगों की उपस्थिति होने की संभावना है। ● एजेंसी

चिंताजनक — यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्ट ऑस्ट्रेलिया ओसियंस इंस्टीट्यूट ने जारी की ताजा रिपोर्ट

कुछ सालों में वैश्विक तापमान में 2° बढ़ोतरी के आसार

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : तमाम कोशिश के बावजूद ग्लोबल वार्मिंग कम होने के बजाय बढ़ती जा रही है। अब ताजा रिपोर्ट में बताया है कि अगले कुछ वर्षों में वैश्विक ताप औसत दो डिग्री सेल्सियस पहुंच जाएगा।

गौरतलब है कि जिस ताप को 1.5 पहुचने में तीन सौ साल लग गए, अब अगले कुछ ही सालों में 0.5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि की ओर अग्रसर है। यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्ट ऑस्ट्रेलिया ओसियंस इंस्टीट्यूट में कोरल-रीफ जियोकेमिस्ट मैल्कम मैककुलोच ने रिपोर्ट जारी कर कहा है कि समुद्र के तापमान मापन की नई तकनीक आने से पहले की तुलना में अधिक विश्वसनीय आंकड़े मिलने लगे हैं। संभव है कि पूर्व में तापमान लगभग आधा डिग्री कम आंका गया हो।

वैश्विक तापमान पर अंकुश के लिए प्रयास जरूरी

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ वायुमंडलीय वैज्ञानिक डा नरेंद्र सिंह का कहना है कि इसमें दोराय नही कि वैश्विक ताप में वृद्धि हो रही। जिसकी रोकथाम के लिए प्रयास किये जाते रहे हैं। मगर सामूहिक प्रयास से ही इस पर अंकुश लगाया जा सकता है।

गौरतलब है कि, नई तकनीक के अनुसार पृथ्वी में पहले ही 1.5 डिग्री सेल्सियस तापमान पार कर चुका है, जो वर्तमान तरीकों की तुलना में समय में बहुत पीछे चला जाता है। 2015 के पेरिस जलवायु समझौते में सभी देशों ने 1.5 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी को जलकयु परिवर्तन का कारण माना था और इसकी रोकथाम के लिए सहमत हुए थे।

बता दें कि, ताज़ा आंकड़े कुछ और कहानी बयां कर रहे हैं। सबसे पहले 1850 से 1900 के बीच समुद्र सतह का तापमान का रिकॉर्ड उपलब्ध हुआ था। तभी से वैश्विक ताप में बढ़ोतरी के संकेत मिल गए थे। नई तकनीक में 33 से 91 मीटर समुद्र की गहराई का अध्ययन किया गया । इस हिस्से को महासागर मिश्रित परत कहा जाता है।

ध्यान देने वाली बात यह है कि समुद्र की सतह का तापमान शीर्ष पर अत्यधिक परिवर्तनशील हो सकता है। मगर 33 से 91 मीटर की परत मिश्रित परत सही आंकड़ा प्रदान करती है। इस आधार पर वैष्विक ताप का आंकलन ताप का नया आंकलन किया गया है। नेचर क्लाइमेट चेंज टुडे में यह शोध प्रकशित हुआ है।

अमेरिका में एक और भारतीय छात्र की मौत दूसरे को किया जख्मी

न्यूयॉर्क। अमेरिका में भारतीय छात्रों को निशाना बनाने की घटनाएं बढ़ गई हैं। इंडियाना राज्य के पर्ड्यू विश्वविद्यालय में भारतीय छात्र मृत पाया गया। वहीं, एक अन्य भारतीय छात्र पर शिकागो में हमला कर जख्मी कर दिया है। रविवार के बाद से देश में इस तरह की छह घटनाएं सामने आ चुकीं हैं। मीडिया मुताबिक, तेईस वर्षीय समीर कामथ मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डॉक्टरेट के अभ्यर्थी थे। वह सोमवार को वॉरेन काउंटी में मृत पाए गए। इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख एकहार्ड ग्रोल ने मंगलवार को समीर की मौत की पुष्टि की। एजेंसी ने कहा कि समीर का शव का जंगल में मिला। एक अन्य घटना में, भारतीय आईटी छात्र सैयद मजाहिर पर रविवार को शिकागो में हमला किया गया। अज्ञात लोगों ने उनका पीछा किया और बेरहमी से हमला किया। दोनों घटनाओं में पुलिस जांच में जुटी है।

बाड़ेबंदी से एक समूह खुश, नगा-कुकी नाखुश

इंफाल, एजेंसी

▸▸ भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ेबंदी को लेकर नगा-कुकी संगठन ने किया विरोध

भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ेबंदी करने के केंद्र के फैसले का इंफाल घाटी स्थित मैतई संगठनों ने स्वागत किया है। वहीं दूसरी ओर, मणिपुर में नगा और कुकी निकायों ने इसको लेकर विरोध दर्ज कराया है। गौरतलब है कि मंगलवार को सोशल मीडिया पोस्ट पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि केंद्र सरकार अभेद्य सीमाएं बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने पूरी 1643 किलोमीटर की लंबी भारत-म्यांमार सीमा पर फेंसिंग करने का फैसला किया है। इसके साथ ही बेहतर निगरानी सुविधा, सीमा पर एक गश्ती ट्रैंक बनाने भी बनाया जाएगा। इस बाड़ेबंदी का उद्देश्य म्यांमार से हो रही घुसपैठ को रोकना है।

घाटी स्थित नागरिक निकायों की एक संयुक्त संस्था, समन्वय समिति ने भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने के फैसले का स्वागत किया, लेकिन आगाह किया कि इस प्रक्रिया के दौरान राज्य के किसी भी भूमि क्षेत्र से समझौता नहीं किया जाना चाहिए।



16 सौ 43 किमी मिजोरम मणिपुर, नागालैंड और अरुणाचल प्रदेश तक लगती है सीमा

समिति के सहायक मीडिया समन्वयक एम धनंजय ने कहा कि अगर यह 30 साल पहले किया गया होता, तो हमें वह हिंसा नहीं देखने को मिलती, जो हम आज देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि बड़े पैमाने पर नशीली दवाओं की तस्करी होती है, जिससे युवाओं को खतरा है। एम धनंजय ने कहा कि देश की सीमा को फेंसिंग के जरिए बंद किया जाना चाहिए। हम इस फैसले का स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि इस काम को इस तरह से किया जाना चाहिए, कि हमारे भूमि क्षेत्र न छूटे। इंफाल घाटी स्थित मैतेई समूहों की लागातर मांग रही है कि म्यांमार से सटी सीमा को बाड़ लगाकर बंद किया जाए। मैतेई समूहों का यह भी आरोप है कि बिना बाड़ वाली अंतर्रास्ट्रीय सीमा का फायदा उठाकर भारत में नशीले पदार्थों की तस्करी की जा रही है।

बता दें, भारत-म्यांमार सीमा के पास रहने वाले लोगों को बिना वीजा के एक-दूसरे के क्षेत्रों में 16 किलोमीटर आने-जाने की अनुमति देती है।